राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
Www.vishalindia.in



# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!
गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 14
अंक : 354
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
रविवार 16 नवंबर 2025
मूल्य :2 /-
RNI No .UPHIN/2014/55236

मुख्य अपडेट
पेज 3 जनपद की तीनो तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस हुआ सम्पन्न
पेज 4 जिलाधिकारी ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान का किया
पेज 6 केएल राहुल ने टेस्ट करियर में पूरे किए 4,000 रन

## संक्षिप्त खबरें

### दिल्ली के पंजाबी बाग में प्रेमी ने गर्लफ्रेंड की गोली मारकर हत्या की, खुद को भी गोली मारी

**नई दिल्ली।** पश्चिमी दिल्ली के पंजाबी बाग स्थित अपने घर में शनिवार को एक 24 साल महिला की उसके प्रेमी ने गोली मारकर हत्या कर दी। इसके बाद खुद भी गोली मार ली। पुलिस अधिकारी ने बताया कि पुलिस को दोपहर के आसपास पंजाबी बाग के ओल्ड स्लम क्वार्टर स्थित एक घर में दो लोगों के घायल स्थिति में पड़े होने की सूचना मिली। पुलिस ने बताया कि घर के अंदर मुस्कान नाम की एक महिला की लाश पलंग पर पड़ी थी, उसके सिर में गोली लगी थी। दूसरे कमरे में नीरज (25) युवक मिला उसके सीने में गोली लगी हुई थी। उसे तुरंत पास के अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है।

### जोधपुर में 17 दिन के बच्चे की हत्या

**जोधपुर।** जोधपुर में 17 दिन के मासूम की नृशंस हत्या का मामला सामने आया है। नवजात की 4 मौसियों पर बच्चे के मर्डर का आरोप है। चारों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। बच्चे के पिता का आरोप है कि मासूम के पहले हाथ-पैर तोड़े फिर गला दबाकर हत्या कर दी। उसके बाल भी नोच डाले। पुलिस मर्डर की जांच जादू-टोने के एंगल से भी कर रही है। मामला नेहरू नगर कॉलोनी का है। एयरपोर्ट एसएचओ रामकृष्ण ने बताया कि उन्हें हत्या की सूचना शनिवार सुबह करीब साढ़े पांच बजे मिली थी।



## हैप्पी मॉर्निंग

लड़का अपनी गर्लफ्रेंड की याद में
उदास बैठा
पानी में पत्थर मार रहा था
तभी एक मेढ़क पानी में से निकल कर
बोला-
पानी में आ, तेरी उदासी उतारता हूं
अपनी वाली के चक्कर में मेरी
वाली का सिर फोड़
दिया......



## शायरी


जिसने मासूमों का लहू बहाया,
किस खुदा से मिलेगा उसे साया?
नफ़रत की खेती जो बोई उसने,
वो काटेगा बस दर्द का साया

## अर्थसार

सेंसेक्स:
84,562.78
+84.11 (0.100%)
निफ्टी:
25,910.05
+30.90



## मौसम



अधिकतम : 26 डिग्री से0
न्यूनतम : 11 डिग्री से0
सूयोदय सोमवार : 6 : 50
सूर्यास्त रविवार : 5 : 32

# फरीदाबाद से जब्त विस्फोटक से श्रीनगर थाने में धमाका, 9 लोगों की मौत, 32 घायल

**सैम्पल लेते समय अमोनियम नाइट्रेट में ब्लास्ट हुआ**

एजेंसी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में नौगाम पुलिस स्टेशन में शुक्रवार रात करीब 11: 22 बजे बड़ा धमाका हुआ। 9 लोगों की मौत हो गई है, 32 लोग घायल हैं। इनका 92 आर्मी बेस और SKIMS सौरा हॉस्पिटल में इलाज जारी है।

अधिकारियों के मुताबिक, ब्लास्ट उस समय हुआ जब पुलिस व्हाइट कॉलर आतंकी मॉड्यूल मामले में जब्त विस्फोटक के सैंपल ले रही थी। हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि क्या पुलिस स्टेशन में पूरा 360 किलो विस्फोटक रखा गया था या फिर कुछ हिस्सा ही लाया गया था।

जम्मू-कश्मीर के डीजीपी नलिन प्रभात ने कहा कि, यह एक हादसा था।

सैंपलिंग के वक्त ब्लास्ट हुआ। मारे गए 9 लोगों में से एक इंस्पेक्टर, 3 फॉरेंसिक टीम मेंबर, 2 क्राइम ब्रांच फोटोग्रॉफर, 2 राजस्व अधिकारी और एक दर्जी शामिल है।

दरअसल यह विस्फोटक हरियाणा के फरीदाबाद से गिरफ्तार डॉ. मुजम्मिल गनई के किराए के घर से जब्त किया गया था। गनई को दिल्ली ब्लास्ट केस में पहले ही अरेस्ट किया जा चुका है।

10 नवंबर को दिल्ली में लाल किला के पास कार ब्लास्ट में 13 लोगों की मौत हो गई थी।





# उत्तर और मध्य भारत के राज्यों के तापमान में गिरावट

- राजस्थान के 10 शहरों में सीजन का सबसे कम तापमान
- फतेहपुर में 5 डिग्री तक पहुंचा; एमपी में शीतलहर, शहडोल 7.2 डिग्री के साथ सबसे ठंडा



**नई दिल्ली/ भोपाल/ लखनऊ।** हिमालय से आ रही बर्फीली हवाओं से उत्तर और मध्य भारत के राज्यों के तापमान में गिरावट आई है। राजस्थान में इस सीजन में पहली बार तापमान 5 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। सीकर, अलवर, फतेहपुर (सीकर) समेत 10 से ज्यादा शहर ऐसे रहे, जहां इस सीजन का सबसे कम तापमान दर्ज हुआ।

मध्य प्रदेश में लगातार शीतलहर चल रही है। खासकर भोपाल, इंदौर, उज्जैन, सागर, ग्वालियर और जबलपुर संभाग के शहरों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री के नीचे है। इससे पहले गुरुवार-शुक्रवार की रात शहडोल सबसे ठंडा रहा। यहां पहली बार पारा 7.2 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। 8 डिग्री के साथ शिवपुरी दूसरा सबसे ठंडा शहर रिकॉर्ड किया गया।

दिल्ली में बुधवार को हवा की गुणवत्ता थोड़ी सुधरी, लेकिन प्रदूषण का असर लोगों पर बना हुआ है। 14 नवंबर की सुबह 6:15 बजे सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के आंकड़ों के मुताबिक राजधानी का औसत एक्यूइआई 386 रिकॉर्ड हुआ, जो मंगलवार के 404 के मुकाबले थोड़ा बेहतर है। हालांकि यह सुधार 'सीवियर' से 'वेरी पुअर' श्रेणी में ही रहा।

### उत्तराखंड के पहाड़ी जिलों में पाला गिरा

उत्तराखंड के पहाड़ी जिलों में पाला पड़ने से लोगों की दिक्कत बढ़ रही है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार आने वाले कई दिनों तक मौसम ऐसा ही बना रहेगा। पर्वतीय क्षेत्रों में कड़ाके की ठंड पड़ने लगी है। ऊंचाई वाले क्षेत्रों में तापमान 5 डिग्री सेल्सियस से नीचे पहुंच गया है।

### यूपी के 5 जिलों में पारा 10 के नीचे

यूपी में इन दिनों ठंडी पछुआ हवाओं के कारण तापमान में तेजी से गिरावट आई है। राज्य के विभिन्न हिस्सों में ठंडी का प्रभाव तेज हो गया है, जिससे सर्दी का असर और बढ़ गया है। शुक्रवार को प्रदेश के प्रमुख शहरों में सबसे ठंडा कानपुर रहा, जहां न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# मुजफ्फरपुर में एक ही परिवार के 5 लोगों की मौत

**5 झुलसे, देर रात लगी आग; सभी सोए थे, संभलने का मौका तक नहीं मिला**

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर में जलने से एक ही परिवार के 5 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में पति-पत्नी, उनके 2 बच्चे और मां शामिल हैं।

हादसे में तीन महिला समेत 5 लोग झुलस गए हैं, जिनमें 4 की हालत गंभीर बताई जा रही है। चारों को इलाज के लिए SKMCH भेजा गया है। डॉक्टर के मुताबिक घायल भी 98 फीसदी जल चुके हैं।

वहीं एक युवक मामूली रूप से झुलसा है, जिसका इलाज मोतीपुर पीएचसी में चल रहा है।

घटना मोतीपुर के वार्ड नंबर-13 में शुक्रवार देर रात एक घर में आग लग गई। घर के अंदर सो रहा परिवार आग की चपेट में आ गया।

डीएसपी सुचित्रा कुमारी ने कहा, थर्ड फ्लोर पर आग लगी थी। पांच सदस्यों की मौत हुई है। कुल 5 घायल हुए हैं। हादसे की जांच की जा रही है।

लोगों ने शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका है। देर रात घटना हुई, तब सभी सो रहे थे। उन्हें संभलने का मौका तक नहीं मिला।

मोतीपुर नगर परिषद के सभापति कुमार राघवेंद्र राघव ने बताया, ललन साह के घर आग लगी है। ललन साह, उनकी मां, पत्नी और 2 बच्चों की मौत हुई है। परिवार के सदस्य झुलसे भी हैं।

शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका है। सिलेंडर ब्लास्ट नहीं हुआ है। एफएसएल टीम को बुलाया गया है। जांच की जा रही है।

**मृतकों में पति-पत्नी, मां, उनके दो बच्चे**

ललन कुमार साह(35)
पूजा कुमारी, पत्नी(30)
सृष्टि, बेटी- 7
गोली, बेटा- 2
सुशीला देवी, ललन की मां(65)

**घायलों में-**

लाल बाबू प्रसाद(60), ललन साह के मामा
पुष्पा देवी (50), लाल बाबू की पत्नी
साक्षी(14), लाल बाबू की बेटी
माला देवी(40), रिश्तेदार
अर्जुन कुमार(30),

### तेलंगाना में माओवादी संगठन को बड़ा झड़का, सचिव और तकनीकी चीफ समेत 8 ने किया सरेंडर

**नई दिल्ली।** तेलंगाना माओवादी संगठन को एक और बड़ा झटका लगा है। राज्य की स्टेट कमेटी के दो शीर्ष नेताओं सहित कुल आठ माओवादियों ने वारंगल पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। हालांकि, पुलिस की ओर से अभी आधिकारिक पुष्टि का इंतजार है, लेकिन सूत्रों के अनुसार ये सभी माओवादी दो दिन पहले ही गुपचुप तरीके से समर्पण कर चुके थे। सोमवार को इसकी आधिकारिक घोषणा होने की संभावना है। आत्मसमर्पण करने वालों में सबसे प्रमुख नाम कोय्यादी संबय्या उर्फ आजाद का है। आजाद बीकेएसआर डिवीजन कमेटी के सचिव रह चुके हैं और दशकों तक माओवादी संगठन में रणनीतिक भूमिका निभाई है। आजाद की संगठन में प्रभाव और पकड़ बेहद मजबूत मानी जाती थी। इसके अलावा, अब्बास नारायण उर्फ रमेश, जो माओवादी तकनीकी टीम के प्रभारी थे, ने भी आत्मसमर्पण किया। रमेश लंबे समय से रामागुंडम क्षेत्र में सक्रिय थे।

**पीपल फॉर एनिमल्स**




तेलंगाना के हैदराबाद में आवारा कुत्तों के समर्थन में प्रदर्शन के दौरान पालतू जानवरों से प्यार करने वाले और पीपल फॉर एनिमल्स (पीएफए) अभया के सदस्य नारे लगाते हुए।

# बिहार में हार के बाद खड़गे के घर बैठक, राहुल गांधी भी मौजूद रहे

**कांग्रेस बोली- चुनाव में गड़बड़ी हुई, 2 हफ्तों में सबूत देंगे**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** बिहार चुनाव में करारी हार के बाद कांग्रेस ने शनिवार को दिल्ली में पहली समीक्षा बैठक बुलाई। यह बैठक पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आवास पर हुई, जिसमें राहुल गांधी, केसी वेणुगोपाल और अजय माकन मौजूद रहे।

बैठक में नेताओं ने चुनाव नतीजों की समीक्षा की, संगठन की कमियों पर चर्चा की और आगे की रणनीति को लेकर सुझाव दिए। सूत्रों के मुताबिक, पार्टी अब समझने की कोशिश कर रही है कि बिहार में इतनी बड़ी हार क्यों हुई।



बैठक के बाद कांग्रेस नेताओं ने भाजपा पर चुनाव में गड़बड़ी करने का आरोप लगाया है। कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने कहा कि पार्टी गड़बडियों के सबूत इकट्ठा कर रही है। 2 हफ्तों में देश के सामने रखेंगे।

दरअसल कांग्रेस ने इस चुनाव में 60 सीटों पर उम्मीदवार उतारे, लेकिन सिर्फ 6 सीटें जीत पाई। पार्टी का वोट शेयर 8.71 प्रतिशत रह गया, जबकि 2020 में 70 सीटों पर चुनाव लड़ते हुए 19 सीटें जीती थीं और 9.6 प्रतिशत वोट मिले थे।

### माकन बोले- कई जगह गड़बड़ियां हुई

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मुलाकात के बाद पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने बिहार चुनाव नतीजों पर गंभीर सवाल उठाए हैं। अजय माकन ने भी कहा, चुनाव प्रक्रिया पर शुरू से ही सवाल हैं, इसलिए ऐसे नतीजे चौंकाने वाले हैं। कांग्रेस को 1984 में भी ऐसा स्ट्राइक रेट नहीं मिला था, जैसा इस बार बीजेपी को मिला है। कुछ तो गड़बड़ है। हमारे कार्यकर्ता लगातार बता रहे हैं कि कई जगह गड़बड़ियां हुई हैं।

# लालू की बेटी रोहिणी का ऐलान : राजनीति छोड़ रही और परिवार से भी नाता तोड़ रही

बिहार का चुनाव इस बार लालू परिवार को बड़ा घाव देकर गया है। पहले तो चुनाव में सीटों की संख्या घटी और सियासी साख दांव पर लग गई। अब परिवार भी बिखरता नजर आ रहा है। बिहार विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के 24 घंटे भी नहीं बीते हैं कि लालू यादव की बेटी रोहिणी ने राजनीति और परिवार दोनों छोड़ने का ऐलान कर दिया। बता दें कि रोहिणी ने ही अपने पिता को किडनी दी थी। एक्स पर लिखी पोस्ट में रोहिणी आचार्य ने यह ऐलान किया। बता दें कि बिहार चुनाव से कुछ वक्त पहले ही



लालू यादव ने अपने बड़े बेटे तेज प्रताप यादव को पार्टी और परिवार दोनों से बेदखल कर दिया था।

### पोस्ट में क्या लगाए आरोप

रोहिणी ने अपनी इस पोस्ट में संजय यादव पर गंभीर आरोप लगाए हैं। रोहिणी ने लिखा है कि संजय यादव और रमीज ने उन्हें ऐसा करने के लिए कहा है। उन्होंने लिखा कि मैं सारे आरोप अपने ऊपर लेती हूं। हैरानी की बात यह है कि रोहिणी ने पहले केवल राजनीति छोड़ने की बात लिखी थी। लेकिन बाद में उन्होंने इसे एडिट करके संजय यादव और रमीज पर आरोप लगाए हैं। बता दें कि रोहिणी का संजय यादव से काफी पहले से मनमुटाव चल रहा था। यह मनमुटाव बिहार अधिकार यात्रा में साफ दिखा, जब संजय यादव बस में अगली सीट पर बैठे दिखाई दिए। जब इस पर आपत्ति जताते हुए एक एक्स यूजर ने पोस्ट लिखी तो रोहिणी ने उसे शेयर भी कर दिया था।

# आरके सिंह बीजेपी से 6 साल के लिए निलंबित

**सम्राट चौधरी को हत्या का आरोपी बताया था; नीतीश सरकार पर घोटाले का आरोप लगाया है**

**पटना।** बिहार चुनाव का रिजल्ट के बाद भाजपा ने पूर्व केंद्रीय मंत्री आरके सिंह को 6 साल के लिए पार्टी से निलंबित कर दिया है। भाजपा ने निलंबन को लेकर चिट्ठी भी जारी कर दी है। इसमें पूछा है कि, आपकी गतिविधियां पार्टी के विरोध में है। ये अनुशासनहीनता के दायरे में आता है। इससे पार्टी को नुकसान हुआ है। आपको पार्टी से निलंबित करते हुए पूछा जा रहा है कि क्यों ना आपको निष्कासित कर दिया जाए। 7 दिन में जबाव दें। आरके सिंह 2013 में भाजपा में शामिल हुए थे। वे लगातार पार्टी लाइन से अलग बयानबाजी कर रहे थे। उन्होंने चुनाव से पहले एनडीए के कैंडिडेट्स पर भी सवाल उठाए थे। साथ ही बिहार में 62 हजार करोड़ के बिजली घोटाले का भी नीतीश सरकार पर आरोप लगाया था।

पूर्व केंद्रीय मंत्री ने डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी, जेडीयू के अनंत सिंह, आरजेडी के सूरजभान सिंह को हत्या का आरोपी बताया था। साथ ही, ऐसे लोगों को वोट नहीं देने की अपील की थी। फेसबुक पर लिखा था कि, ऐसे लोगों को वोट देने से अच्छा है चुल्लू भर पानी में डूब कर मर जाना।

**आंदोलन**

**बोले- मांगें नहीं मानी तो भोपाल को नेपाल बना देंगे; 10 दिन का मिला आश्वासन**

# करणी सेना का सीएम-हाउस की ओर कूच, पुलिस ने रोका

भोपाल। भोपाल में करणी सेना के आंदोलन के बीच भेजा गया 8 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल सीएम हाउस से लौट आया है। मुख्यमंत्री मौजूद न होने के कारण मुलाकात नहीं हो सकी, लेकिन अधिकारियों ने करणी सेना पदाधिकारियों से बातचीत की और 25 नवंबर तक हरदा प्रकरण सहित अन्य मांगों के समाधान का भरोसा दिया। प्रतिनिधिमंडल के लौटते ही कार्यक्रम स्थल पर इसकी घोषणा कर दी गई।

### सीएम हाउस की ओर कूच, पुलिस ने रोका

इसके पहले करणी सेना खुशीलाल



ग्राउंड में अपनी 15 मांगों को लेकर बड़ा क्षत्रिय क्रांति सम्मेलन कर रही थी। संगठन ने दावा किया था कि 2 बजे तक सीएम ऑफिस से कोई अधिकारी न आए, तो वे आगे की रणनीति तय करेंगे। 3 बजे तक कोई अधिकारी नहीं आया, तो कार्यकर्ता सीएम हाउस की ओर कूच करने लगे।

सुरक्षा के चलते पुलिस ने रास्ते में ही भीड़ को रोक लिया। इसके बाद करणी सेना के कार्यकर्ता सड़क पर बैठकर प्रदर्शन करने लगे और कहा कि वे ज्ञापन पुलिस को नहीं, बल्कि केवल सीएम ऑफिस के अधिकारी को ही सौंपेंगे।

### राणा का बयान—भोपाल को नेपाल बना देंगे

प्रदेश अध्यक्ष इंदल सिंह राणा ने मंच से चेतावनी देते हुए कहा कि यह आंदोलन की शुरुआत है। हरदा प्रकरण में कलेक्टर और एसपी को निलंबित करें। अभी विनम्र अपील है, पर जरूरत पड़ी तो भोपाल को नेपाल बनाने में देर नहीं लगेगी।

### हरदा विवाद क्या है?

करणी सेना पदाधिकारी से 1.52 कैरेट हीरे के नाम पर 18 लाख की ठगी हुई थी।

पुलिस ने आरोपियों को पकड़ा, लेकिन संगठन ने मिलीभगत का आरोप लगाया।

विरोध बढ़ा तो पुलिस ने लाठीचार्ज किया और चार कार्यकर्ता गिरफ्तार हुए। प्रदेश अध्यक्ष जीवन सिंह शेरपुर को भी हरदा में गिरफ्तार किया गया। इसी के बाद मामला प्रदेशभर में गरमाया और संगठन ने आज भोपाल में बड़ा प्रदर्शन बुलाया।

विशाल इंडिया
हिन्दी दैनिक



गौतमबुद्धनगर
रविवार 16 नवंबर 2025
Www.vishalindia.in

# संपादकीय

## 'अब बिहार में फिर 'जंगल राज' या बदलेंगे हालात?'

### एक पुराना डर, एक नया सवाल



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

बिहार की राजनीति हमेशा बहस का अखाड़ा रही है।
1990 के दशक का वह स्याह दौर—जिसे विरोधियों ने 'जंगल राज' कहा—आज भी बिहारियों की collective memory में जिंदा है।
अपराध, अपहरण, खौफ और बदहाल व्यवस्था की तस्वीरें आज भी चर्चा में लौट आती हैं।

### अब 2025 में, जब नीतीश कुमार की अगुवाई में एनडीए सरकार वापस आ चुकी है, सबसे बड़ा सवाल यही है—

क्या बिहार फिर उसी अंधेरे की ओर बढ़ रहा है?
या हालात सच में बदल रहे हैं?

### जंगल राज की यादें — जब कानून बौना था, अपराधी ताकतवर

**लालू-राबड़ी शासन (1990-2005) को लेकर आरोपों की सूची लंबी रही—**

* 2004 में अपराध दर राष्ट्रीय औसत से दोगुनी
* अपहरण उद्योग खुलेआम फलता-फूलता रहा
* स्कूल-अस्पतालों की व्यवस्था बदहाल
* माफियाओं और नेताओं के गठजोड़ की चर्चा आम

2005 में नीतीश कुमार सत्ता में आए और 'सुशासन' का नारा दिया।

**2010 तक—**

* हत्या में लगभग 50 प्रतिशत गिरावट
* लड़कियों की 'साइकिल योजना' सामाजिक बदलाव का प्रतीक बनी
* सड़क, शिक्षा, पुलिसिंग में सुधार दिखा

लेकिन बिहार की राजनीति में स्थिरता कोई स्थायी शब्द नहीं है।

### 2022-24 : अपराध का उभार, सरकार बदली तो तस्वीर भी बदली

महागठबंधन की सरकार (2022-24) के दौरान अपराध में उछाल दर्ज किया गया।

**एनसीआरबी 2023 के अनुसार—**

* हत्या में 12 प्रतिशत वृद्धि
* पटना-मुजफ्फरपुर में गैंगवार तेज
* शराबबंदी के बाद अवैध शराब माफियाओं की समानांतर सत्ता

लोग इसे जंगल राज की वापसी कहने लगे।
2024 में नीतीश फिर एनडीए में लौटे—पर चुनौती वही : अपराध, बेरोजगारी, व्यवस्था का संकट।

### सबसे खतरनाक आंकड़ा—

सीएमआईई : 45 प्रतिशत बिहार का युवा बेरोजगार।
यह किसी भी राज्य के लिए आपातकालीन चेतावनी है।

### 2025 : क्या सुशासन पुनर्जीवित होगा?

**वापसी के बाद सरकार ने कई तुरंत कदम किए—**

* 50,000 नई पुलिस भर्ती
* जिलों में सीसीटीवी नेटवर्क
* गंभीर मामलों में फास्ट-ट्रैक कोर्ट
* शिक्षा बजट 25 प्रतिशत
* नए आईटीआई, विश्वविद्यालय
* राज्य की अनुमानित जीडीपी ग्रोथ 10 प्रतिशत (2024-25)
* महिला आरक्षण 35 प्रतिशत
* स्टार्टअप पॉलिसी और उद्यमिता को बढ़ावा

### सरकार का रुख साफ़ है—

'जंगल राज की परछाई मिटानी है।'
सुधारों के संकेत — बिहार का नया चेहरा

### कुछ संकेत उम्मीद जगाते हैं—

* ई-गवर्नेंस से भ्रष्टाचार में कमी
* पटना स्टार्टअप हब के रूप में उभरता हुआ
* 2018 से 100 प्रतिशत बिजली
* आयुष्मान भारत में 1 करोड़ लोग कवर
* एसटीएफ : 2025 में 2000 से अधिक माफिया गिरफ्तार

### विपक्ष आरोप लगाता है—

'नीतीश थक चुके हैं, प्रशासन ढीला है।'
तेजस्वी यादव इसे 'जंगल राज 2.0' कहते हैं।
**लेकिन आंकड़े बताते हैं—**
2025 में बिहार की अपराध दर 2004 की तुलना में 60 प्रतिशत कम है।

### खतरा भी है, उम्मीद भी

सच यह है—
बिहार जंगल राज की ओर नहीं लौटा,
लेकिन बिहार पूरी तरह सुरक्षित भी नहीं हुआ।

* अपराध पर नियंत्रण है, पर खत्म नहीं
* बेरोजगारी बिहार का सबसे बड़ा दानव है
* योजनाएँ चल रही हैं लेकिन राजनीतिक अस्थिरता हर प्रगति को रोक देती है

बिहार आज फिर एक चौराहे पर खड़ा है।

### 2025 का फैसला तय करेगा—

* क्या बिहार सुशासन को चुनेगा,

या

* फिर डर, अपराध और अविश्वास की ओर लौटेगा।

परिवर्तन की राह मुश्किल है,
पर उम्मीद की किरण मौजूद है।
अब फैसला बिहार की जनता के हाथ में है—
अतीत का भय या भविष्य का विकास?



अंतर्राष्ट्रीय सहिष्णुता दिवस -16 नवम्बर, 2025

## शांति ही नहीं, सह-जीवन के लिये जरूरी है सहिष्णुता

-ललित गर्ग-



विश्व में सहिष्णुता को बढ़ावा देने और जन-जन में शांति, सहनशीलता, स्वस्थता एवं संवेदना के लिये जागरूकता फैलाने के लिए हर वर्ष 16 नवंबर को अंतरराष्ट्रीय सहिष्णुता दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसका उद्देश्य संसार में हिंसा, युद्ध एवं आतंक की भावना और नकारात्मकता को खत्म कर अहिंसा को बढ़ावा देना है। दुनिया में बढ़ते अत्याचार, आतंक, हिंसा और अन्याय को रोकने और लोगों को सहनशीलता और सहिष्णुता के प्रति जागरूकता की भावना जगाने के लिये इस दिवस की विशेष प्रासंगिकता है। यह दिवस सभी धर्मों और अलग-अलग संस्कृतियों को एक होने की प्रेरणा देता है। यह केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि मानवता के भविष्य को बचाने की अनिवार्य पुकार है। जिस समय दुनिया विकास और तकनीक की ऊँचाइयों को छू रही है, उसी समय वह असहिष्णुता, हिंसा, युद्ध, आतंक और आक्रोश की गहराइयों में डूबती भी जा रही है। यह विरोधाभास बताता है कि मनुष्य बाहरी रूप से कितना भी समर्थ हो जाए, लेकिन यदि भीतर सहिष्णुता, धैर्य और संवेदना का प्रकाश न हो, तो सभ्यताएँ चमकते हुए भी विघटन के कगार पर खड़ी हो सकती हैं। आज के तनावपूर्ण वातावरण में सहिष्णुता मानवीय संबंधों को जोड़ने वाली सबसे महत्वपूर्ण शक्ति है। यह कमजोरी नहीं, बल्कि वह आंतरिक सामर्थ्य है जो हमें अपने विचारों के साथ दूसरों के विचारों को समझने, स्वीकारने और सम्मान देने की क्षमता प्रदान करती है।

व्यक्तियों, समाजों एवं राष्ट्रों की एक दूसरे के लिये बढ़ती असहिष्णुता ही युद्ध, नफरत एवं द्वेष का कारण है, यही साम्प्रदायिक हिंसा एवं उन्माद का भी कारण है। असहिष्णुता, घृणास्पद भाषण और दूसरों के प्रति भय, नफरत, घृणा एवं द्वेष न केवल संघर्ष और युद्धों का एक शक्तिशाली प्रेरक है, बल्कि इसका मुख्य कारण भी है। जबकि सहिष्णुता वह बाध्यकारी शक्ति है जो हमारे बहुसांस्कृतिक, बहुजातीय और बहुधार्मिक समाज को एकजुट करती है। असहिष्णुता केवल सामाजिक एवं राजनैतिक ताने-बाने को ही छिन्न-भिन्न नहीं करती है, बल्कि इसका देश की अर्थव्यवस्था, उसके विकास एवं अंतर्राष्ट्रीय छवि पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। वैश्वीकरण के युग में अंतर्राष्ट्रीय वित्त एवं व्यापार व्यवस्था को मजबूती देने के लिये सहिष्णुता की बड़ी जरूरत है। यह व्यक्तिगत जीवन में बहुत महत्वपूर्ण है। दरअसल, बदलते लाइफस्टाइल और सामाजिक माहौल की वजह से लोगों के अंदर सहनशीलता लगातार घटती जा रही है।

दुनिया भर में बढ़ते युद्ध, धार्मिक कट्टरता, नस्लीय संघर्ष, जातीय टकराव और सोशल मीडिया पर फैलती नफरत इस बात का प्रमाण हैं कि असहिष्णुता की आग कितनी तेजी से फैल रही है। ऐसे वातावरण में सहिष्णुता केवल सामाजिक मूल्य नहीं, बल्कि मानवता का आधार बन जाती है। मनुष्य जब संवाद खो देता है, जब सुनने की संस्कृति कमजोर पड़ जाती है, जब व्यक्तिगत अहंकार सामूहिक सद्भाव पर भारी पड़ने लगता है, तब असहिष्णुता जन्म लेती है। यही कारण है कि आज की दुनिया में सबसे बड़ी कमी है-संवाद, धैर्य और विविधता को सम्मानपूर्वक स्वीकारने की क्षमता। सहिष्णुता केवल अंतरराष्ट्रीय संबंधों के लिए आवश्यक नहीं, बल्कि व्यक्तिगत जीवन की भी अनिवार्यता है। घरों में तनाव बढ़ रहा है क्योंकि हम दूसरों की बात सुनने का धैर्य खोते जा रहे हैं। रिश्ते टूट रहे हैं क्योंकि हम भिन्नता को स्वीकारने के लिए तैयार नहीं। आधुनिक मनुष्य तेजी से प्रतिक्रियाशील हो गया है; छोटी-सी आलोचना भी उसे अस्थिर कर देती है। यदि हम अपने भीतर सहिष्णुता का दीपक जलाएँ, तो जीवन सरल, सुंदर और शांतिमय हो सकता है।

विशेष रूप से राजनीति में सहिष्णुता की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक बढ़ गई है। राजनीति राष्ट्र का मार्ग निर्धारित करती है; यदि इसमें असहिष्णुता, अपमान, दुराग्रह और द्वेष बढ़ता है, तो समाज में भी यही भाव प्रसारित होते हैं।

आज जब राजनीतिक भाषा में कटुता बढ़ रही है, विपक्ष की नकारात्मकता के कारण लोकतांत्रिक संवाद और राजनीतिक संस्कृति दोनों खतरे में पड़ रहे हैं। राजनीति का मूलभूत उद्देश्य जनता की सेवा और राष्ट्र का विकास है, परन्तु यह तभी संभव है जब विचारों की विविधता को सम्मान मिले, विचार-विमर्श की परंपरा जीवित रहे और नेता विरोधी विचारों को भी सुने। श्रेष्ठ नेतृत्व वही है जो सबको साथ लेकर चले, न कि विभाजन और नफरत की सियासत को हवा दे। सहिष्णुता राजनीति को परिपक्वता प्रदान करती है और सत्ता के अहंकार को मानवीय संवेदना से संतुलित करती है।

धर्म के क्षेत्र में भी सहिष्णुता की आवश्यकता अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि धर्म का मूल स्वरूप शांति, करुणा, प्रेम और सद्भाव है। लेकिन जब धर्म कट्टरता और संकीर्णता का साधन बनने लगता है, जब लोग अपने मत को सर्वोच्च और दूसरों के मत को नीचा समझने लगते हैं, तब धर्म का वास्तविक उद्देश्य नष्ट हो जाता है। महावीर, बुद्ध, ईसा, पैगंबर, गांधीकृसभी ने धर्म को मन की शुद्धि और मानवता की रक्षा का मार्ग बताया है, न कि विभाजन और संघर्ष का। धर्म का सार यही है कि हम भिन्नताओं को समझें, दूसरों की आस्थाओं का सम्मान करें और मनुष्यता को सर्वोच्च मानें। धार्मिक सहिष्णुता किसी समाज की आध्यात्मिक ऊँचाई का मापदंड होती है। सह-अस्तित्व की भावना ही वह आधार है जिस पर उन्नत दुनिया का निर्माण संभव है। हम एक ही धरती पर रहते हैं, एक ही मानव समुदाय से जुड़े हैं, और चाहे किसी भी भाषा, धर्म, जाति या संस्कृति से हों, हमारी नियति एक-दूसरे से गुँथी हुई है। यदि हम साथ रहना सीख लें, एक-दूसरे का सम्मान करते हुए आगे बढ़ें, तो दुनिया हिंसा और तनाव से मुक्त होकर सौहार्द और समृद्धि का नया अध्याय लिख सकती है।


दरअसल, बदलते लाइफस्टाइल और सामाजिक माहौल की वजह से लोगों के अंदर सहनशीलता लगातार घटती जा रही है। सामाजिक माहौल ना बिगड़े और लोग एक दूसरे के साथ मिल-जुलकर रहे। व्यक्ति, समाज, राष्ट्र एवं अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर छोटी-छोटी बातों पर लड़ाई-झगड़ा एवं युद्ध की स्थितियां बनना आम हो गया है। रूस-यूक्रेन एवं इजरायल-हमाम के बीच लम्बे युद्धों ने विश्व मानव समाज के लिये गंभीर खतरे उत्पन्न किये है। लगातार युद्ध की बढ़ती स्थितियां एवं आतंकवाद की बढ़ना व्यक्ति, समाज, राष्ट्र एवं विश्व में बढ़ती असहिष्णुता का ही परिणाम है। किसी भी युग में किसी भी देश में जब-जब सहिष्णुता की दीवार में कोई सुराख करने की कोशिश हुई है, तब-तब आसुरी एवं हिंसक शक्तियों ने सामाजिक एकता को कमजोर किया है और विनाश का तांडव रचा है। सहिष्णुता तभी कायम रह सकती है जब संवाद कायम रहे। सहिष्णुता इमारत है तो संवाद आधार। लेकिन प्रतिस्पर्धा और उपभोक्तावाद के जाल में फंस चुके इस विश्व में यह संवाद लगातार टूटता जा रहा है।

संत कबीरदास से लेकर गुरूनानक, रैदास और आचार्य तुलसी आदि संतों ने समाज में सहिष्णुता का भाव उत्पन्न कर सामाजिक समरसता को जन जन तक पहुंचाया। इससे समाज में सही अर्थों में सहिष्णुता की भावना बलवती हुई। संत कबीर हिन्दु-मुस्लिम एकता के प्रतीक थे। उन्होंने राम-रहीम को एक माना और कहा ईश्वर एक है भले ही उसके नाम अलग-अलग क्यों न हों। आजादी के आंदोलन के दौरान महात्मा गांधी ने सहिष्णुता का संदेश घर-घर तक पहुंचाया।

गांधीजी सहिष्णुता के साक्षात प्रतीक थे। सहनशीलता हमारे जीवन का मूल मंत्र है। सहिष्णुता ही लोकतंत्र का प्राण है और यही वसुधैव कुटुम्बकम, सर्वे भवन्तु सुखिनः एवं सर्वधर्म सद्भाव का आधार है। इसी से मानवता का अभ्युदय संभव है। अंतर्राष्ट्रीय सहिष्णुता दिवस हमें याद दिलाता है कि मनुष्यता का भविष्य इस बात पर निर्भर करता है कि हम कितना स्वीकार करते हैं, कितना समझते हैं और कितनी उदारता से जीते हैं। यह समय की माँग है कि राजनीति में संवाद, धर्म में करुणा और समाज में संवेदना का विस्तार हो। यदि हम सहिष्णुता को विचार नहीं, बल्कि जीवन की शैली बना लें, तो न केवल हमारा व्यक्तिगत जीवन शांतिमय होगा, बल्कि दुनिया भी अधिक सुरक्षित, सुंदर और मानवीय बन जाएगी। यही सहिष्णुता का वास्तविक संदेश है और यही मानवता की सबसे बड़ी आवश्यकता।


# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3711




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



### काकुरो - 3710 का हल



## लॉफिंग ज़ोन

एक घर से पति-पत्नी के हँसने की कुछ ज्यादा ही आवाजें आती रहती थीं। मोहल्ले के कई लोग एकत्र होकर उनके यहाँ खुशहाली का राज जानने को पहुँचे।

मोहल्ले वालों की जिज्ञासा को शांत करते हुए पति बोला- बहुत सरल है, हमारे यहाँ मेरी बीबी बेलन, चिमटा आदि फेंककर मारती है। हम लट्ठमार होली खेलते हैं...! अगर मुझे लग जाता है तो वो हँसती और नहीं लगता है तो मैं हँसता हूँ।

एक बार रीमा बन-ठनकर पिक्चर देखने जा रही थी। तभी एक सहेली मिल गई। रीमा का ठाठ-बाट देखकर बोली- 'अ...हा...आ हाथों में हीरों की चूड़ियाँ, कानों में हीरे के टॉप्स, गले में हीरों का हार, यह बनारसी साड़ी क्यों, क्या तुम्हारे पति ने नौकरी कर ली है?'

रीमा बोली- 'नहीं गीता, मैंने पति बदल लिया है।'

चमन (नरेश से)- सुना है तुमने एक उपन्यास लिखा है?

नरेश- हाँ! एक बहुत अच्छा उपन्यास लिखा तो है।

चमन- कुछ बिके भी है?

नरेश- हाँ, बिके है न..। इस उपन्यास को प्रकाशित करने में मेरी अँगूठी, स्कूटर, बीवी की चूड़ियाँ और मंगलसूत्र जैसी कई चीजें बिक गई है।

## फिल्म वर्ग पहेली- 3711



**बायें से दायें:-**

१. 'चाँद तारे तोड़ लाऊं' गीत वाली शाहरूख, जूही की फिल्म-२,२
३. सैफ, काजोल की 'नीला दुपट्टा पीला सूट' गीत वाली फिल्म-३
५. 'क्या यही प्यार है' गीत वाली संजयदत्त, टीना मुनीम की फिल्म-२
६. संजयदत्त, शरद, मनीषा, रवीना की 'ओ गोरी तू चली' गीत वाली फिल्म-२
७. 'चमन में रहके वीराना' गीत वाली दिलीप, निम्मी की फिल्म-३
९. ऋषि, चंकी, नीलम की 'देखा जो हुस्न आपका' गीत वाली फिल्म-३
११. 'कोई नहीं तेरे जैसा' गीत वाली अक्षय, सैफ अली की फिल्म-३
१३. फिल्म 'मिलाप' की नायिका-२
१४. 'गोपी किशन' में किस की दोहरी भूमिका थी?-३
१६. ऋषि कपूर, जेबा, अश्विनी भावे की 'आजा वे माही' गीत वाली फिल्म-२
१८. फिल्म 'धरती' में राजेंद्र कुमार के साथ नायिका कौन थी?-३
२०. 'जादू है नशा है' गीत वाली फिल्म-२
२१. 'इस टूटे दिल की' गीत वाली अनिल अक्षय, ऐश्वर्या की फिल्म-२
२३. राजेश, टीना, पद्मिनी की 'जिंदगी प्यार का' गीत वाली फिल्म-३
२५. 'मेघा रे मेघा' गीत वाली फिल्म-२
२६. विकास भल्ला, सुमीत सहगल, नीलम की एक फिल्म-२
२७. 'जवानी दीवानी' में रणधीरकपूर के साथ नायिका कौन थी?-२
२८. फिल्म 'फूल और पत्थर' में धर्मेन्द्र के किरदार का क्या नाम था?-२
३१. संजय दत्त, मनीषा की 'हो रब्बा तू ही बचा' गीत वाली फिल्म-४
३२. फिल्म 'स्टम्प्ड' में अली खान के साथ नायिका कौन है?-३

**ऊपर से नीचे:-**

१. दिलीप कुमार, मीना की 'दिल से तुझ को बेदिली है' गीत वाली फिल्म-३
२. 'संदेसे आते हैं' गीत वाली फिल्म-३
३. अजय देवगन, तब्बू की 'आ पपियाँ झपियाँ पा लें हम' गीत वाली फिल्म-४
४. 'जीवन से भरी तेरी आँखें' गीत वाली राजेश, शर्मिला की फिल्म-३
८. ऋषि, सनी, मीनाक्षी की 'बिन साजन झूला' गीत वाली फिल्म-३
१०. 'खुशी' में फरदीन की नायिका?-३
१२. 'गुस्सा इतना हसीन है तो' गीत वाली राजकुमार, राजेशखन्ना, मालासिन्हा की फिल्म-३
१४. 'जलते हैं जिसके लिये' गीत वाली सुनील दत्त, नूतन की फिल्म-३
१५. रेवती की पहली हिंदी फिल्म?-२
१६. 'साथिया बिन तेरे' गीत वाली सनी, तब्बू, शिल्पा की फिल्म-३
१७. विश्वजीत, बबीता की 'लाखों हैं यहाँ' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'लंबी जुदाई' गीत वाली जैकी श्रॉफ, मीनाक्षी शेशाद्रि की फिल्म-२
२२. राजेंद्र, धर्मेन्द्र, नालासिन्हा की 'आज गालो मुस्करा लो' गीत वाली फिल्म-४
२३. 'तेरा मेरा साथ रहे' गीत वाली फिल्म-४
२४. राजेश खन्ना, श्रीदेवी की 'कह दे जमाने से' गीत वाली फिल्म-४
२८. 'दिलजले' में अजय का नाम?-२
२९. प्रशांत और ऐश्वर्या की एक फिल्म-२
३०. 'मिलती है झुकती है' गीत वाली फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 3710



## सूडोकु -3711


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | | 1 | | |
| | | | | 2 | 5 | 7 | 3 | |
| | 9 | 4 | | 6 | 7 | | | 2 |
| | 5 | | 4 | | 3 | | | 9 |
| | 8 | | | 9 | | | 7 | |
| 1 | | | 6 | | 8 | | 2 | |
| 6 | | | 7 | 4 | | 9 | 5 | |
| | 4 | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | | 8 | | | | 6 | | |

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -3710 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 5 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 1 | 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 2 | 6 | 5 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 7 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 8 | 5 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 | 9 |
| 6 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 |

## शब्द पहेली - 3711



**बाएँ से दाएँ**

1.उपासना करना-6
5.अलमस्त, उत्साही-4
8. हरे रंग का-2
9.चाह,इच्छा-3
10.अधिकार,आरोप-2
11.निर्दय, हिंसक-4
12.आंदोलन-2
14.सज्जन,सभ्य-4
15.स्मृति,अविस्मरण-2
17.रूखा, रसहीन-3
19.गुप्तचर-4
21.संकट मोचक,नाविक-5
24.चुगली करना-5
27.नेता पथ प्रदर्शक-4
29.प्रेम,चाहत-3
31.एक ग्रह-2
32.अनर्गल प्रलाप-4
33.नौकर,सेवक-2
35.उद्विग्न,आतुर-4
36.श्रवणेंद्रिय-2
38.दीपक,दिया-3
39.बोलने के लिये कहना-2
40.एक मुस्लिम महीना-4
41.सहायता करना-3,3

**ऊपर से नीचे**

1.सहिष्णुता,उदारता-6
2.थोड़ा,कम-2
3.कपड़ों के टुकड़े-4
4.असफल-5
5.राजी करना-3
6.वजन,वायदा-2
7.अनाथ,बेवारिस-4
11.वैधव्य-4
13.राजा की पत्नी-2
16.टूटना-4
18.धावक (अंग्रेजी-3)
19.खबरी,खबर देने वाला-4
20.हमारा पड़ोसी देश-2
22.घूमना-3
23.पराजय-2
25.खतरनाक, खौफनाक-4
26.पसंद नहीं होना, अस्वीकृत-4,2
28.अशोक कुमार, मीना कुमारी, प्रदीप कुमार की फिल्म-5
29.हमले का जवाब देना,प्रतिशोध-4
30.कभी-2
32.जब्त,प्राप्त होना-4
34.मास्टर ब्लास्टर-3
37.भीगा हुआ-2
39.टैक्स,हाथ-2

### शब्द पहेली -3710 का हल



विशाल इंडिया
हिन्दी दैनिक



गौतमबुद्धनगर
रविवार 16 नवंबर 2025
Www.vishalindia.in

# जनपद की तीनो तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस हुआ सम्पन्न

## डीएम ने तहसील सदर में संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता कर सुनी जनता की शिकायतें

**तीनों तहसीलों में 142 शिकायतें हुई दर्ज, 11 का अधिकारियों के माध्यम से मौके पर निस्तारण**






**गौतमबुद्ध नगर।** उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप जनता की समस्याओं का अधिकारियों के माध्यम से शीर्ष प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराने के उद्देश्य से जिले की तीनों तहसीलों में आज संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुल 142 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 11 शिकायतों का समाधान मौके पर ही संबंधित अधिकारियों द्वारा किया गया एवं शेष शिकायतों के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को गुणवत्ता के साथ समयबद्ध तरीके से निस्तारण करने की निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी गौतम बुद्ध नगर मेधा रूपम ने तहसील सदर में संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए जनता की समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागों को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ निस्तारण के दिशा-निर्देश दिए। सदर तहसील में कुल 08 शिकायतें दर्ज की गईं, जिसके सापेक्ष 02 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही किया गया।

जिलाधिकारी ने संपूर्ण समाधान दिवस में उपस्थित समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों से कहा कि जनता की शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण के लिए शासन गंभीर है। अतः अधिकारीगण निस्तारण में कोताही न बरतें और प्राथमिकता के साथ प्रत्येक शिकायत का मौके पर जांच कर निस्तारण करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने संपूर्ण समाधान दिवस में अनुपस्थित अधिकारियों का स्पष्टीकरण जारी करने एवं एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा तम्बाकू मुक्त युवा 3.0 अभियान का शुभारंभ भी किया गया। इस दौरान एच.एल. इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को तंबाकू के दुष्प्रभावों से अवगत कराया। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि इस अभियान के तहत जनपद के सभी शैक्षणिक संस्थानों को तंबाकू मुक्त घोषित किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने तंबाकू मुक्त युवा पीढ़ी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सभी गाँवों को भी तंबाकू मुक्त बनाया जाएगा। तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ की डॉ. श्वेता खुराना ने तंबाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थानों के मानकों की जानकारी दी और बताया कि 100 गज के दायरे में तंबाकू की बिक्री दंडनीय है। नशा छोड़ने हेतु मानस हेल्पलाइन 1933 की जानकारी भी साझा की गई। अंत में इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों को तंबाकू व नशामुक्त रहने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉक्टर शिवकांत द्विवेदी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ नरेंद्र कुमार, उप जिलाधिकारी सदर आशुतोष गुप्ता, प्रभागीय वन अधिकारी रजनीकांत मित्तल, तहसीलदार सदर प्रतीक चौहान, नायब तहसीलदार सदर ज्योत्सना एवं संबंधित विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहे। इसी क्रम में दादरी तहसील में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में 84 शिकायते दर्ज की गईं, जिसके सापेक्ष 07 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही किया गया।

जेवर तहसील में उप जिलाधिकारी जेवर अभय कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में 50 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिसके सापेक्ष 02 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही किया गया।

# आगामी 20 नवंबर को यूनिटी मार्च का होगा आयोजन

## यूनिटी मार्च पदयात्रा के सफल आयोजन की तैयारी के लिए विधायक धीरेंद्र सिंह ने संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ की बैठक



**गौतम बुद्ध नगर।** भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती के अवसर पर विधानसभा जेवर में आयोजित होने वाली यूनिटी मार्च(पदयात्रा) को लेकर माननीय विधायक जेवर, धीरेंद्र सिंह ने आज अपने आवास रबूपुरा पर संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक कर आवश्यक तैयारियों की समीक्षा की।

बैठक में विधायक धीरेंद्र सिंह ने विभिन्न विभागों को निर्देशित किया कि इस ऐतिहासिक कार्यक्रम को सफलतापूर्वक आयोजित करने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को सुनिश्चित किया जाए। विधायक ने जिला विद्यालय निरीक्षक एवं बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि स्कूली बच्चों और शिक्षकों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए और कार्यक्रम स्थल पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी स्कूली बच्चों के माध्यम से कराया जाए। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को पदयात्रा मार्ग की सफाई और मरम्मत सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को पदयात्रा में मेडिकल किट, मेडिकल टीम, एम्बुलेंस और ओआरएस पैकेट की पर्याप्त आपूर्ति करने के लिए कहा गया, ताकि किसी भी आपातकालीन स्थिति का सामना किया जा सके।

मा0 विधायक ने पुलिस विभाग को यातायात व्यवस्था बनाए रखने, रूट डायवर्जन और कार्यक्रम स्थल पर पुलिस कर्मियों की ड्यूटी सुनिश्चित करने को कहा व पार्किंग को लेकर भी निर्देश दिए कि समय रहते पार्किंग स्थल का चयन कर लें। उप निदेशक माय भारत शिवेंद्र सिंह को बैनर, पोस्टर और होर्डिंग्स के प्रचार-प्रसार की व्यवस्था करने के लिए निर्देशित किया गया।

इसके अतिरिक्त, प्राधिकरण के अधिकारियों को यह निर्देश दिया गया कि पदयात्रा मार्ग और कार्यक्रम स्थल पर सफाई, पानी का छिड़काव, मोबाइल शौचालय, पीने योग्य पानी और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं दुरुस्त रखी जाएं।

साथ ही, विधायक ने जन समुदाय के लिए जलपान और अन्य सुविधाओं की व्यवस्था को प्राथमिकता देने का निर्देश भी दिया।

# नोएडा में एपीके फाइल भेजकर ट्रांसफर किए 28.87 लाख

**आईजीएल का अधिकारी बनकर किया फोन, 13 बार में पैसे ट्रांसफर किए, क्रेडिट कार्ड तक किया खाली**

**नोएडा।** नोएडा में एपीके फाइल सेंड करके रिटायर्ड कर्नल से 28 लाख 87 हजार रुपए की साइबर फ्राड कर लिया गया। ये लेनदेन 13 बार में किया गया। जिसमें 7 आईएमपीएस ट्रांसफर भी शामिल है। जिसे बिना ई बैंकिंग या मोबाइल बैंकिंग से नहीं किया जा सकता।

### वाट्सएैप पर भेजी एपीके फाइल भेजी

पीड़ित गोपाल कनाल सेक्टर-28 में रहते है। उन्होंने शिकायत में बताया कि सात नवंबर को उनके पास आईजीएल का अधिकारी बनकर राहुल नाम के एक व्यक्ति ने फोन किया। उसने कनेक्शन रिन्युवल के बारे में बताया और एपीके फाइल वॉट्सऐप पर भेजी। फाइल को ओपन करने के लिए कहा गया। इसके बाद 9 नवंबर तक न तो कोई फोन आया और न ही कोई एसएमएस।

10 नवंबर को अचानक से 13 वित्तीय लेन देन के एसएमएस के मिले। ये एसएमएस एक के बाद एक आ ने लगे। इसके बाद 7 आईएमपीएस के मैसेज आए। जबकि सभी लेनदेन में ओटीपी अनिवार्य है। ठगों ने क्रेडिट कार्ड से भी लेन देन किया। इस तरह से कुल 28 लाख 87 हजार का फ्राड किया गया। साइबर सेल मामले की जांच कर रही है।

# नोएडा के स्काईमार्क बिल्डिंग के पास गैस पाइपलाइन फटी

## गैस लीकेज से मची अफरातफरी, खुदाई का चल रहा था काम

**नोएडा।** नोएडा सेक्टर-98 स्थित स्काई मार्क बिल्डिंग के पास आईजीएल गैस की पाइपलाइन अचानक से लीक हो गई। इससे इलाके में अफरातफरी मच गई। वहां मौजूद लोगों ने तुरंत इसकी जानकारी दमकल विभाग को दी। सूचना पर पुलिस, दमकल कर्मी और आईजीएल के अधिकारी मौके पर पहुंचे। टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद गैस सप्लाई बंद कर स्थिति को नियंत्रण में किया। गनीमत रही कि लीकेज के दौरान आग नहीं लगी, वरना बड़ा हादसा हो सकता था।

बताया गया कि मौके पर नोएडा प्राधिकरण के ईएंडएम विभाग की ओर से खुदाई का काम किया जा रहा था। इसी दौरान पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई, जिससे तेज गति से गैस निकलने लगी और हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही संबंधित टीम ने तुरंत सप्लाई रोक दी।

### स्थानीय लोगों ने इलाके आवाजाही रोक दी

इसके साथ ही पाइपलाइन के आसपास के क्षेत्र को घेराबंद कर दिया गया और लोगों को उस दिशा में जाने से रोका गया। दमकल विभाग की टीम ऑक्सीजन सिलेंडर लेकर मौके पर पहुंची और गैस का स्तर चेक किया। इसके बाद सप्लाई बंद कर पाइपलाइन की मरम्मत का काम किया गया। गनीमत यह रही कि घटना में कोई घायल नहीं हुआ। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# घर पर किसान नेता को नजरबंद किया

**दनकौर।** पारसौल गांव में सत्याग्रह करने से पहले ही मनवीर तेवतिया को उनके घर गुलावठी में बुलंदशहर पुलिस द्वारा हाउस अरेस्ट (नजरबंद) कर लिया गया। रविवार को पारसौल गांव में मनवीर तेवतिया ने यमुना विकास प्राधिकरण की नीतियों के खिलाफ सत्याग्रह शुरू करने का ऐलान किया था। हाउस अरेस्ट के दौरान फोन पर मनवीर तेवतिया ने बताया कि उच्च न्यायालय से अनुमति न मिलने के कारण किसान कामगार पार्टी ने सत्याग्रह का निर्णय स्थगित कर दिया है। हम जब तक कोई अनशन सत्याग्रह नहीं करेंगे जब तक हमको हाईकोर्ट से अनुमति नहीं मिल जाती। कार्यकर्ताओं ने कहा कि मनवीर तेवतिया को पुलिस द्वारा हाउस अरेस्ट कर लिया गया है।यदि उन्हें हाउस अरेस्ट से मुक्त नहीं नहीं किया गया तो वहीं सत्याग्रह किया जाएगा।

# नोएडा में बनेंगे सौर ऊर्जा के उपकरण

## 200 एकड़ में बनेगा प्लांट, 3000 करोड़ से अधिक निवेश की कंपनियां होंगी शामिल




**नोएडा।** यमुना सिटी के सेक्टर-8 में सौर ऊर्जा के उपकरण तैयार करने के लिए 200 एकड़ में प्लांट बनाया जाएगा। इसके लिए सील सोलर पी6 प्राइवेट लिमिटेड कंपनी को यमुना प्राधिकरण ने जमीन आवंटित कर दी है। कंपनी पैनल शीट और अन्य संयंत्र तैयार करेगी।

### मेगा श्रेणी में किया गया शामिल

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) के ओएसडी शैलेंद्र भाटिया ने बताया कि यह क्षेत्र में नई ग्रीनफील्ड परियोजना होगी। इसे अल्ट्रा मेगा श्रेणी में रखा गया है। इस श्रेणी में तीन हजार करोड़ रुपए या इससे अधिक निवेश करने वाली कंपनियों को शामिल किया जाता है। कंपनी ने यीडा से सेक्टर-8 में प्लांट स्थापित करने के लिए जमीन मांगी थी। इस साल 24 फरवरी को प्राधिकरण ने कंपनी को लेटर ऑफ इंटेंट (एलओआई) जारी करते हुए प्रस्ताव शासन को भेज दिया।

### 10 जुलाई को जारी किया था पत्र

बीते 10 जुलाई को इंवेस्ट यूपी ने कंपनी के प्रस्ताव को मंजूरी देते हुए इसका पत्र जारी किया। अब प्राधिकरण ने भी कंपनी को भूमि आवंटित कर दी। कंपनी के पास भारत में 6.7 गीगावॉट से ज्यादा की सोलर परियोजना है। इनमें कुछ चल रहे हैं और कुछ निर्माणाधीन हैं। कंपनी के पास पहले से 3.5 गीगावॉट की टॉप कोन सोलर मॉड्यूल तैयार करने की क्षमता है।

# गेल को नोएडा प्राधिकरण से राहत नहीं मिली

## चक्रवृद्धि ब्याज समेत देना होगा 6.5 करोड़ का लीज रेंट, बोर्ड ने मांग को खारिज किया




**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण बोर्ड ने गेल (इंडिया) लिमिटेड की उस मांग को खारिज कर दिया है। जिसमें उसने सेक्टर 16ए स्थित अपने संस्थागत भूखंड पर बकाया लीज़ रेंट के ब्याज की गणना साधारण ब्याज के आधार पर करने का अनुरोध किया था। प्राधिकरण ने स्पष्ट किया कि मौजूदा ब्याज मांग पूरी तरह से लीज़ डीड की शर्तों के अनुरूप है, और इसे पूर्व प्रभाव से बदला नहीं जा सकता।

### इंस्टीट्यूट के लिए लिया था भूखंड

दरअसल, ये मामला सेक्टर 16ए के 17,466 वर्गमीटर के संस्थागत प्लॉट से जुड़ा है।

जिसे 3 जुलाई 1986 को गेल को आवंटित किया गया था। लीज़ डीड 1 जनवरी 1992 को निष्पादित हुई और 2 अप्रैल 1992 को भूखंड का कब्ज़ा सौंपा गया।

यह भूखंड मैनेजमेंट डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट स्थापित करने के लिए दिया गया था और आवंटन से संबंधित सभी किस्तों का भुगतान गेल पहले ही कर चुका है। समस्या तब पैदा हुई जब कंपनी ने 'इन्हेंस्ड लीज़ रेंट' का भुगतान नहीं किया, जिसे अथॉरिटी की नीति के अनुसार हर 10 साल में 50 प्रतिशत बढ़ाया जाता है।

### 88 लाख लीज रेंट , 6.5 करोड़ ब्याज

1992-93 से 2025-26 तक लीज़ रेंट का बकाया लगभग 88 लाख रुपए हो गया है, जबकि प्राधिकरण की वित्तीय नीति के तहत चक्रवृद्धि ब्याज जोड़ने पर कुल ब्याज 6.5 करोड़ रुपए तक पहुंच गया है।

गेल ने 9 जून 2025 को भेजे गए पत्र में अनुरोध किया था कि ब्याज की गणना चक्रवृद्धि के बजाय साधारण ब्याज पर की जाए।

कंपनी ने दलील दी कि 2015 में नोएडा प्राधिकरण बोर्ड की 187वीं बैठक में सेक्टर 1 के दो अन्य भूखंडों बी-35 और बी-36 पर साधारण ब्याज लागू किया गया था, इसलिए सेक्टर 16ए वाले मामले में भी समान राहत दी जानी चाहिए।

3 अक्टूबर को हुई बोर्ड बैठक में अधिकारियों ने लीज़ डीड की उस धारा की ओर ध्यान दिलाया जिसमें वार्षिक लीज़ रेंट मूल प्रीमियम के 2.5 प्रतिशत के आधार पर तय किया गया है और हर 10 साल में संशोधन हेतु सप्लीमेंट्री डीड अनिवार्य है।

चूंकि सेक्टर 16ए के इस भूखंड के लिए कभी भी सप्लीमेंट्री डीड निष्पादित नहीं हुई, इसलिए लीज़ रेंट पुराने आधार पर ही चलता रहा और ब्याज की गणना प्रचलित वित्तीय नीति के अनुसार सही पाई गई।

प्राधिकरण ने कहा कि 2015 में दी गई राहत विशेष परिस्थितियों पर आधारित थी और इसे स्वतः इस मामले में लागू नहीं किया जा सकता। वित्तीय निर्णय सभी अलॉटियों के साथ समानता और कानूनी शर्तों के अनुरूप होने चाहिए।

अंततः बोर्ड ने प्रस्ताव को खारिज करते हुए कहा कि ब्याज मांग पूरी तरह वैध है, इसलिए गेल को 6.5 करोड़ रुपए से अधिक का चक्रवृद्धि ब्याज ही देना होगा।

# ग्रेटर नोएडा में किसान एकता संघ की बैठक

## सूरजपुर में महापंचायत का ऐलान, 22 नवंबर से पदयात्रा शुरू होगी

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के गुनपुरा और मूजखेड़ा गांवों में शनिवार को किसान एकता संघ की बैठक आयोजित की गई।

इस बैठक में किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर 22 नवंबर से पदयात्रा और 25 नवंबर को सूरजपुर में महापंचायत का ऐलान किया गया। बैठक की अध्यक्षता सत्ते नागर ने की, जबकि प्रदेश अध्यक्ष पंडित प्रमोद शर्मा ने इसका संचालन किया।

संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सोरन प्रधान ने बताया कि किसानों की प्रमुख मांगों में प्राधिकरण में 10 प्रतिशत प्लॉट आवंटन, बैकलीज सुविधाएं और शिक्षण व चिकित्सा संस्थानों में 50 प्रतिशत आरक्षण शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इन मांगों को लेकर जल्द ही बड़े स्तर पर आंदोलन किया जाएगा।

उन्होंने घोषणा की कि इन मांगों के समर्थन में एक विशाल पैदल यात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा 22 नवंबर को जेवर से शुरू होगी और सूरजपुर जिला मुख्यालय तक पहुंचेगी। इस यात्रा में क्षेत्रभर से हजारों किसानों के शामिल होने की उम्मीद है, जो अपनी आवाज प्रशासन तक पहुंचाएंगे।

जिलाध्यक्ष ने जानकारी दी कि यात्रा 25 नवंबर को सूरजपुर जिला मुख्यालय पर समाप्त होगी। इसी दिन वहां एक भव्य महापंचायत का आयोजन किया जाएगा। सभी किसानों से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में महापंचायत में पहुंचें।

किसान एकता संघ के पदाधिकारी 22 नवंबर तक गांव-गांव जाकर किसानों को इसमें शामिल होने के लिए आमंत्रित करेंगे।

इस दौरान बैठक में प्रमोद शर्मा, भूपेंद्र नागर, जोरा भाटी, अकरम खान, जे.पी. नागर, पप्पे नागर, गोलू प्रधान सहित कई किसान मौजूद रहे।

# शार्ट न्यूज

### सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भंगेल नोएडा में टीबी मरीजों को किया गया पोषण पोटली का वितरण

**गौतमबुद्धनगर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी गौतम बुद्ध नगर डॉक्टर नरेंद्र कुमार के निर्देशों के क्रम में रहम फाउंडेशन द्वारा विगत दिवस टीबी के मरीजों हेतु पोषण पोटली वितरण समारोह का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भंगेल नोएडा में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में चिकित्सा अधीक्षक डॉ यतेंद्र सिंह, जिला क्षयरोग अधिकारी डॉ आर पी सिंह सहित आभास कंसल, प्रतीक भार्गव, रवीन्द्र राठी, रजनीश और खेमराज उपस्थित रहे। आयोजित कार्यक्रम के दौरान लगभग 50 टीबी मरीजों को पोषण पोटली प्रदान की गयी। इस अवसर पर जिला क्षयरोग अधिकारी डॉ आर पी सिंह ने मरीजों को टीबी से बचाव, समय पर उपचार और निर्धारित अवधि तक नियमित दवा सेवन के लिये जागरूक किया। उन्होंने कहा कि टीबी का समय पर उपचार और दवा का पूर्ण कोर्स पूरा करना अत्यंत आवश्यक है, जिससे रोग पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित किया जा सके।

### आगामी 13 दिसंबर, 2025 को जनपद में राष्ट्रीय लोक अदालत का होगा आयोजन

**गौतम बुद्ध नगर।** प्रभारी/नोडल अधिकारी, राष्ट्रीय लोक अदालत, गौतम बुद्ध नगर चारुल यादव ने समस्त जनपदवासियों का आह्वान करते हुए अवगत कराया है कि आगामी 13 दिसंबर 2025 को जनपद में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन मुख्यालय एवं तहसील स्तरीय न्यायालयों में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में आपराधिक शमनीय वाद, पारिवारिक मामले, मोटरयान दुर्घटना अधिनियम से संबंधित वाद, बिजली व पानी से संबंधित विवाद, धारा 138 एनआई एक्ट के प्रकरण, भू-राजस्व वाद, सेवा संबंधी मामले, प्री-लिटिगेशन वाद, तथा सुलह-समझौता के माध्यम से निस्तारण योग्य अन्य विवाद, जिनमें पक्षकार पारस्परिक सद्भावना के आधार पर समझौते के लिए इच्छुक हों, का निस्तारण राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से किया जाएगा। अतः अधिक से अधिक संख्या में जनसामान्य उपस्थित होकर आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत का लाभ अवश्य प्राप्त करें।

### एक्सप्रेसवे पर चलती कार में लगी आग

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर एक चलती कार में अचानक आग लग गई, जिससे वह कुछ ही मिनटों में पूरी तरह जलकर खाक हो गई। यह घटना नॉलेज पार्क थाना क्षेत्र के अंतर्गत हुई। गनीमत रही कि कार में सवार तीन लोग समय रहते बाहर निकल गए और कोई जनहानि नहीं हुई। यह घटना शनिवार रात्रि में हुई, जब चिराग चौहान नामक युवक अपनी रेनॉल्ट क्विड कार से शहीद विजय सिंह स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स से नोएडा सेक्टर 44 की ओर जा रहा था। कार में चिराग के साथ दो अन्य लोग भी सवार थे। जैसे ही कार नोएडा हाईवे पर पहुंची, उसकी तारों में अचानक आग लग गई। आग लगते ही चालक चिराग चौहान और अन्य दो यात्री तुरंत कार से बाहर निकल गए, जिससे उनकी जान बच गई। देखते ही देखते कार धू-धू कर जलने लगी और कुछ ही मिनटों में पूरी तरह राख में बदल गई। घटना की सूचना मिलते ही दमकल की एक गाड़ी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। आग लगने का स्पष्ट कारण अभी ज्ञात नहीं है, लेकिन प्रारंभिक जानकारी के अनुसार यह कार की वायरिंग में शॉर्ट सर्किट के कारण लगी थी।

### चोरी के रुपये मांगने पर सब्जी विक्रेता पर हमला

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के ऊंची दनकौर में एक सब्जी विक्रेता को डंडों से पीटकर घायल कर दिया गया। चोरी के रुपये मांगने पर हुए इस हमले के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। घायल विक्रेता का ग्रेटर नोएडा के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस को दी शिकायत में पीड़ित बबलू ने बताया कि वह सब्जी बेचने का काम करते हैं। उनके पड़ोस में रहने वाला नूर उनके घर से दूध लेने आता था। बबलू के अनुसार, शुक्रवार को नूर ने उनके घर से 40 हजार रुपये चुरा लिए थे। यह घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी। चोरी का पता चलने पर बबलू शुक्रवार रात नूर के घर रुपये मांगने गए। इस बात पर नूर ने बबलू के साथ गाली-गलौच की, जिसके बाद आसपास के लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। हालांकि, बाद में जब बबलू अपने घर से कुछ दूरी पर सब्जी बेच रहे थे, तभी आरोपी नूर ने अपने परिवार के चार अन्य सदस्यों के साथ मिलकर उन पर लाठी-डंडों से जानलेवा हमला कर दिया।

### रबपुरा में रहस्यमयी बुखार से किशोर की मौत

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के रबपुरा कस्बे में रहस्यमयी बुखार का प्रकोप जारी है। मोहल्ला फुलविहार निवासी 15 वर्षीय विशेष कुमार की इलाज के दौरान मौत हो गई, जिससे क्षेत्र में भय का माहौल है। परिजनों के अनुसार, विशेष करीब 15 दिनों से तेज बुखार से पीड़ित था। उसे पहले स्थानीय डॉक्टर को दिखाया गया, लेकिन सुधार न होने पर ग्रेटर नोएडा के जिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया। शनिवार देर शाम उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक के चाचा भोला ने बताया कि विशेष के बीमार होने के बाद उसकी दादी चंद्रवती को भी तेज बुखार हुआ था। जांच में चंद्रवती में डेंगू की पुष्टि हुई, जिससे परिवार की चिंता बढ़ गई।स्थानीय लोगों के अनुसार, पिछले महीने इसी मोहल्ले में 15 वर्षीय किशोरी और सात वर्षीय बच्चे की भी डेंगू से मौत हो चुकी है। लगातार हो रही इन मौतों ने स्थानीय निवासियों में भय पैदा कर दिया है। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि क्षेत्र में मच्छरों का प्रकोप बढ़ा है, लेकिन फॉगिंग और सफाई के पर्याप्त इंतजाम नहीं किए जा रहे हैं।

### सेक्टरों में पानी का छिड़काव करवा रहीं आरडब्ल्यूए

**नोएडा।** शहर में बढ़ते प्रदूषण को कम करने के लिए रेजीडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) ने पानी का छिड़काव करने की पहल शुरू की है। इससे धूम-मिटटी को उड़ने से रोकने के साथ ही पेड़ों की पत्तियों पर जमी धूल को पानी के छिड़काव से हटाया जा रहा हैं। ताकि सेक्टर में बढ़ते प्रदूषण के स्तर को कम किया जा सके। आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों का कहना है कि सेक्टर के स्वच्छ होने से ही शहर को स्वच्छ बनाया जा सकता है। सेक्टर-56 के आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष संजय मावी ने बताया कि हर व्यक्ति के प्रयास करने से ही बढ़ते प्रदूषण को कम किया जा सकता है।अभी आरडब्ल्यूए के कर्मचारियों के माध्यम से सड़क की सभी सड़कों और पेड़ों पर पानी का छिड़काव कराया जा रहा है। सेक्टर में सुबह और शाम के समय छिड़काव किया जा रहा है। नियमित छिड़काव होने से सेक्टर का वातावरण काफी साफ है। इससे लोगों को शुद्ध हवा और ऑक्सीजन मिल रही है। सेक्टर-100 सेंचुरी अपार्टमेंट के आरडब्ल्यूए अध्यक्ष पवन यादव ने बताया कि सेक्टर में नियमित पानी का छिड़काव किया जा रहा है। इसके साथ ही पेड़ों पर भी पाइप के प्रेशर के माध्यम से छिड़काव किया जा रहा है।

### बिजली कनेक्शन न देने के लिए लिखा पत्र

**नोएडा।** सलारपुर में अवैध इमारतों का काम रुकवाने में नोएडा प्राधिकरण का वर्क सर्किल-8 फेल हो रहा है। करीब 250 अधिकारी-कर्मचारियों की निगरानी की ड्यूटी की व्यवस्था भी असफल साबित हो रही है। अब संबंधित इमारतों में बिजली कनेक्शन नहीं देने के लिए नोएडा प्राधिकरण ने बिजली विभाग को पत्र लिखा है। अवैध इमारतों का दायरा बढ़ता जा रहा है। यहां 36 से अधिक खसरा नंबरों पर अवैध इमारतें बन रही हैं। पिछले करीब दो साल से इन इमारतों का काम लगातार चल रहा है। पिछले कुछ महीनों में इमारतों का काम तेजी से चल रहा है। खास बात यह है कि इन इमारतों का काम रुकवाने में प्राधिकरण फेल हो रहा है।प्राधिकरण खुद इमारतों का काम नहीं रुकवा पा रहा। पहले जिला प्रशासन को बोरवेल का पानी प्रयोग करने के लिए कार्रवाई को पत्र लिखा था और अब कनेक्शन नहीं देने के लिए बिजली विभाग को पत्र लिखा है। नोएडा प्राधिकरण के वर्क सर्किल-8 के वरिष्ठ प्रबंधक ने उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन में इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग की इकाई-2 के अधिशासी अभियंता को तीन पत्र भेजे हैं।

# जिलाधिकारी ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान का किया निरीक्षण

## बीएलओ को प्रपत्र वितरण तेजी से पूर्ण करने के निर्देश, एसआईआर कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण



**पीलीभीत।** विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के तहत जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने शनिवार को तहसील बीसलपुर अंतर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालय, नगर क्षेत्र बीसलपुर पहुंचकर अभियान की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने विद्यालय में तैनात बीएलओ से घर-घर जाकर किए जा रहे गणना प्रपत्र वितरण की जानकारी ली और अभियान को और प्रभावी बनाने के निर्देश दिए ।जिलाधिकारी ने कहा कि अभियान का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची को शुद्ध, अद्यतन और त्रुटिरहित बनाना है। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रत्येक पात्र मतदाता तक गणना प्रपत्र अवश्य पहुंचना चाहिए, ताकि कोई भी eligible व्यक्ति सूची से बाहर न रह जाए और कोई भी अपात्र नाम सूची में बना न रहे। उन्होंने बीएलओ को यह भी निर्देशित किया कि मतदाताओं को प्रपत्र भरने की प्रक्रिया के बारे में पूरी जानकारी दी जाए। विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान 4 दिसंबर 2025 तक संचालित किया जाएगा।

निरीक्षण के उपरांत जिलाधिकारी ने तहसील परिसर में स्थापित एसआईआर कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया। यहां उन्होंने एसआईआर के अंतर्गत संचालित गतिविधियों की समीक्षा की और गणना प्रपत्र वितरण में तेजी लाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी बीसलपुर, तहसीलदार बीसलपुर तथा अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### घरेलू कलह के चलते विवाहिता ने खाया जहरीला पदार्थ

**बीसलपुर।** घरेलू कलह के चलते विवाहिता ने जहरीला पदार्थ खा लिया जिससे उसकी हालत बिगड़ गई परिजनों ने उसे नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार किया हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया है बीसलपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव शिवपुरी नवदिया निवासी रमेश कुमार की पत्नी धापा देवी 32 वर्ष ने घरेलू कलह के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया जिससे उसकी हालत बिगड़ गई हालत बिगड़ती देख परिजनों के हाथ पाव फूल गए परिजनों ने विवाहिता को नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया जहां डॉक्टर प्राथमिक उपचार किया हालत बिगड़ी देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

# तहसील बीसलपुर में सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न

## जिलाधिकारी ने 10 वारिसों को सौंपी वरासत की खतौनी

**पीलीभीत।** जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को तहसील बीसलपुर में सम्पूर्ण समाधान दिवस सफलतापूर्वक आयोजित हुआ। जनता की समस्याओं के निस्तारण हेतु चलाए जा रहे इस विशेष अभियान में कुल 45 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से मौके पर 05 शिकायतों का निस्तारण कर दिया गया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी विभागीय शिकायतों का गुणवत्तापरक एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कार्यालय से जनसुनवाई की शिकायतों की गुणवत्ता की निरंतर जांच की जाती है, इसलिए संबंधित अधिकारी निस्तारण आख्या पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अपलोड करें ।सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने क्षेत्र के 10 मृतक खातेदारों के वारिसों को वरासत की खतौनी भी प्रदान की।जिन लाभार्थियों को खतौनी सौंपी गई, उनमें राम खिलौना (भैनपुरा), चन्द्रसेन गंगवार (ईंटगांव), पूरनलाल (करखेड़ा), रामस्वरूप (सुकटिया जसकरनपुर), रोशन लाल (महावा), रहीस वेग (गोवल पतिपुरा), रामकली (अर्जुनपुर ए), रामसेवक (मिघौना), रामचन्द्र (चन्दपुरा) तथा मेवाराम (भितेरा) शामिल हैं।

कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक विक्रम दहिया, उप जिलाधिकारी बीसलपुर, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, एलडीएम, जिला कृषि अधिकारी, जिला गन्ना अधिकारी, तहसीलदार बीसलपुर, बीडीओ सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# शार्ट न्यूज

### एनिमिया मुक्त किशोरी अभियान में 31,924 किशोरियों को दी गई आयरन की गोलियां

पीलीभीत। एनिमिया मुक्त किशोरी अभियान के तहत जिलेभर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, आयुष्मान आरोग्य मंदिरों और गांवों में स्वास्थ्य टीमों ने घर-घर जाकर किशोरियों को आयरन की पिंक और नीली गोलियां खिलाई ।एएनएम, आशा, संगिनी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने किशोरियों को मासिक धर्म स्वच्छता, एनीमिया से बचाव व पोषण संबंधी जानकारी भी दी। अभियान के तहत कुल 31,924 किशोरियों को आयरन की गोलियां दी गईं और साप्ताहिक रूप से आयरन सेवन के लिए प्रेरित किया गया।

### डीएम-एसपी ने सुनी फरियादियों की समस्या




**ललितपुर ।** तहसील में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी सत्य प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक की अध्यक्षता में हुआ। जिलाधिकारी ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि ये आवेदन पत्र शीघ्र एवं शत-प्रतिशत गुणवत्तायुक्त निस्तारित किए जाएं। उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। यदि समस्याओं का निस्तारण प्रारंभिक स्तर पर किया जाए तो जनता को मुख्यालय तक आने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। संपूर्ण समाधान दिवस में तालबेहट उप जिलाधिकारी क्षेत्राधिकारी तहसीलदार सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### बस-ट्रैक्टर का भीषण हादसा, 7 लोग घायल

**स्याना ( बुलंदशहर )।** बुलंदशहर में भीषण हादसा हुआ है। शनिवार देर शाम दिल्ली से भात नौतने में शामिल होने स्याना जा रहे थे। स्टेट हाईवे पर मिनी बस और ट्रैक्टर-ट्रॉली की आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि पूरी बस के परखच्चे उड़ गए। हादसे के बाद अफरा-तफरी मच गई। रोडवेज का शीशा तोड़कर घायलों को बाहर निकाला गया। हादसे के बाद उनके परिजन घायलों को गोद में उठाकर इधर-उधर भागते दिखाई दिए। वहीं ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट गई। सूचना मिलते ही पुलिस और एंबुलेंस मौके पर पहुंच गई। हादसे में 7 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को नगर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार जारी है। हादसे के बाद एक किलोमीटर लंबा जाम लग गया। मामला स्याना कोतवाली क्षेत्र का है। शनिवार शाम एक मिनी बस दिल्ली के गौतमपुरी निवासी रेखा पत्नी विनोद अपने रिश्तेदारों और परिजनों के साथ अपने भाई ईश्वर पुत्र लक्खी के यहां खानपुर में 'भात नौतने' (एक रस्म) के लिए जा रही थी। बस में 25 लोग सवार थे।

### लखनऊ में बर्थडे पार्टी में हर्ष फायरिंग

**लखनऊ।** लखनऊ के ठाकुरगंज क्षेत्र में बर्थडे पार्टी के दौरान हर्ष फायरिंग का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में एक युवक पिस्टल से फायरिंग करता दिखाई दे रहा है, जिसके बाद मौके पर मौजूद लोगों ने उसे पकड़कर पीट दिया। शनिवार को घटना का वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। आरोपी की पहचान की जा रही है। घटना ठाकुरगंज क्षेत्र के एक मकान में आयोजित बर्थडे पार्टी की है, जहां रात को संगीत और शोरगुल के बीच अचानक युवक ने पिस्टल निकालकर फायरिंग कर दी। वीडियो में साफ दिख रहा है कि जैसे ही गोली चली, पार्टी में मौजूद लोग घबराकर इधर-उधर भागने लगे। फायरिंग के दौरान हालांकि कोई घायल नहीं हुआ, लेकिन घटना ने पूरे माहौल को तनावपूर्ण बना दिया। जिस व्यक्ति ने फायरिंग की, वह पार्टी में ही मौजूद मेहमान था और शराब के नशे में बताया जा रहा है। फायरिंग के बाद उसकी हरकतों से नाराज लोगों ने उसे मौके पर ही रोक लिया।

### मऊ में पत्नी की हत्या में पति को उम्रकैद

**मऊ।** मऊ में जिला एवं सत्र न्यायाधीश डॉ. बालमुकुंद ने पत्नी प्रमिला की हत्या के मामले में पति सुनील राजभर को दोषी करार दिया है। कोर्ट ने उसे आजीवन कारावास और 25 हजार रुपए के अर्थदंड की सजा सुनाई। यह मामला रानीपुर थाना क्षेत्र का है। कोर्ट ने आदेश दिया है कि अर्थदंड की राशि जमा होने पर उसका 75 प्रतिशत हिस्सा मृतका प्रमिला की माता को दिया जाएगा। इस धनराशि का उपयोग मृतका के बच्चों के पालन-पोषण के लिए किया जाएगा। अभियोजन पक्ष के अनुसार, यह एफआईआर सोमारी देवी पत्नी की तहरीर पर दर्ज की गई थी। सोमारी देवी ने बताया कि उनकी बेटी प्रमिला की शादी हलधरपुर थाना क्षेत्र के इसरतपुर खालिसपुर गांव निवासी सुनील राजभर से हुई थी। आरोप है कि 19 जनवरी 2022 को जब प्रमिला अपने मायके में रह रही थी और नल पर कपड़े धो रही थी, तभी उसका पति सुनील राजभर वहां आया। सुनील ने शराब के नशे में फावड़े से हमला कर प्रमिला की हत्या कर दी। पुलिस ने मामले की विवेचना के बाद न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया।

### मंगलसूत्र छीनने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार

**प्रयागराज।** प्रयागराज में पुलिस ने मंगलसूत्र छीनने की एक घटना का खुलासा किया है। एयरपोर्ट थाना पुलिस, एसओजी नगर, सर्विलांस सेल और आईसीसीसी की संयुक्त टीम ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से 8.5 ग्राम गलाया हुआ मंगलसूत्र और इसे गलाने में इस्तेमाल होने वाले उपकरण बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार, आरोपी घटना के तुरंत बाद मंगलसूत्र को पिघलाकर उसकी पहचान मिटाने का प्रयास कर रहे थे। यह घटना कटहुला गौसपुर की निवासी सीता देवी के साथ हुई थी। उन्होंने पुलिस को बताया कि वह अपने पति के साथ बाइक से लौट रही थीं, तभी एयरपोर्ट सर्विस रोड पर दो बाइक सवार बदमाशों ने पीछे से आकर उनका मंगलसूत्र छीन लिया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा संख्या 205/2025, धारा 304(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान, एयरपोर्ट थाना पुलिस, एसओजी नगर और सर्विलांस टीम ने तकनीकी निगरानी और सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण किया। इसके आधार पर आरोपियों की पहचान की गई।

# लखनऊ में ओला कर्मचारियों ने कस्टमर को पीटा

## बेटे को सड़क पर 200 मीटर दौड़ाया, स्कूटी की सर्विस कराने आए थे

**लखनऊ।** लखनऊ में ओला के कर्मचारियों ने बेटे के सामने ही पिता को जमकर पीटा। बेटे ने जब घटना का वीडियो बनाने की कोशिश की, तो हमलावरों ने उसे 200 मीटर तक दौड़ाया। गालियां दीं। युवक जैसे-तैसे भागकर पुलिस के पास पहुंचा और पूरी बात बताई।

घटना गुडंबा थाना क्षेत्र में रिंग रोड स्थित ओला सर्विस सेंटर में शनिवार को हुई। यहां स्टाफ ने कस्टमर के साथ मारपीट की। बताया जा रहा है कि पिता-पुत्र गाड़ी की सर्विसिंग कराने आए थे। इस दौरान किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। इसके बाद कर्मचारियों ने हमला कर दिया। इस पूरी घटना का वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में साफ दिख रहा है कि कर्मचारी कस्टमर को बुरी तरह से पीट रहे हैं। फिर 2 अन्य कर्मचारी भागते हुए आते हैं और हमला कर देते हैं। तमाम लोग वहां मौजूद थे, जो उन लोगों को रुकने के लिए कह रहे थे। लेकिन, दबंग कर्मचारी किसी की सुनने को तैयार नहीं थे।

गुडंबा के कल्याणपुर में रिंग रोड पर ओला सर्विस सेंटर है। आशियाना के रवि खंड में रहने वाले मनोज श्रीवास्तव अपने बेटे हर्ष के साथ दोपहर में ओला स्कूटी की सर्विस कराने आए थे। हर्ष ने कर्मचारियों से स्कूटी के बारे में पूछा तो सही जानकारी नहीं मिली।

### कुशीनगर में छत ढलाई विवाद में ईंट-पत्थर चले

**कुशीनगर।** कुशीनगर जनपद के कुबेरस्थान थाना क्षेत्र के हरैया बुजुर्ग गांव में शनिवार को छत निर्माण को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। यह विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों ओर से ईंट-पत्थर और लाठी-डंडे चले, जिसमें पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना का एक वीडियो भी सामने आया है। जानकारी के अनुसार, प्रभावती देवी पत्नी स्वर्गीय कैलाश प्रसाद अपने घर की छत की ढलाई के लिए शटरिंग लगवा रही थीं। इसी दौरान दूसरे पक्ष से विवाद शुरू हो गया। देखते ही देखते दोनों पक्षों के लोग आमने-सामने आ गए और मारपीट शुरू हो गई। आरोप है कि हरिहर, प्रमोद, मोतीलाल और अभिषेक सहित लगभग आधा दर्जन पुरुषों और महिलाओं ने प्रभावती देवी, संगीता देवी पत्नी रामधनी, सिंधु देवी पत्नी राजेश, अमन पुत्र बबलू और आशा पत्नी मनोज पर हमला कर दिया।

# घुरी खुर्द गांव की महिलाओं का शिक्षा विभाग के खिलाफ प्रदर्शन



**बीसलपुर।** घुरी खुर्द गांव की महिलाओं ने शनिवार को शिक्षा विभाग के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन करते हुए तहसील मुख्यालय पर पहुंचकर नारेबाजी की। महिलाओं का आरोप है कि शिक्षा विभाग ने घुरी खुर्द के प्राथमिक विद्यालय को बंद करके मकरंदपुर में विलय कर दिया है, जिससे उनके बच्चों की शिक्षा पर विपरीत असर पड़ रहा है ।महिलाओं का कहना है कि घुरी खुर्द से मकरंदपुर की दूरी करीब 2.5 किलोमीटर है और रास्ते में हाईवे भी पड़ता है, जिससे छोटे बच्चों को रोजाना स्कूल पहुंचाना जोखिम भरा हो गया है।

जबकि शिक्षा मंत्री स्तर से पहले ही निर्देश दिए गए थे कि हाईवे बीच में आने के कारण पुराने विद्यालय को यथास्थान रखा जाए, लेकिन विभाग ने इसके विपरीत कार्यवाही कर दी। इस निर्णय से गुस्साई बड़ी संख्या में महिलाएं तहसील पहुंचीं और अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए विद्यालय को दोबारा गांव में ही संचालित करने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में सत्यवती, सावित्री देवी, गिरिजा देवी, सुमन, लता सहित कई ग्रामीण महिलाएं शामिल रहीं।

# पुलिस ने पीड़ित के खाते में लौटाए साइबर ठगी के 40 हजार रुपये



**ललितपुर।** साइबर ठगी के एक मामले में कोतवाली साइबर सेल ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पीड़ित के खाते में 40 हजार, रुपये वापस कराए हैं। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के कुशल नेतृत्व में कोतवाली पुलिस द्वारा साइबर अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आवेदिका प्रीति पत्नी हरविन्द सिंह उम्र करीब 40 वर्ष निवासी ग्राम राजघाट कोतवाली ललितपुर के साथ 40,000/- रुपये की धनराशि की वित्तीय धोखाधड़ी हुई थी, जिसके सम्बन्ध में कोतवाली ललितपुर पर आवेदिका द्वारा शिकायत की गयी थी। साइबर हेल्प डेस्क टीम, कोतवाली ललितपुर ने पीड़िता द्वारा उपलब्ध कराये गये बैंक स्टेटमेन्ट व अन्य प्रपत्रों का अवलोकन व तकनीकी विश्लेषण कर त्वरित व प्रभावी कार्यवाही करते हुये विभिन्न वित्तीय एजेंसियों/ बैंकों/वालेट आदि से सम्पर्क कर, द्वारा उचित माध्यम से संबंधित वित्तीय एजेंसियों को मेल करके, पीड़िता का पैसा होल्ड कराकर, पीड़िता से फ्राड हुई सम्पूर्ण धनराशि को नियमानुसार वापस करने में सफलता प्राप्त की है । पीड़िता की ऑनलाइन धोखाधड़ी से फ्राड हुयी धनराशि, पीड़िता के खाते में वापस होने पर, पीड़िता द्वारा पुलिस अधीक्षक, व कोतवाली की साइबर हेल्प डेस्क टीम की भूरि - भूरि प्रशंसा की गयी।

बरामद करने वाली टीम प्रभारी निरीक्षक अनुराग अवस्थी, कां. लोकेन्द्र सिंह साइबर सेल कोतवाली ललितपुर । कां. संदीप साइबर सेल कोतवाली ललितपुर ।किसी भी बिना पहचान वाले व्यक्ति को बैंकिंग/वित्तीय सम्बन्धी जानकारी साझा न करे।

# बहराइच में आदमखोर भेड़िए का एनकाउंटर

**बहराइच।** बहराइच में वन विभाग की टीम ने एनकाउंटर में आदमखोर भेड़िए को ढेर कर दिया। टीम ने शनिवार शाम को उसके कमर में गोली मारी। मौके पर ही उसने दम तोड़ दिया। दो दिन पहले भेड़िया 3 साल की बच्ची को उठा ले गया था। अभी तक मासूम का पता नहीं चला है। वन विभाग की टीम पिछले 2 दिन से इसकी तलाश कर रही थी। प्रभागीय वनाधिकारी राम सिंह यादव ने बताया कि शनिवार दोपहर करीब 4 बजे लोधन पुरवा से एक किलोमीटर दूर भेड़िए की लोकेशन मिली। टीम ने पहले उसे पकड़ने का प्रयास किया। लेकिन जब वह भागने लगा तो उसे गोली मार दी। जिससे उसकी मौत हो गई। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। मामला कैसरगंज तहसील के लोधन पुरवा गांव का है।

# 34 साल बाद कस्टम एक्ट केस में आरोपी बरी

**आगरा।** आगरा में 34 साल पुराने कस्टम एक्ट के एक मामले में अदालत ने बड़ा फैसला सुनाया है। वर्ष 1991 में एंबेसडर कार से बरामद हुए 27 सोने के बिस्कुट और डॉलर के नोट के मामले में आरोपी अशोक कुमार गुप्ता को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया गया। विशेष मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अचल प्रताप सिंह ने यह आदेश सुनाया। यह मामला 23 फरवरी 1991 का है। कस्टम और सेंट्रल एक्साइज विभाग की टीम उस सुबह शाहदरा चेकपोस्ट, टूंडला-आगरा हाईवे पर निगरानी कर रही थी। टीम लीड कर रहे थे अधीक्षक आर.बी. गुप्ता। इसी दौरान संदिग्ध एंबेसडर कार को रुकने का इशारा किया गया। चालक ने कार भगाने की कोशिश की, लेकिन पीछा कर रोका गया। कार राहुल चला रहा था और उसके साथ चार लोग मौजूद थे। भीड़ बढ़ने पर कार और सभी आरोपियों को संजय प्लेस स्थित कार्यालय लाया गया। प्रारंभिक तलाशी में कुछ नहीं मिला। लेकिन निजी तलाशी में आरोपियों के गुप्तांगों से कंडोम में छिपाकर रखे गए 27 सोने के बिस्कुट और 100-100 डॉलर के 10 नोट बरामद हुए। यह पूरी कार्यवाही स्वतंत्र गवाह राजेंद्र कुमार और राहुल की मौजूदगी में हुई।

# कोतवाली पुलिस और यातायात पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान

## प्रेशर हॉर्न, मोडिफाइड साइलेंसर के विरुद्ध चलाया सघन चैकिंग अभियान



**ललितपुर।** कोतवाली प्रभारी निरीक्षक, अनुराग अवस्थी और यातायात प्रभारी आलोक तिवारी द्वारा यातायात माह नवम्बर के दृष्टिगत चंदेरी चौराहा राजघाट पर चलाया जागरूकता अभियान। पुलिस अधीक्षक के निर्देश के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी यातायात राजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली अनुराग अवस्थी, यातायात प्रभारी, ललितपुर आलोक कुमार तिवारी एवं चौकी प्रभारी राजघाट अर्जुन सिंह के नेतृत्व में चंदेरी चौराहा राजघाट पर सघन चैकिंग अभियान चलाया ।अभियान के दौरान सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से चंदेरी चौराहा राजघाट पर ब्लैक फिल्म/टिंटेड ग्लास सीटबेल्ट/हेलमेट/ दो पहिया वाहन पर तीन सवारी/मोडिफाइड साइलेंसर/ प्रेशर हॉर्न के विरुद्ध चलाया गया सघन चैकिंग अभियान, जांच के दौरान ब्लैक फिल्म लगे 17 वाहनों का चालान किया गया ।

इसी क्रम में यातायात पुलिस ललितपुर द्वारा शहर भर में वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। विभिन्न चौराहों पर चलाये गये सघन चैकिंग अभियान के दौरान यातायात पुलिस द्वारा प्रवर्तन कार्यवाही के अंतर्गत 163 वाहनों का चालान किया गया व जागरूक करते हुए बताया गया कि वाहन चालक यातायात नियमों का पालन आवश्यक रूप से करें और सुरक्षित रहें ।

दो पहिया वाहन चालक हेलमेट अवश्य लगायें, जिससे की किसी दुर्घटना के घटित होने पर वह सुरक्षित रह सके। दो पहिया वाहन पर तीन सवारियां न बैठाकर न चलाये ।शराब इत्यादि का नशा करके वाहन न चलाये।

चार पहिया वाहन चालकों से सीटबेल्ट का प्रयोग करके वाहन चलाने की भी अपील की ।सवारी व लोडिंग टैक्सी चालकों से नियंत्रित गति और सुगम रूप से यातायात व्यवस्था संचालन के लिए कहा गया ।बिना नंबर प्लेट के वाहन न चलायें ।वाहन को ओवर स्पीड से न चलायें ।

# जनशिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों की तय होगी जिम्मेदारी

## आगामी सम्पूर्ण समाधान दिवस व थाना दिवसों में राजस्व की टीम लगाकर मौके पर वाद निस्तारण कराने के दिये निर्देश




**ललितपुर।** आमजन को त्वरित न्याय और उनकी सुलभता के दृष्टिगत जिलाधिकारी सत्यप्रकाश ने शनिवार को तहसील तालबेहट में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना और मौके पर कई शिकायतों का निस्तारण भी कराया। इसके साथ ही लम्बे समय से लम्बित चल रही शिकायतों पर सम्बंधित अधिकारियों को फटकार भी लगाई। इस दौरान एक दिव्यांग महिला द्वारा दिव्यांग पेंशन खाते में न आने की शिकायत की गई, जिस पर जिलाधिकारी ने दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी से मौके पर ही शिकायतकर्ता का आधार ऑथेंटिकेशन करवाकर आधार सीड कराया और पेंशन आने का निर्धारित समय भी बताया। जिलाधिकारी ने दिव्यांग पेंशन, वृद्धावस्था और निराश्रित महिला पेंशन से सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि आगामी सभी सम्पूर्ण समाधान दिवसों में कैम्प लगाकर मौके पर ही लाभार्थियों का आधार सीडिंग व ऑथेंटिकेशन, केवाईसी आदि औपचारिकताएं पूर्ण करायें, ताकि पेंशन अवरुद्ध न हो। इसके अलावा सम्पूर्ण समाधान दिवस व थाना दिवसों में राजस्व व भूमि विवादों की अधिकता को देखते हुए जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि आगामी सभी सम्पूर्ण समाधान दिवस एवं थाना दिवसों में राजस्व की टीम मौजूद रहे और अतिक्रमण, अवैध कब्जा, भूमि आदि राजस्व वादों का मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराये। तालबेहट के पत्रकारों ने ताबेहट हाईवे पर टेकरी कट पर अत्यधिक दुर्घटनाएं होने के कारण ब्लैक स्पोट घोषित कर साईनेज आदि लगवाये जाने की मांग की, ताकि दुर्घटनाओं में कमी आए, इस पर जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

### मालगाड़ी में आग लगी

बरेली। बरेली जंक्शन पर खड़ी एक मालगाड़ी के आखिरी डिब्बे से अचानक धुएं का गुबार उठने लगा। डिब्बे से धुआं निकलता देख यात्रियों और रेलवे स्टाफ में अफरा-तफरी मच गई। तुरंत इसकी सूचना कंट्रोल रूम को दी गई। मौके पर पहुंचे रेलवे कर्मचारियों और आरपीएफ की टीम ने सबसे पहले जलती हुई बोगी को बाकी ट्रेन से काटकर अलग किया, ताकि आग अन्य डिब्बों तक न फैल सके। आग लगने का कारण अभी पता नहीं चला है। घटना शनिवार सुबह प्लेटफॉर्म नंबर पर हुई। कर्मचारियों ने पानी की बाल्टियों और फायर उपकरणों की मदद से आग पर काबू पाया।

# मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत ललितपुर पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान



**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में मिशन शक्ति फेज-05 अभियान के अंतर्गत जनपद के थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केन्द्र एवं एंटी रोमियो टीम द्वारा बस अड्डों, बाजारों, पार्कों, स्कूलों व गाँव-गाँव आदि जगहों पर जाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनकी सुरक्षा, आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता, यौन उत्पीड़न से बचाव व उसके खिलाफ आवाज उठाने, साइबर अपराध से बचाव के तरीके, महिलाओं व किशोरियों के कानूनी अधिकार व हेल्प लाइन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की । आपात स्थिति में सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर्स। 1090 वूमेन पावर लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन , 181महिला हेल्पलाइन , 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 102 स्वास्थ्य सेवा, 108 एम्बुलेंस सेवा, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन साइबर अपराध से बचाव के लिए निम्न जानकारियाँ दी गई। किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें ।

## संक्षिप्त समाचार

### फिनलैंड बॉर्डर के पास रूस का एसयू-30 लड़ाकू विमान क्रैश ; दोनों पायलटों की मौत

**मास्को, एजेंसी।** रूस के करेलिया क्षेत्र में गुरुवार शाम एक एसयू-30 लड़ाकू विमान ट्रेनिंग उड़ान के दौरान क्रैश हो गया। स्थानीय समयानुसार शाम करीब 7 बजे विमान एक खाली इलाके में गिरा। रूसी रक्षा मंत्रालय ने पुष्टि की है कि दुर्घटना में विमान के दोनों पायलटों की मौत हो गई। हादसे के वक्त विमान में कोई हथियार या गोला-बारूद नहीं था। अब तक हादसे की वजह साफ नहीं है। शुरुआती जानकारी के मुताबिक तकनीकी खराबी या पायलट की गलती, दोनों संभावनाओं की जांच की जा रही है। रूसी अधिकारियों ने क्रैश साइट से डेटा इकट्ठा करने के लिए एक विशेष आयोग गठित किया है। एसयू-30 रूस का डबल-इंजन मल्टी-रोल लड़ाकू विमान है। इसका इस्तेमाल हवाई और जमीनी दोनों ऑपरेशनों में किया जाता है। इसे यूक्रेन युद्ध के दौरान भी बड़े पैमाने पर तैनात किया गया है। इसी साल जुलाई में भी एक एसयू-34 ट्रेनिंग मिशन के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हुआ था। यूक्रेन के दावों के मुताबिक, फरवरी 2022 में युद्ध शुरू होने के बाद से रूस 428 सैन्य विमान खो चुका है। इन आंकड़ों की पुष्टि नहीं हो सकी है। विशेषज्ञों का अनुमान है कि इनमें से करीब 15 हादसे एसयू-30स्रूविमानों के हो सकते हैं।


### भारत-अमेरिका के बीच ट्रेड डील पर लगेगी मुहर? ट्रंप के अधिकारी ने बता दी डेडलाइन

**वाशिंगटन एजेंसी।** भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड डील को लेकर बात आगे बढ़ रही है। अमेरिका ने संकेत दिया है कि भारत के साथ व्यापार वार्ता आगे बढ़ रही है। एक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी ने दोनों देशों के बीच हालिया चर्चाओं को काफी सकारात्मक बताया है। पत्रकारों से बात करते हुए अधिकारी ने पुष्टि की कि वाशिंगटन नई दिल्ली के साथ एक पारस्परिक व्यापार समझौते पर काम कर रहा है और साथ ही भारत की ओर से रूसी तेल की खरीद पर चिंताओं का समाधान भी कर रहा है। अधिकारी ने कहा, मुझे लगता है कि हाल ही में उनके साथ हमारी कई सकारात्मक प्रगति हुई है। उन्होंने आगे कहा कि वार्ता इस साल के अंत तक रिजल्ट दे पाएगी। अधिकारी ने बताया, मुझे लगता है कि हाल ही में उनके साथ हमारी कई सकारात्मक प्रगति हुई है। उनके साथ हमारे दो मुद्दे चल रहे हैं। बेशक, हमारे बीच एक पारस्परिक व्यापार वार्ता चल रही है, लेकिन रूसी तेल का मुद्दा भी है, जिस पर हमने बाजार में सुधार देखा है। इसलिए मुझे लगता है कि हम आराम कर सकते हैं और थोड़ा आराम कर सकते हैं, लेकिन अभी भी बहुत कुछ करना बाकी है, लेकिन पहले से ही काफी सकारात्मक प्रगति हो रही है और साल के अंत तक हमें और भी प्रगति देखने को मिल सकती है। अमेरिकी प्रशासन भारत के साथ दो समानांतर मुद्दों पर काम कर रहा है। पहला, पारस्परिक व्यापार वार्ता से जुड़ा है, जिसका उद्देश्य आमतौर पर देशों के बीच टैरिफ और बाजार तक पहुंच को संतुलित करना होता है। दूसरा, अधिकारियों की ओर से रूसी तेल को लेकर भारत पर दबाव बनाना। अमेरिका और भारत के बीच व्यापार 2024 में लगभग 190 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया और दोनों देशों ने द्विपक्षीय वाणिज्य को बढ़ाने की बात कही है।

### एडिटेड एपिसोड चलाने के लिए ट्रंप से बीबीसी ने मांगी माफी, मुआवजे की मांग ठुकराई

**वाशिंगटन , एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप और बीबीसी के बीच चल रहे विवाद के बीच एक बड़ी खबर सामने आई है। बीबीसी ने अपने इंवेस्टिगेटिव प्रोग्राम पैनोरामा के लिए ट्रंप ने माफी मांगी है। हालांकि, इस दौरान बीबीसी ने ट्रंप की मुआवजे की मांग को खारिज कर दिया। दरअसल, बीबीसी ने कहा कि इस मामले में मानहानि का कोई आधार नहीं है। बीबीसी के चेयरपर्सन समीर शाह ने व्हाइट हाउस को एक पत्र लिखा है, जिसमें कहा कि गया कि बीबीसी इस दुर्भाग्यपूर्ण गलती के लिए क्षमा चाहते हैं। अपने माफीनामा में बीबीसी ने कहा कि हम यह मानते हैं कि एडिटेड स्पीच लोगों के बीच अनजाने में यह धारणा पैदा कर दी गई कि वे पूरा भाषण देख और सुन रहे थे। जबकि उस भाषण के अलग-अलग हिस्सों को जोड़कर तैयार किया गया था। इससे लगा कि राष्ट्रपति ट्रंप ने यूएस कैपिटल हिल पर धावा बोलने के लिए अपने समर्थकों को उकसाया था। वहीं, इस पत्र में बीबीसी की ओर से कहा गया कि वह इस डॉक्यूमेंट्री को किसी भी प्लेटफॉर्म पर दोबारा नहीं प्रसारित करेगा। बीबीसी ने आगे कहा कि इस वीडियो एडिटिंग पर हमें गहरा अफसोस है, लेकिन हम दृढ़ता से असहमत हैं कि इसमें मानहानि के दावे का कोई आधार नहीं है। गौरतलब है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने 6 जनवरी, 2021 के यूएस कैपिटल हिल दंगे से कुछ घंटे पहले दिए गए अपने भाषण के साथ छेड़छाड़ प्रसारित करने के मामले में 9 नवंबर को बीबीसी को पत्र लिखकर कानूनी कार्रवाई की धमकी दी थी।

# ट्रम्प से रिश्ते सुधारने के लिए पाकिस्तान ने करोड़ों खर्चे, नोबेल के लिए नॉमिनेट किया; कभी ट्रम्प ने पाकिस्तान को धोखेबाज देश कहा था



**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की दूसरी सरकार में पाकिस्तान के साथ रिश्ते अचानक सुधर गए हैं। पहले ट्रम्प पाकिस्तान को झूठ और धोखे वाला देश कहते थे, लेकिन अब वे पाक आर्मी चीफ को अपना फेवरेट फील्ड मार्शल बुलाते हैं। अमेरिकी अखबार द न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक, पाकिस्तान ने इस बदलाव के लिए करोड़ों रुपए खर्च किए हैं। पाकिस्तान ने इस साल अप्रैल और मई के महीनों में वॉशिंगटन की कई लॉबिंग फर्म्स के साथ 5 मिलियन डॉलर (करीब 42 करोड़ रुपए) के कॉन्ट्रैक्ट किए। पाकिस्तान ने ट्रम्प को अपने पाले में करने के लिए भारत-पाक संघर्ष रोकने का क्रेडिट दिया और नोबेल पीस प्राइज के लिए नॉमिनेट किया। जबकि पीएम मोदी ने क्रेडिट देने से इनकार कर दिया, जिससे ट्रम्प नाराज हो गए। इसके अलावा, पाकिस्तान ने 500 मिलियन डॉलर की मिनरल एक्सट्रैक्शन डील की और अमेरिकी कृषि प्रोडक्ट्स के लिए मार्केट खोला।

**पाकिस्तान ने ट्रम्प के करीबियों से डील की :** पाकिस्तान ने जिन फर्म्स के साथ डील की उनमें कुछ ऐसे लोग भी शामिल थे जो पहले डोनाल्ड ट्रम्प के करीबी सहयोगी रह चुके हैं, जैसे उनके पूर्व बिजनेस पार्टनर और बॉडीगार्ड कीथ शिलर। पाकिस्तान ने 8 अप्रैल को लॉबिंग फर्म सीडेन लॉ से कॉन्ट्रैक्ट किया, जिसमें यह वादा किया गया कि पाकिस्तान की व्हाइट हाउस में हाई लेवल पर बैठकों की व्यवस्था कराई जाएगी। इसके बाद 24 अप्रैल को एक और करार हुआ। कुछ हफ्तों बाद ही पाकिस्तानी सेना आसिम मुनीर ने वॉशिंगटन का दौरा किया जहां उन्होंने राष्ट्रपति ट्रम्प से व्हाइट हाउस में प्राइवेट मुलाकात की। पाकिस्तान को फायदा-टैरिफ घटा, रिश्ते सुधरे रिपोर्ट के मुताबिक, इन लॉबिंग कॉन्ट्रैक्ट्स के बाद ही अमेरिका का रुख पाकिस्तान के लिए नरम पड़ा। अप्रैल में ट्रम्प ने पाकिस्तान पर 29% टैरिफ लगाया था। चार महीने बाद ही इसे घटाकर 19% कर दिया गया, जबकि भारत के लिए यह 50% तक बढ़ा दिया गया। व्हाइट हाउस की प्रवक्ता एना केली ने कहा कि पाकिस्तान आतंकवाद के खिलाफ अमेरिका का अहम साझेदार रहा है। राष्ट्रपति ट्रम्प के नेतृत्व में भारत-पाक संघर्ष को खत्म करने और आर्थिक सहयोग बढ़ाने में पाकिस्तान ने सकारात्मक भूमिका निभाई है।

**भारत के लिए मुश्किलें बढ़ीं :** भारत ने भी लॉबिंग बढ़ाने की कोशिश की, लेकिन पाकिस्तान से तीन गुना कम खर्च किया। भारत ने अप्रैल में पार्टनर्स रु और अगस्त में मर्करी पब्लिक अफेयर्स जैसी अमेरिकी फर्मों को हायर किया, जिनसे ट्रम्प के पुराने सलाहकार जुड़े हैं इसके बावजूद, ट्रम्प प्रशासन की नीतियां पाकिस्तान के पक्ष में झुकी रहीं, जिससे दोनों देशों के बीच तनाव और बढ़ गया। लॉबिस्ट कैसे काम करता है समझिए लॉबिस्ट एक ऐसा इंसान होता है जो सरकारी नीतियों, कानूनों और फैसलों को प्रभावित करता है। यह किसी ग्रुप, बिजनेस और इंसान की तरफ से वकालत करता है। यह सरकारी फैसलों पर असर डालते के लिए डेटा, कम्युनिकेशन और पर्सनल संबंधों का इस्तेमाल करता है। लॉबिस्ट के काम को ऐसे समझिए कि एक दवाई बनाने वाली कंपनी चाहती है कि सरकार उसकी नई दवा को जल्दी मंजूरी दे दे। अब कंपनी खुद सीधे मंत्री से तो नहीं मिल सकती, इसलिए वह एक लॉबिस्ट को हायर करती है। ये लॉबिस्ट नेताओं, अधिकारियों से मिलकर कंपनी की बात रखता है, उन्हें समझाता है कि ये दवा जरूरी है, लोगों का भला होगा वगैरह-वगैरह। बदले में कंपनी उसे पैसे देती है। आसान शब्दों में कहें तो लॉबिस्ट सरकार और प्राइवेट कंपनियों के बीच का पुल है, जो अपने क्लाइंट का फायदा चाहता है।

### भारत-अमेरिका के बीच ट्रेड डील पर कब लगेगी मुहर? ट्रंप के अधिकारी ने बता दी डेडलाइन

भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड डील को लेकर बात आगे बढ़ रही है। अमेरिका ने संकेत दिया है कि भारत के साथ व्यापार वार्ता आगे बढ़ रही है। एक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी ने दोनों देशों के बीच हालिया चर्चाओं को काफी सकारात्मक बताया है। पत्रकारों से बात करते हुए अधिकारी ने पुष्टि की कि वाशिंगटन नई दिल्ली के साथ एक पारस्परिक व्यापार समझौते पर काम कर रहा है और साथ ही भारत की ओर से रूसी तेल की खरीद पर चिंताओं का समाधान भी कर रहा है। अधिकारी ने कहा, मुझे लगता है कि हाल ही में उनके साथ हमारी कई सकारात्मक प्रगति हुई है। उन्होंने आगे कहा कि वार्ता इस साल के अंत तक रिजल्ट दे पाएगी। अधिकारी ने बताया, मुझे लगता है कि हाल ही में उनके साथ हमारी कई सकारात्मक प्रगति हुई है। उनके साथ हमारे दो मुद्दे चल रहे हैं। बेशक, हमारे बीच एक पारस्परिक व्यापार वार्ता चल रही है, लेकिन रूसी तेल का मुद्दा भी है, जिस पर हमने बाजार में सुधार देखा है। इसलिए मुझे लगता है कि हम आराम कर सकते हैं और थोड़ा आराम कर सकते हैं, लेकिन अभी भी बहुत कुछ करना बाकी है, लेकिन पहले से ही काफी सकारात्मक प्रगति हो रही है और साल के अंत तक हमें और भी प्रगति देखने को मिल सकती है। अमेरिकी प्रशासन भारत के साथ दो समानांतर मुद्दों पर काम कर रहा है। पहला, पारस्परिक व्यापार वार्ता से जुड़ा है, जिसका उद्देश्य आमतौर पर देशों के बीच टैरिफ और बाजार तक पहुंच को संतुलित करना होता है।

# दुबई में पहली बार हुई 'गैंग वॉर'! बिश्नोई के करीबी जोरा सिद्धू की हत्या का दावा, किसने ली जिम्मेदारी?



**दुबई, एजेंसी।** दुबई में भारतीय गैंगस्टरों के बीच कथित रूप से पहली बार हुए प्रतिद्वंद्वी गैंग वॉर की खबर सोशल मीडिया पर तेजी से फैल रही है। यह दावा एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए किया गया है जो कुख्यात गैंगस्टर रोहित गोदारा से जुड़े अकाउंट से शेयर हुआ है। पोस्ट में विरोधी गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के करीबी और सहयोगी जोरा सिद्धू उर्फ सिप्पा की हत्या की जिम्मेदारी ली गई है। गोदारा से जुड़े अकाउंट से किए गए पोस्ट में कहा गया कि दुबई में जोरा सिद्धू की गला रेतकर हत्या की गई है। आरोप है कि सिद्धू, लॉरेंस बिश्नोई के निर्देश पर गैंग के लिए हैंडलर का काम कर रहा था और दुबई में बैठकर कनाडा और अमेरिका में कई लोगों को धमकियां दे रहा था। पोस्ट में यह भी दावा किया गया कि सिद्धू ने पहले जर्मनी में गोदारा के एक साथी की हत्या करवाने की कोशिश की थी, जिस कारण यह 'बदला' लिया गया। पोस्ट में लिखा हुआ संदेश कहता है- आज दुबई में लॉरेंस का जोरा सिद्धू (सिप्पा) गला रेतकर मार दिया गया। यह काम हमने करवाया हैज दुबई में बैठकर वह कनाडा और अमेरिका में धमकियां दे रहा था। जो दुबई को सुरक्षित समझते हैं, समझ लें - अगर हमारे दुश्मन हैं, तो कहीं भी सुरक्षित नहीं। जिन नामों का जिक्र किया गया पोस्ट में रोहित गोदारा के अलावा गोल्डी बराड़, वीरेंद्र चारण, महेंद्र सरन डेलाना और विक्की पहलवान कोटकपूरा का भी उल्लेख किया गया है। ये सभी कथित तौर पर उसी गैंग के सदस्य बताए गए हैं, जिसने इस हमले की जिम्मेदारी ली है। पोस्ट आगे चेतावनी देता है कि पुलिस हर जगह नहीं पहुंच सकती, लेकिन हम पहुंचेंगे। जो भी विरोध करेगा, तैयार रहे। दुबई पुलिस की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं हालांकि सोशल मीडिया पोस्ट ने माहौल गर्म कर दिया है, लेकिन दुबई पुलिस की ओर से अब तक इस कथित हत्या की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। कई सुरक्षा विशेषज्ञों के अनुसार, दुबई जैसे अत्यंत निगरानी वाले शहर में इस तरह की वारदात होना असामान्य माना जाता है, इसलिए आधिकारिक पुष्टि का इंतजार महत्वपूर्ण है। पोस्ट के वायरल होने के बाद भारतीय सुरक्षा एजेंसियां भी मामले पर नजर बनाए हुए हैं। बिश्नोई और गोदारा गैंग- दोनों ही हाल के वर्षों में भारत के बाहर संचालित होने और अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क बनाने के आरोपों से घिरे रहे हैं। जब तक दुबई पुलिस या स्थानीय अधिकारियों द्वारा कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी जाती है।

# तीसरे बाजार की तलाश तेज, अमेरिकी टैरिफ से भारत जैसे देशों पर कोई खास असर नहीं; रिपोर्ट में खुलासा

**वाशिंगटन एजेंसी।** जोखिम परामर्श फर्म वेरिस्क मैपलक्रोफ्ट की एक नई रिपोर्ट में कहा गया है कि अधिकांश बड़ी उभरती अर्थव्यवस्थाओं, जैसे भारत, चीन और ब्राजील पर अमेरिका की ओर से लगाए गए टैरिफ का कोई खास असर नहीं होगा। यह निष्कर्ष अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप की व्यापारिक नीतियों की प्रभावशीलता पर सवाल खड़े करता है। रिपोर्ट में 20 प्रमुख उभरते बाजारों का मूल्यांकन कर्ज स्तर, निर्यात पर निर्भरता और व्यापारिक अस्थिरता और तेजी से बदलते वैश्विक गठजोड़ जैसी कसौटियों पर किया गया। इसमें पाया गया कि अधिकांश निर्माण केंद्र, जिनमें एशिया के देश भी शामिल हैं, अमेरिकी टैरिफ के झटकों से निपटने के लिए अपेक्षाकृत मजबूत स्थिति में हैं। एशिया रिसर्च की प्रमुख और रिपोर्ट की सहलेखक रीमा भट्टाचार्य ने कहा, दुनिया के अधिकांश देश इस टैरिफ तूफान से निपटने की बेहतर स्थिति में हैं। यहां तक कि अगर अमेरिका पूरी क्षमता से टैरिफ बढ़ाता है, तब भी असर सीमित रहेगा। मेक्सिको और वियतनाम को अमेरिकी व्यापार पर सबसे ज्यादा निर्भर माना गया है, लेकिन वहां की प्रगतिशील नीतियां, बेहतर बुनियादी ढांचा और राजनीतिक स्थिरता उन्हें लचीला बनाती हैं। वहीं ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका जैसे देश वैकल्पिक व्यापारिक साझेदारों के साथ संबंध मजबूत कर रहे हैं, जो भविष्य में उन्हें सुरक्षा प्रदान कर सकते हैं। भट्टाचार्य ने कहा, लगभग हर उभरता बाजार समझता है कि अमेरिका और चीन दोनों के साथ व्यापार जरूरी है, लेकिन किसी एक पर अधिक निर्भर नहीं रहा जा सकता। इसलिए अब तीसरे बाजार की तलाश बढ़ रही है। उन्होंने बताया कि चीन, हालांकि अमेरिकी तनावों से ज्यादा प्रभावित है, फिर भी उसका विविध निर्यात ढांचा और मानव संसाधन उसे प्रतिस्थापित करना लगभग असंभव बनाते हैं। चीन ने रेनमिन्बी मुद्रा में व्यापार निपटान को बढ़ावा देने की रणनीति अपनाई है ताकि आर्थिक स्थिरता और भू-राजनीतिक जोखिमों से बचाव किया जा सके।

# अमेरिका में रिकॉर्ड 43 दिनों बाद शटडाउन खत्म



**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में रिकॉर्ड 43 दिनों का सबसे लंबा सरकारी शटडाउन समाप्त हो गया है। संघीय कार्यों के लिए अस्थायी धन मुहैया कराने से संबंधित विधेयक पर बुधवार रात राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप के हस्ताक्षर करने के बाद देश के इतिहास में सर्वाधिक लंबा यह शटडाउन समाप्त हुआ।

रिपब्लिकन और डेमोक्रेट्स के बीच चल रहे गतिरोध को समाप्त करने के लिए सीनेट ने संबंधित विधेयक को मंजूरी दी। यह डेमोक्रेट्स के लिए एक झटका है क्योंकि पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा के कार्यकाल के स्वास्थ्य बीमा कार्यक्रम - ओबामाकेयर के लिए सब्सिडी बढ़ाने की मांग को स्वीकार नहीं किया गया। बजट पारित होने तक अस्थायी वित्त-पोषण का विधेयक सीनेट में अटका हुआ था क्योंकि बहुमत वाली रिपब्लिकन पार्टी के पास मतदान के लिए आवश्यक 60 वोट नहीं थे। धीरे-धीरे बहाल होंगी सेवाएं इस बीच, व्हाइट हाउस के बजट कार्यालय के एक प्रवक्ता ने कहा कि संघीय सरकार के फिर से खुलने के कुछ ही घंटों के भीतर पूरक पोषण सहायता कार्यक्रम (स्नैप) के तहत लाभार्थियों के खाते पूरी तरह से बहाल हो जाएंगे। हालात सामान्य होने में अभी कुछ और दिनों का करना होगा इंतजार शटडाउन समाप्त तो हो गया, लेकिन वित्तीय सहायता रोके जाने से प्रभावित कार्यक्रमों और इसके परिणामों से लोगों को उबरने में कुछ समय लगेगा। कुछ संघीय सेवाएं धीरे-धीरे बहाल होंगी। कर्मचारियों में वेतन को लेकर चिंता हजारों सरकारी कर्मचारी इस बात को लेकर असमंजस में हैं कि उन्हें उनका बकाया वेतन कब मिलेगा। एयरलाइन और आतिथ्य क्षेत्र जैसे उद्योगों को सरकारी खर्च में कमी का असर महसूस हुआ था। उन्हें अपनी स्थिति फिर से पटरी पर लाने के लिए और भी अधिक समय की आवश्यकता हो सकती है। बाकी अर्थव्यवस्था भी कुछ समय तक इसका असर महसूस कर सकती है। परिवहन मंत्री बोले, 48 घंटों के भीतर बकाया वेतन का 70 प्रतिशत मिलेगा संघीय कानून के अनुसार, जिन कर्मचारियों का वेतन शटडाउन के दौरान रुका हुआ था, उन्हें पूरा वेतन मिलना जरूरी है। अतीत में, अवैतनिक कर्मचारियों को पिछला वेतन मिलने में लगभग एक हफ्ते का समय लगता था, हालांकि कार्मिक प्रबंधन कार्यालय ने कहा है कि यह एजेंसी के अनुसार अलग-अलग होता है। परिवहन मंत्री सीन डफी ने कहा है कि हवाई यातायात नियंत्रकों को शटडाउन समाप्त होने के 24 से 48 घंटों के भीतर उनके बकाया वेतन का 70 प्रतिशत मिल जाएगा, लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि सरकार के अन्य विभागों के लिए भी यही समय-सारिणी लागू होगी या नहीं। एयरलाइन उद्योग के लिए प्रतिबंध के संबंध में क्या है आगे की राह एयरलाइन उद्योग के प्रतिनिधियों का अनुमान है कि शटडाउन के बाद हवाई यात्रा सामान्य होने में लगभग एक सप्ताह का समय लगेगा। लेकिन, इस समय-सारिणी को बनाए रखने के लिए कुछ चीजें होनी जरूरी हैं। परिवहन विभाग को यह सुनिश्चित करना होगा।

# रूसी तेल के गुप्त सहयोगी पर ब्रिटेन की नजर



**मास्को, एजेंसी।** यूनाइटेड किंगडम ने रूस के तरलीकृत प्राकृतिक गैस निर्यात को निशाना बनाते हुए नए प्रतिबंधों की घोषणा की है। इन प्रतिबंधों से ब्रिटिश शिपिंग कंपनियों और बीमा कंपनियों को रूसी एलएनजी के परिवहन, लॉजिस्टिक्स, बीमा तथा वित्तपोषण जैसी समुद्री सेवाएं देने से सख्ती से रोका जाएगा। इसका उद्देश्य मॉस्को के जीवाश्म ईंधन से होने वाली कमाई को घटाना है, जो यूक्रेन पर चल रहे युद्ध को चलाने के लिए इस्तेमाल होती है। पोलिटिको की एक रिपोर्ट के मुताबिक, ब्रिटेन की विदेश मंत्री यवेट कूपर ने मंगलवार को (स्थानीय समयानुसार) कनाडा के नियाग्रा में जी-7 विदेश मंत्रियों की बैठक के दौरान इन कदमों का ऐलान किया। ब्रिटेन ने वर्ष 2023 में ही रूसी एलएनजी के आयात पर रोक लगा दी थी। लेकिन रिपोर्ट में उल्लेख है कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन द्वारा यूक्रेन पर हमले को शुरू हुए लगभग चार वर्ष बाद भी ब्रिटिश फर्में रूसी एलएनजी ले जाने वाले टैंकरों को समुद्री और बीमा सुविधाएं देती रहीं। ये नए प्रतिबंध 2026 तक चरणबद्ध रूप से लागू होंगे और यह यूरोपीय संघ के साथ मिलकर उठाया गया कदम है। ब्रिटेन के विदेश, राष्ट्रमंडल एवं विकास कार्यालय (एफसीडीओ) के अनुसार, यह कदम यूरोपीय संघ के ताजा प्रतिबंध पैकेज के अनुरूप है, जो 1 जनवरी 2027 तक लंबी अवधि के अनुबंधों के तहत रूसी एलएनजी आयात पर पाबंदी लगाएगा, जबकि छोटी अवधि के सौदों पर इससे पहले। पोलिटिको की रिपोर्ट में कहा गया है कि इस समयसीमा से ब्रिटिश कंपनियां यूरोपीय संघ के आयात प्रतिबंध लागू होने तक यूरोप भेजे जाने वाले एलएनजी के शिपमेंट को मैनेज कर सकेंगी। रिपोर्ट के अनुसार, 2022 में रूस के आक्रमण के बाद, यूरोप को रूस से पाइपलाइन के जरिए गैस की आपूर्ति में भारी कमी आई, लेकिन समुद्री मार्ग से एलएनजी आयात रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया। पोलिटिको ने एक अभियान समूह के हवाले से बताया कि ब्रिटिश कंपनी सीपीके मैरीटाइम ग्लासगो लिमिटेड को 2025 की पहली छमाही में रूस के साइबेरियाई निर्यात केंद्र यमल एलएनजी से करीब चार मिलियन टन एलएनजी कार्गो की सुविधा देने के लिए जिम्मेदार ठहराया गया। यह उस दौरान कुल शिपमेंट का लगभग 39 प्रतिशत था।

# अमेरिका में 17000 विदेशी ट्रक ड्राइवरों के लाइसेंस पर कैंची, रडार पर सबसे अधिक भारतीय



**वाशिंगटन , एजेंसी।** अमेरिकी राज्य कैलिफोर्निया 17000 विदेशी ट्रक ड्राइवर्स के कमर्शियल ड्राइविंग लाइसेंस (सीडीएल) को रद्द करने की तैयारी में है। इस फैसले से सैकड़ों भारतीय मूल के ड्राइवर बुरी तरह प्रभावित हो सकते हैं, जो अमेरिका में ट्रक चालकों की भारी कमी के समय महत्वपूर्ण योगदान दे चुके हैं। कई चालकों को गलत दिशा में वाहन चलाते हुए पकड़े जाने के मामले भी सामने आए हैं। यह कठोर कार्रवाई अगस्त में फ्लोरिडा में एक अवैध भारतीय प्रवासी ड्राइवर द्वारा यू-टर्न लेने से हुई भयावह दुर्घटना का परिणाम मानी जा रही है, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई थी। हालांकि, राज्य ने प्रभावित अप्रवासी चालकों की विस्तृत जानकारी सार्वजनिक नहीं की है। माना जा रहा है कि इस कदम से भारतीय और भारतीय मूल के ट्रक ड्राइवर सबसे ज्यादा प्रभावित होंगे। 2019 की लॉस एंजिल्स टाइम्स रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका में (विशेषकर कैलिफोर्निया में) पिछले एक दशक में भारतीय-सिख समुदाय ने ट्रकिंग उद्योग की कमी को पूरा करने में अहम भूमिका निभाई है। कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूसम ने स्पष्ट किया कि ये लाइसेंस अमान्य हो रहे हैं क्योंकि इनकी समाप्ति तिथि चालकों के अमेरिका में वैध रहने की अवधि से अधिक थी। समाचार एजेंसी एपी के अनुसार, राज्य परिवहन एजेंसी ने बताया कि ये लाइसेंस तब समाप्त हो चुके थे जब ड्राइवरों को अमेरिका में कानूनी रूप से रहने की अनुमति थी। दूसरी तरफ, अमेरिकी परिवहन सचिव सीन पी डफी ने गवर्नर गेविन न्यूसम के स्टे परमिट समाप्ति के दावे को पूरी तरह खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि राज्य का यह निर्णय साबित करता है कि कैलिफोर्निया ने अपनी प्रक्रियाओं को ठीक से नहीं संभाला, जबकि पहले राज्य ने इसे वैध ठहराया था। डफी ने एक बयान में कहा कि हफ्तों तक दावा करने के बाद कि कोई गलती नहीं हुई, गेविन न्यूसम और कैलिफोर्निया को रंगे हाथों पकड़ लिया गया है। अब जब उनके झूठ का पर्दाफाश हो गया है, तो 17000 अवैध रूप से जारी ट्रकिंग लाइसेंस रद्द हो रहे हैं। यह तो सिर्फ शुरुआत है। मेरी टीम कैलिफोर्निया को मजबूर करती रहेगी।

# जर्मनी में पोलियो का जंगली रूप, हैम्बर्ग में मिला खतरनाक वायरस




**पेरिस , एजेंसी।** वैश्विक स्तर पर पोलियो को समाप्त करने के लिए युद्ध स्तर पर काम हुए हैं। सभी देशों ने इसे जड़ से समाप्त करने के लिए अपना सब कुछ झोंक दिया है। हालांकि, अभी तक इस पर पूरी तरह सफलता नहीं मिल पाई है। कुछ क्षेत्रों ने इसमें काफी हद तक सफलता पाई थी। इस बीच जर्मनी के हैम्बर्ग में अपशिष्ट जल के एक नमूने में वाइल्ड पोलियोवायरस टाइप 1 का पता लगाया गया है। दरअसल, यूरोपीय संघ की एक एजेंसी, यूरोपीय रोग निवारण और नियंत्रण केंद्र ने अपने एक बयान में बताया कि जर्मनी ने हैम्बर्ग में अपशिष्ट जल के नमूने में जंगली पोलियो वायरस टाइप 1 (डब्ल्यूपीवी 1) का पता लगाने की सूचना दी है। इससे पहले ऐसी रिपोर्टें आई थीं कि 2024 के अंत से जर्मनी में कई स्थानों से प्राप्त अपशिष्ट जल के नमूनों में वैक्सीन-व्युत्पन्न पोलियोवायरस टाइप 2 (सीवीडीपीवी2) पाया जा रहा है, जो ऐसे समय में एक झटका है, जब देश इस वायरस को खत्म करने के लिए प्रयासरत हैं।

**इन लोगों के लिए खतरा :** सीवीडीपीवी2 और डब्ल्यूपीवी1 का पता लगाना एक दूसरे से संबंधित नहीं है, लेकिन दोनों पोलियो वायरस उन लोगों में पोलियो का कारण बन सकते हैं, जिनका टीकाकरण नहीं हुआ है या जिनका पूर्ण टीकाकरण नहीं हुआ है। रॉबर्ट कॉख इंस्टीट्यूट ने अपने बयान में कहा, जर्मनी में सीवेज के एक नमूने में वाइल्ड पोलियोवायरस टाइप 1 का पता चला है। हालांकि राहत की बात है कि अब तक किसी भी इंसान में संक्रमण की पुष्टि नहीं हुई है। वायरस मिलना असामान्य जर्मनी में अपशिष्ट जल के नमूने में डब्ल्यूपीवी1 का पाया जाना असामान्य है, लेकिन अप्रत्याशित नहीं। बयान में कहा गया है कि जर्मनी में अपशिष्ट जल में डब्ल्यूपीवी1के पाए जाने से यूरोपीय आबादी को होने वाला जोखिम बहुत कम माना जा रहा है, क्योंकि इस पूरे क्षेत्र में टीकाकरण दर आम तौर पर बहुत ऊंची है। डब्ल्यूपीवी1 के जीनोम अनुक्रम से पता चला है कि यह अफगानिस्तान के एक जेनेटिक क्लस्टर से अत्यधिक मेल खाता है। वर्तमान में डब्ल्यूपीवी1 केवल अफगानिस्तान और पाकिस्तान में ही फैल रहा है, लेकिन हाल के वर्षों में इसे इन दोनों देशों के बाहर भी पाया गया है। ईरान (2019) में पर्यावरण नमूनों में और मलावी (2021) तथा मोजाम्बिक (2022) में ये मामले मिले थे। टीकाकरण कवरेज 90 प्रतिशत से अधिक सभी यूरोपीय संघ/ईईए देशों में पोलियो टीकाकरण कार्यक्रम हैं और सभी निष्क्रिय पोलियो टीके (आईपीवी) का उपयोग करते हैं। अधिकांश यूरोपीय संघ/ईईए देशों में टीकाकरण कवरेज 90% से अधिक है। चूंकि पोलियो का विश्व स्तर पर उन्मूलन नहीं हुआ है, इसलिए यूरोप में इस विषाणु के पुनः फैलने का खतरा तब तक बना रहेगा जब तक वहां ऐसे लोग हैं जिनका पूर्ण टीकाकरण नहीं हुआ है। ऐसे में लोगों को पोलियो से बचाने के लिए टीकाकरण की आवश्यकता है। अपशिष्ट जल में पोलियो वायरस की पूर्व में हुई पहचान के बाद ईसीडीसी ने सार्वजनिक स्वास्थ्य प्राधिकारियों के लिए सिफारिशें की हैं। सभी यूरोपीय संघ/ईईए देशों में नियमित टीकाकरण कार्यक्रमों में शामिल पोलियो-युक्त टीकों का समय पर प्रशासन सुनिश्चित करना, विशेष रूप से छोटे बच्चों के लिए, ताकि समाज के सभी स्तरों पर कम से कम 90% कवरेज बनाए रखा जा सके। यूरोपीय रोग निवारण और नियंत्रण केंद्र के बयान के अनुसार, ईसीडीसी स्थिति की निगरानी करने, मार्गदर्शन प्रदान करने और उच्च टीकाकरण स्तर बनाए रखने के प्रयासों का समर्थन करने के लिए राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय भागीदारों के साथ मिलकर काम करना जारी रखेगा।

# कोलकाता टेस्ट में भारत की पकड़ मजबूत, दक्षिण अफ्रीका संकट में

**– तीसरे दिन जीत दर्ज कर सकता है भारत, दक्षिण अफ्रीका पहली पारी 159, दूसरी पारी 93/7 – भारत पहली पारी 189**

**कोलकाता (एजेंसी)।** कोलकाता के ईडन गार्डन में खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच में भारतीय टीम जीत की ओर तेजी से बढ़ रही है। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक दक्षिण अफ्रीका ने अपनी दूसरी पारी में 93 रन पर सात विकेट खो दिए थे। पहली पारी में भारत से 30 रन पीछे रहने के चलते उसकी कुल बढ़त अभी सिर्फ 63 रन की है। स्टंप्स के समय कप्तान तेम्बा बावुमा 29 रन और कोर्बिन बॉश एक रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। भारत के लिए, रविंद्र जडेजा ने घातक गेंदबाजी करते हुए चार विकेट झटके, जबकि कुलदीप यादव ने दो और अक्षर पटेल ने एक सफलता हासिल की। मेहमान टीम की बल्लेबाजी भारतीय स्पिनरों के सामने बेबस नजर आई और लगातार विकेट गिरने से उनकी स्थिति और कमजोर होती चली गई।

इससे पहले भारत की पहली पारी 189 रन पर सिमट गई। भारतीय टीम व्यावहारिक रूप से नौ विकेट पर ही रुक गई क्योंकि कप्तान शुभमन गिल गर्दन में ऐंठन के चलते रिटायर हर्ट हो गए और दोबारा बल्लेबाजी के लिए मैदान पर नहीं लौट सके। उनकी जगह विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने टीम की कमान संभाली। भारत की पारी में सबसे बड़ा बाधक दक्षिण अफ्रीका के अनुभवी ऑफ स्पिनर साइमन हार्मर बने, जिन्होंने अपनी क्लासिकल ऑफ स्पिन गेंदबाजी का शानदार प्रदर्शन करते हुए 30 रन देकर चार महत्वपूर्ण विकेट हासिल किए। हार्मर की टर्न लेती गेंदों ने भारतीय बाएं हाथ के बल्लेबाजों को लगातार परेशान किया और उन्होंने वाशिंगटन सुंदर, रवींद्र जडेजा और अक्षर पटेल को क्रमशः 29, 27 और 16 रन पर पवेलियन भेजा। तेज गेंदबाज मार्को यानसन ने भी 35 रन देकर तीन विकेट हासिल किए और हार्मर का बखूबी साथ निभाया।

दिन की शुरुआत भारत ने एक विकेट पर 37 रन से की थी। केएल राहुल और वाशिंगटन सुंदर ने संयम से बल्लेबाजी करते हुए दूसरे विकेट के लिए 57 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी की। दोनों ने दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों का मजबूती से सामना किया, लेकिन ड्रिंक्स ब्रेक के बाद मैच का रुख अचानक बदल गया। हार्मर ने वाशिंगटन को स्लिप में एडेन मार्करम के हाथों कैच कराकर भारत को बड़ा झटका दिया। इसके बाद जडेजा और अक्षर ने 45-45 गेंदें खेलकर संघर्ष तो किया, लेकिन टीम के स्कोर में बड़ा अंतर नहीं ला सके। ध्रुव जुरेल ने आक्रामक अंदाज में शुरुआत करने की कोशिश की, लेकिन हार्मर को रिटर्न कैच थमा बैठे।




दूसरी पारी में भारतीय गेंदबाजों ने जबरदस्त प्रदर्शन किया और दक्षिण अफ्रीका को शुरू से ही दबाव में रखा। बल्लेबाज एक-एक कर पवेलियन लौटते गए और टीम बड़ी बढ़त हासिल करने में नाकाम रही। मौजूदा स्थिति को देखते हुए भारत तीसरे दिन ही यह टेस्ट मैच अपने नाम कर सकता है।

# केएल राहुल ने टेस्ट करियर में पूरे किए 4,000 रन



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ईडन गार्डन्स में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेले जा रहे पहले टेस्ट में भारतीय ओपनर केएल राहुल ने अपने टेस्ट करियर का बड़ा माइलस्टोन हासिल किया। शनिवार को खेले गए मैच में राहुल ने 4,000 रन का आंकड़ा पार किया। इस उपलब्धि के साथ वे टेस्ट क्रिकेट में भारत के भरोसेमंद बल्लेबाजों में एक और नाम जोड़ने में सफल रहे। इस दिन राहुल ने 119 गेंदों में 39 रन बनाए, जिसमें चार चौके और एक छक्का शामिल रहा। हालांकि वे इस अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में तब्दील नहीं कर पाए, लेकिन अपने करियर के इस मुकाम को पार करना उनके लिए खास रहा। अब तक राहुल ने 66 टेस्ट मैचों में 115 पारियों में 4,024 रन बनाए हैं, उनका औसत 36.58 है और सर्वश्रेष्ठ स्कोर 199 रन का रहा है। इसके अलावा उन्होंने 11 शतक और 20 अर्धशतक भी लगाए हैं। राहुल के लिए यह साल शानदार रहा है। 2025 में उन्होंने 9 टेस्ट मैचों में 784 रन बनाए, जिसमें तीन शतक और तीन अर्धशतक शामिल हैं। इस दौरान उनका औसत 52.26 रहा और सर्वश्रेष्ठ पारी 137 रन की रही। इंग्लैंड में पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में उन्होंने 532 रन बनाए और दो शतक जमाए। अहमदाबाद टेस्ट में उन्होंने 9 साल बाद घरेलू मैदान पर शतक भी लगाया, जो 2016 के बाद भारत में उनका पहला टेस्ट शतक था। डे-2 के लंच तक भारत की पारी 138/4 पर पहुंची, जिसमें कप्तान शुभमन गिल भी गर्दन में दर्द के कारण रिटायर्ड हर्ट होकर वापस लौट गए। टीम के लिए यह दिन कुछ चिंता के साथ उत्साह का भी रहा, क्योंकि राहुल का माइलस्टोन और भारतीय गेंदबाजों का आक्रामक प्रदर्शन दोनों ही मैच की दिशा तय कर सकते हैं। इस प्रदर्शन के साथ केएल राहुल ने न केवल व्यक्तिगत रूप से बड़ा माइलस्टोन छुआ, बल्कि भारतीय टीम को टेस्ट मैच में मजबूत स्थिति में बनाए रखने में भी अहम योगदान दिया। फैंस और विशेषज्ञ अब उनके अगले शॉट्स और पारी को लेकर उत्साहित नजर आ रहे हैं।

# ऋषभ पंत बने भारत के नए सिक्सर किंग, टेस्ट में तोड़ा वीरेंद्र सहवाग का रिकॉर्ड

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टीम इंडिया के विस्फोटक विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत ने कोलकाता टेस्ट में एक नया इतिहास रच दिया है। साउथ अफ्रीका के खिलाफ खेलते हुए पंत ने केशव महाराज की गेंद पर लंबा छक्का लगाते हुए भारत के लिए टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। इससे पहले यह रिकॉर्ड वीरेंद्र सहवाग के पास था, जिन्होंने अपने करियर में कुल 90 छक्के जड़े थे। ऋषभ पंत ने इंग्लैंड दौरे पर सहवाग की बराबरी कर ली थी, लेकिन अब उन्होंने यह रिकॉर्ड पार कर दिया। इस तरह 91 छक्कों के साथ पंत टेस्ट क्रिकेट में भारत के नए ÷सिक्सर किंग÷ बन गए हैं। इस उपलब्धि के साथ पंत ने रोहित शर्मा और एमएस धोनी जैसे दिग्गज बल्लेबाजों को भी पीछे छोड़ दिया है।

**भारत के लिए टेस्ट मैचों में सर्वाधिक छक्के लगाने वाले टॉप-5 बल्लेबाजों की सूची इस प्रकार है**

- 91 - ऋषभ पंत
- 90 - वीरेंद्र सहवाग
- 88 - रोहित शर्मा
- 80 - रवींद्र जडेजा
- 78 - एमएस धोनी

पंत ने यह रिकॉर्ड मैच के 38वें ओवर में हासिल किया। केशव महाराज की तीसरी गेंद पर चौका लगाने के बाद उन्होंने अगली



गेंद पर मिड ऑफ की दिशा में शानदार छक्का लगाया। उनके इस बेखौफ और आक्रामक अंदाज ने दर्शकों और क्रिकेट फैंस को रोमांचित कर दिया। ऋषभ पंत की बल्लेबाजी का यह अंदाज उन्हें टेस्ट क्रिकेट में अलग पहचान दिलाता है। वे न केवल तेज रन बनाने में माहिर हैं, बल्कि टीम के लिए जरूरी मौके पर बड़े शॉट खेलने से भी नहीं हिचकिचाते। उनका यह रिकॉर्ड भारतीय क्रिकेट में नया अध्याय जोड़ता है और आने वाले समय में युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा।

इस प्रदर्शन के साथ पंत ने अपने करियर को और ऊँचाई दी है और साबित कर दिया है कि वे केवल विकेटकीपर नहीं, बल्कि टेस्ट क्रिकेट में भी आक्रामक बल्लेबाज के रूप में अपनी अलग पहचान बना चुके हैं। फैंस और विशेषज्ञ अब उनके खेल पर और ध्यान दे रहे हैं और पंत की अगली उपलब्धियों को लेकर उत्साहित हैं।

# क्रिकेट और पुलिस दोनों की जर्सी का अपना अलग सम्मान : दीप्ति शर्मा

**–महिला विश्व कप विजेता दीप्ति शर्मा का लखनऊ में भव्य स्वागत**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** महिला क्रिकेट विश्व कप में शानदार प्रदर्शन कर टीम इंडिया को ऐतिहासिक जीत दिलाने वाली ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा का कल लखनऊ में भव्य स्वागत किया गया। उत्तर प्रदेश पुलिस में डीएसपी के पद पर तैनात दीप्ति शर्मा को पुलिस मुख्यालय में डीजीपी राजीव कृष्ण ने सम्मानित किया। इस अवसर पर दीप्ति डीएसपी की यूनिफॉर्म में दिखाई दीं, जिन्होंने खेल और पुलिस सेवा दोनों में अपनी उपलब्धियों का प्रतिनिधित्व किया। दीप्ति शर्मा ने विश्व कप के दौरान अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि टीम ने कई उतार-चढ़ाव देखे, लेकिन खिलाड़ियों ने मिलकर मजबूत वापसी की। उन्होंने कहा, 'तीन मैच हमने जरूर हारे, लेकिन टीम इंडिया हमेशा मजबूती से वापसी करती है। हमने पीछे मुड़कर नहीं देखा और एकजुट होकर खेला। चार साल बाद आने वाला वर्ल्ड कप एक खास अवसर होता है और हमने अपनी पूरी क्षमता के साथ खेला।'

सेमीफाइनल में सात बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को हराने के पल को याद करते हुए दीप्ति ने कहा कि टीम को भरोसा था कि अगर वह अपना सर्वश्रेष्ठ खेलेंगे तो जीत हासिल की जा सकती है। उन्होंने कहा कि ट्रॉफी उठाने और टीम का हिस्सा बनने का अनुभव बेहद खास और गर्व की बात थी। ऑलराउंडर के रूप में योगदान करना उनके लिए और भी संतोषजनक रहा।

दीप्ति ने प्रधानमंत्री से मुलाकात का अनुभव भी साझा किया और बताया कि प्रधानमंत्री ने उन्हें समय दिया और प्रोत्साहित किया। उन्होंने युवा खिलाड़ियों और बच्चियों के लिए संदेश दिया कि अपने लक्ष्य को चुनें और उसके प्रति समर्पित रहें। उन्होंने कहा कि परिवार का समर्थन इस सफर में अहम है और वे चाहती हैं कि ज्यादा से ज्यादा बच्चियों को खेलों में प्रोत्साहन मिले।

समारोह में दीप्ति ने दोनों जर्सी क्रिकेट की और पुलिस की का महत्व बताते हुए कहा कि दोनों का अपना अलग सम्मान है। उन्होंने यूपी में खेलों को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का भी धन्यवाद किया। दीप्ति ने कहा कि मुख्यमंत्री की नीति से खिलाड़ियों को न केवल खेलों में बल्कि करियर के अवसरों में भी समर्थन मिलता है।

डीजीपी राजीव कृष्ण ने दीप्ति की प्रतिभा, अनुशासन और ऊर्जावान अंदाज की तारीफ की और कहा कि वह प्रदेश और यूपी पुलिस के लिए गर्व का विषय हैं। उन्होंने बताया कि पिछले वर्षों में कई अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी यूपी पुलिस की नीति के तहत शामिल हुए और दीप्ति शर्मा भी इसी प्रेरणा का परिणाम हैं। दीप्ति के इस सम्मान समारोह ने राज्य में खेलों और खिलाड़ियों के समर्थन को लेकर सकारात्मक संदेश दिया।

# शुभमन गिल की चोट ने बढ़ाई टीम इंडिया की चिंता, गर्दन में मोच के कारण छोड़ना पड़ा मैदान

नई दिल्ली (एजेंसी)। कोलकाता के ऐतिहासिक ईडन गार्डन्स में इंडिया और साउथ अफ्रीका के बीच खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन टीम इंडिया और उनके फैंस की चिंता बढ़ गई, जब कप्तान शुभमन गिल चोट के कारण मैदान छोड़ने को मजबूर हो गए। शुभमन गिल को बल्लेबाजी के दौरान गर्दन में मोच लगी, जिसके कारण वे आगे बैटिंग जारी नहीं रख सके। फिलहाल बीसीसीआई ने गिल की चोट की गंभीरता के बारे में कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी है, लेकिन मैदान पर दिखाई देने वाला दर्द काफी गंभीर प्रतीत हुआ। शुभमन गिल की चोट भारतीय पारी के 35वें ओवर में लगी। साउथ अफ्रीका के गेंदबाज साइमन हार्मर ने इस ओवर में वॉशिंगटन सुंदर को आउट किया। इसके बाद गिल बैटिंग करने आए और उन्होंने पहले दो गेंदों को अच्छे से डिफेंड किया। तीसरी गेंद पर उन्होंने लेग साइड में स्वीप खेला और बैकवर्ड स्क्वॉयर लेग की दिशा में चार रन जोड़े। लेकिन इस शॉट को खेलने के तुरंत बाद जब वे उठे तो उनकी गर्दन में अचानक तेज दर्द महसूस हुआ। गिल का यह दर्द इतना असहनीय था कि उनका चेहरा ही इसे दर्शा रहा था और वे अपनी गर्दन तक हिला नहीं पा रहे थे। मैदान पर फिजियो तुरंत मौजूद हुए और गिल ने चोट दिखाते हुए कुछ देर आराम किया। हालांकि, स्थिति यह हो गई कि उन्होंने आगे बल्लेबाजी जारी रखने में असमर्थता जताई और अंतत: मैदान छोड़ने का फैसला किया। गिल के मैदान से बाहर जाने के बाद भारतीय टीम को बड़ा झटका लगा, क्योंकि कप्तान की चोट किसी भी स्थिति में टीम के लिए चिंता का विषय बन सकती है।

# रवींद्र जडेजा ने अपने नाम दर्ज की एक और ऐतिहासिक उपलब्धि

मुंबई। टीम इंडिया के भरोसेमंद ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने फिर साबित किया हैं कि वह आधुनिक क्रिकेट के सबसे बड़े मैच-विनर्स में शामिल हैं। ईडन गार्डन में खेले जा रहे भारत-साउथ अफ्रीका पहले टेस्ट के दौरान जडेजा ने अपने करियर में एक और ऐतिहासिक उपलब्धि जोड़ ली। जडेजा ने टेस्ट क्रिकेट में 4,000 रन पूरे करते ही उस एलीट क्लब में प्रवेश पा लिया हैं, जिसमें सिर्फ तीन दिग्गज शामिल इयान बॉथम, कपिल देव और डेनियल वेटोरी। अब इस क्लब में चौथे सदस्य रवींद्र जडेजा बन गए है। जडेजा ने कारनामा 87 टेस्ट में पूरा किया। यह बॉथम के बाद दूसरा सबसे तेज प्रदर्शन है। जडेजा की रन मशीन में अब 6 शतक और 27 अर्धशतक शामिल हैं। स्लिप, पॉइंट और शॉर्ट कवर पर उनकी बिजली सी फुर्ती मैच को पलट देने की क्षमता रखती है। विकेटों के बीच उनकी तेज दौड़ और रनिंग बिटवीन विकेट्स भी उन्हें तीनों पहलुओं में मैच-विनर बनाती है। अक्सर एशियाई पिचों के स्पिनर माने जाने वाले जडेजा ने विदेशों में भी शानदार प्रदर्शन किया है— इंग्लैंड में 2022 की सेंचुरी, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और साउथ अफ्रीका में मैच-विनिंग स्पेल, जिससे साबित होता है कि वह सिर्फ होम ट्रैक स्टार नहीं, बल्कि एक ग्लोबल टेस्ट चैंपियन हैं। जडेजा अपनी फिटनेस, कंसिस्टेंसी और बैट-बॉल दोनों से योगदान देकर टीम इंडिया की 'बैलेंस की रीढ़' हैं। उनके आने से ही भारत 5 बॉलर कॉम्बिनेशन आराम से खिलाता है।



# युवा क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी बना राइजिंग स्टार्स का हीरो



नई दिल्ली। एशिया कप राइजिंग स्टार्स में इंडिया-ए की ओर से खेलते हुए समस्तीपुर के 14 वर्षीय क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी ने अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी से पूरे देश का ध्यान खींच लिया है। महज 14 साल की उम्र में 42 गेंदों पर 144 रन बनाने का कारनामा किसी भी युवा खिलाड़ी के लिए आसान नहीं होता, लेकिन वैभव ने इसे कर दिखाया। अपनी पारी में उन्होंने 15 छक्के और 11 चौके जड़े और यूएई के गेंदबाजों को पूरी तरह मात दी। इससे पहले, आईपीएल 2025 में राजस्थान रॉयल्स की ओर से खेलते हुए उन्होंने गुजरात के खिलाफ 35 गेंद में शतक लगाकर भी अपने हुनर का प्रदर्शन किया था। वैभव की यह सफलता न सिर्फ उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि समस्तीपुर जिले के लिए भी गर्व की बात बन गई है। उनकी इस असाधारण पारी के बाद समस्तीपुर में उत्साह का माहौल है। स्थानीय लोग वैभव को केवल एक क्रिकेटर नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा मान रहे हैं। जिले के युवा खिलाड़ी इस उपलब्धि से बेहद प्रभावित हैं और कहते हैं कि अपने ही जिले का बच्चा अंतरराष्ट्रीय मंच पर नाम कमा रहा है, यह गर्व और प्रेरणा का कारण है। वैभव की सफलता ने खेल के प्रति बच्चों में रुचि और जोश दोनों बढ़ा दिया है। स्थानीय खिलाड़ियों का कहना है कि वैभव का प्रदर्शन सिर्फ रन बनाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह संदेश भी देता है कि मेहनत और समर्पण से कुछ भी हासिल किया जा सकता है। युवा खिलाड़ी अमन कुमार ने कहा कि 144 रन किसी भी क्रिकेटर का मनोबल बढ़ाने वाला रिकॉर्ड है। वहीं, विकाश कुमार ने वैभव की विस्फोटक बल्लेबाजी और धैर्य की तारीफ करते हुए कहा कि इतने कम समय में इतनी बड़ी उपलब्धि हासिल करना किसी भी खिलाड़ी के लिए आसान नहीं होता।

# क्रोएशिया ने विश्व कप में बनाई जगह

**रिजेका (एजेंसी)।** क्रोएशिया ने विश्व कप क्वालीफायर के नौवें दौर में फरो आइलैंड्स को 3-1 से हराकर जीत दर्ज की। इस जीत के साथ क्रोएशिया ने 2026 विश्व कप के लिए अपनी जगह पक्की कर ली है। मैच के 16वें मिनट फरो आइलैंड्स ने मुकाबले में बढ़त हासिल कर ली थी। गेजा डेविड तुरी ने मिडफील्ड में ब्रेक का फायदा उठाते हुए एक तेज शॉट लगाया, जो क्रोएशिया के गोलकीपर के पास से निकल गया। हालांकि, क्रोएशिया ने परिपक्वता और सटीकता के साथ कुछ ही देर में इस गोल का जवाब दिया। सात मिनट बाद, डिफेंडर जोस्को ग्वार्डिओल ने कोने में शॉट मारकर मैच 1-1 की बराबरी पर ला दिया। 23वें मिनट तक मुकाबला 1-1 से बराबरी पर था।

यहां से क्रोएशिया ने मिडफील्ड में खेल पर नियंत्रण बनाए रखा। मुकाबले के 57वें मिनट जोसिप स्टैनिसिक ने दाईं ओर से आगे बढ़कर पेटार मूसा को एक शानदार पास दिया। मूसा ने चतुराई से गेंद पर नियंत्रण बनाए रखा और गोलकीपर के ऊपर से शॉट लगाया। इसी के साथ क्रोएशिया ने 2-1 से बढ़त हासिल कर ली। यह साल 2023 के बाद उनका पहला अंतरराष्ट्रीय गोल था।




मैच के दूसरे हाफ के बीच में ही उस वक्त मैच का निर्णायक मोड़ आ गया, जब इवान पेरिसिक ने बाईं ओर से एक कर्लिंग क्रॉस दिया, जिसे निकोला व्लासिक ने एक नियंत्रित साइड-फुट फिनिश के साथ गोलपोस्ट के अंदर पहुंचाया और 3-1 से जीत सुनिश्चित की। इस जीत के साथ क्रोएशिया ग्रुप एल में शीर्ष पर पहुंच गया है। टीम के पास एक मैच शेष है। फरो आइलैंड्स अपने सभी 8 मैच खेल चुका है। यह टीम दौड़ से बाहर है।

ग्रुप एल के दूसरे मैच में, मोंटेनेग्रो ने जिब्राल्टर को 2-1 से शिकस्त दी। शुरुआत में पिछड़ने के बाद आखिरी पेनाल्टी को गोल में बदलकर टीम ने जीत दर्ज की। जर्मनी ने निक वोल्टेमाडे के दो गोल की मदद से लक्जमबर्ग को 2-0 से हराकर ग्रुप ए में सीधे क्वालीफिकेशन की ओर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है।

# एटीपी फाइनल्स : सेमीफाइनल से पहले बढ़ा रोमांच, फेलिक्स ऑगर-अलियासिम ने अल्काराज को चेतावनी दी



स्पोर्ट्स डेस्क। फेलिक्स ऑगर-अलियासिम ने एलेक्सेंडर ज़्वेरेव को कड़ी टक्कर देने के बाद ATP फाइनल्स के सेमीफाइनल में जगह बनाई और अब उनका सामना कार्लोस अल्काराज से होगा। जीत के बाद ऑगर-अलियासिम ने साफ किया कि वह स्पेनिश स्टार से डरने वाले नहीं हैं। 25 वर्षीय कनाडाई खिलाड़ी ने मैच के दबाव को शांतिपूर्वक संभाला और निर्णायक समय में सर्व बनाए रखा। मैच के बाद उन्होंने कहा, 'यह टूर्नामेंट बहुत खास हैज फाइनल तक पहुंचने के लिए मुझे महान खिलाड़ी से गुजरना होगाज उनका बहुत सम्मान है, लेकिन मौका मिला तो मैं उसे जाऊंगा।' अब कार्लोस अल्काराज के खिलाफ होने वाला सेमीफाइनल खेल का रोमांच चरम पर होगा। ऑगर-अलियासिम की आत्मविश्वासी वापसी और टॉप खिलाड़ियों के खिलाफ प्रदर्शन ने इस मुकाबले को एक बड़े हेडलाइन मुकाबले में बदल दिया है।

# बाबर आजम ने 807 दिन के शतक के सूखे को तोड़ा, वनडे करियर का 20वां शतक जड़ा




नई दिल्ली। पाकिस्तान के स्टार बल्लेबाज बाबर आजम ने श्रीलंका के खिलाफ दूसरे वनडे में 102 रनों की नाबाद पारी खेलते हुए 807 दिनों के लंबे शतक के सूखे को खत्म कर दिया। यह उनकी इंटरनेशनल क्रिकेट में 83 पारियों के बाद पहली वनडे सेंचुरी थी। इस शतकीय पारी के साथ बाबर आजम ने अपने वनडे करियर का कुल 20वां शतक जड़कर पाकिस्तान के लिए इस फॉर्मेट में सबसे ज्यादा शतक बनाने के मामले में सईद अनवर के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। बाबर आजम को 20 वनडे शतक पूरे करने में 136 पारियों का समय लगा, जिससे वे इस श्रेणी में तीसरे स्थान पर हैं। इसके पहले हाशिम अमला ने 108 पारियों में यह कारनामा किया था, जबकि विराट कोहली ने 133 पारियों में 20 शतक पूरे किए थे। बाबर महज तीन पारियों से कोहली की बराबरी से चूक गए। इस तरह के आंकड़े उन्हें विश्व के बेहतरीन बल्लेबाजों की सूची में प्रमुख स्थान देते हैं। मैच की बात करें तो टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंकाई टीम ने निर्धारित 50 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 288 रन बनाए। जनिथ लियानागे 54 रन बनाकर टीम के उच्चतम स्कोरर रहे, जबकि कामिंदु मेंडिस (44), समरविक्रमा (42) और वानिंदु हसरंगा (37*) ने भी योगदान दिया। पाकिस्तान की ओर से हारिस रऊफ और अबरार अहमद ने 3-3 विकेट चटकाए। 289 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की टीम को फखर जमन (78) और सैम अयूब (33) ने शुरुआती धमाकेदार साझेदारी दी। इसके बाद बाबर आजम ने फखर जमन के साथ 100 रन की साझेदारी और मोहम्मद रिजवान के साथ 112 रनों की नाबाद साझेदारी निभाई। बाबर की आक्रामक और संतुलित पारी के दम पर पाकिस्तान ने 8 विकेट से जीत दर्ज की। उन्होंने अपनी पारी में 8 चौके जड़े और प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड भी जीता। बाबर आजम की इस पारी ने न केवल पाकिस्तान को जीत दिलाई, बल्कि यह उनके करियर की महत्वपूर्ण उपलब्धियों में से एक भी बन गई। लंबे शतक के सूखे को तोड़ना और कम पारियों में 20 वनडे शतक पूरे करना उनकी शानदार तकनीक और मानसिक दृढ़ता का प्रमाण है। पाकिस्तान के फैंस और क्रिकेट विशेषज्ञ अब बाबर को इस फॉर्मेट में और बड़े रिकॉर्ड बनाने के लिए तैयार देख रहे हैं।

# जापान मास्टर्स : सेमीफाइनल में लक्ष्य सेन की हार, भारत का अभियान समाप्त



कुमामोटो (जापान)। भारत के स्टार शटलर लक्ष्य सेन का जापान मास्टर्स सुपर 500 टूर्नामेंट में सफर सेमीफाइनल पर खत्म हो गया। शनिवार को खेले गए मुकाबले में उन्हें मेजबान खिलाड़ी केंटा निशिमोटो ने तीन गेम तक चले कड़े मुकाबले में 19-21, 21-14, 12-21 से हराया। पहले गेम में लक्ष्य ने 8-3 की बढ़त लेकर शानदार शुरुआत की, लेकिन निशिमोटो ने सात लगातार पॉइंट लेकर मैच की गति बदल दी। अंत में नेट पर हुई गलतियों ने भारतीय खिलाड़ी को गेम गंवाने पर मजबूर किया। दूसरे गेम में लक्ष?य ने शानदार वापसी की। 1-5 से पीछे रहने के बाद उन्होंने नियंत्रित रैलियों और धारदार स्मैश के दम पर 21-14 से मैच को निर्णायक गेम तक पहुंचाया। तीसरे गेम में निशिमोटो पूरी तरह हावी दिखे। तेज अटैक और सटीक शॉट्स की मदद से उन्होंने 14-7 की बड़ी बढ़त बना ली। इसके बाद लक्ष्य मैच में लौट नहीं सके और जापानी खिलाड़ी ने 21-12 से जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश कर लिया। इससे पहले लक्ष्य ने क्वार्टरफाइनल में पूर्व विश्व चैंपियन लोह कीन यू को 21-13, 21-17 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। वह टूर्नामेंट में टिके रहने वाले भारत के आखिरी खिलाड़ी थे, क्योंकि एचएस प्रणय दूसरे राउंड में ही बाहर हो गए थे और डबल्स व महिला वर्ग में भारत का सफर बुधवार को ही समाप्त हो गया था।

# आईपीएल2026 से पहले राजस्थान रॉयल्स में वापसी पर बोले जडेजा: ये टीम नहीं, मेरा घर है

**जयपुर (एजेंसी)।** टीम इंडिया के स्टार ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने 2026 IPL सीज़न से पहले राजस्थान रॉयल्स में अपनी शानदार वापसी पर खुशी जताई। उन्होंने कहा कि RR ने ही उन्हें पहला बड़ा मंच और जीत का पहला स्वाद दिया था, इसलिए यहां लौटना उनके लिए 'घर वापस आने जैसा' है।

IPL इतिहास के सबसे बड़े ट्रेडों में से एक में, संजू सैमसन को CSK भेजा गया, जबकि RR को बदले में रवींद्र जडेजा और सैम करन मिले। यह ट्रेड क्रिकेट जगत में बड़ी चर्चा का विषय बना हुआ है।

जडेजा ने टीम की वेबसाइट पर कहा, 'राजस्थान रॉयल्स ने मुझे मेरा पहला प्लेटफॉर्म दिया। यहां लौटना सिर्फ टीम में वापसी नहीं, बल्कि घर वापसी जैसा है। मैंने यहां अपना पहला IPL जीता था और उम्मीद है कि वर्तमान टीम के साथ और भी खिताब जीतूंगा।'

जडेजा 2008 में RR की पहली IPL विजेता टीम का हिस्सा थे। 27 मैचों में उन्होंने 430 रन बनाए और 6 विकेट भी लिए। 19 विश्व कप जीत के बाद यह उनका पहला बड़ा मंच था जिसने उनके करियर की दिशा बदल दी। RR के क्रिकेट डायरेक्टर कुमार संगकारा ने भी जडेजा की वापसी को 'अत्यंत खास' बताया। उन्होंने कहा कि जडेजा का अनुभव, शांत स्वभाव और गेम-चेंजर क्षमता टीम को नई मजबूती देगी। साथ ही सैम करन को 'दबाव में खिलने वाला खिलाड़ी' बताया।

दूसरी ओर, संजू सैमसन अब CSK का हिस्सा होंगे। RR के लिए वह 11 सीज़न खेल चुके हैं और टीम के सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं–155 मैचों में 4,219 रन। 2024 से 2025 के बीच उनकी कप्तानी और प्रदर्शन ने टीम को मजबूती दी, हालांकि पिछले सीज़न में चोट के कारण RR का अभियान डगमगा गया। उधर, जडेजा का CSK करियर भी बेहद शानदार रहा है– CSK के लिए सबसे ज्यादा विकेटः 143, 254 IPL मैच– 2,198 रन, 5 फिफ्टी, 2023 IPL फाइनल के हीरो, जब उनकी आखिरी ओवर की बल्लेबाज़ी ने CSK को खिताब दिलाया। CSK के साथ तीन IPL खिताब भी जीते (2018, 2021, 2023)

सैम करन (64 IPL मैच, 997 रन, 59 विकेट) RR के लिए एक महत्वपूर्ण ऑलराउंड विकल्प होंगे और टीम की संतुलन क्षमता को और मजबूत करेंगे।

2026 IPL से पहले यह ट्रेड न सिर्फ RR और CSK के लिए बड़ा बदलाव है, बल्कि पूरे टूर्नामेंट के गतिशीलता को बदल सकता है। जडेजा की घर वापसी ने फैंस में जबर्दस्त उत्साह भर दिया है।



## आईसीएल फिनकॉर्प का नया एनसीडी इश्यू 17 नवंबर से खुलेगा

**नई दिल्ली** आईसीएल फिनकॉर्प ने अपने नए सुरक्षित रिडीमेबल नॉन-कन्वर्टिबल डिबेंचर (एनसीडी) का सार्वजनिक इश्यू 17 नवंबर को खुलेगा और 28 नवंबर तक खोला जाएगा है। कंपनी के अनुसार यह निवेशकों के लिए एक सुरक्षित और आकर्षक विकल्प है। कंपनी ने बताया कि इस इश्यू से जुटाई गई राशि का उपयोग विकास पहलों और सेवाओं की गुणवत्ता बढ़ाने में किया जाएगा। आईसीएल फिनकॉर्प पिछले 34 वर्षों से वित्तीय सेवाओं में सक्रिय है और 10 राज्यों में अपनी उपस्थिति दर्ज कर चुकी है। कंपनी गोल्ड लोन, हायर परचेज लोन और बिजनेस लोन जैसी सेवाएं प्रदान करती है। हाल ही में उसने बीएसई-सूचीबद्ध एनबीएफसी सलेम इरोड इन्वेस्टमेंट्स का अधिग्रहण किया। समूह यात्रा, फैशन, डायग्नोस्टिक्स और धर्मार्थ कार्यों में भी सक्रिय है और भारतीय रिजर्व बैंक के मानकों का पालन करता है।

## एसबीआई बंद कर रहा एमकेश सेवा, डिजिटल विकल्पों पर जोर




**मुंबई** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) अपनी एमकेश सेवा बंद कर रहा है। एमकेश फीचर ग्राहकों को मोबाइल नंबर या ईमेल से तुरंत पैसे भेजने की सुविधा देता था। इसके तहत प्राप्तकर्ता को एक सुरक्षित लिंक और आठ अंकों का पासकोड मिलता था, जिससे राशि किसी भी बैंक खाते में ट्रांसफर की जा सकती थी। यह सुविधा छोटे और त्वरित लेनदेन के लिए बेहद उपयोगी मानी जाती थी। एसबीआई ने घोषणा की है कि 30 नवंबर के बाद एमकेश सेवा बंद हो जाएगी। बैंक का कहना है कि यह पुरानी तकनीक पर आधारित थी, जबकि आज के डिजिटल विकल्प जैसे यूपीआई, आईएमपीएस, एनईएफटी और आरटीजीएस ज्यादा तेज़, सुरक्षित और भरोसेमंद हैं।

## मारुति ने ग्रेंड विटारा एसयूवी की 39,000 से ज्यादा गाड़ियां वापस बुलाई

### रिकॉल का मुख्य कारण स्पीडोमीटर असेंबली में संभावित तकनीकी दोष

**मुंबई** देश की प्रमुख ऑटोमोबाइल कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड ने अपनी लोकप्रिय मिड-साइज एसयूवी ग्रेंड विटारा की लगभग 39,506 यूनिट्स को रिकॉल करने का निर्णय लिया है। कंपनी ने बताया कि ये वाहन 9 दिसंबर 2024 से 29 अप्रैल 2025 के बीच बनाए हुए थे। रिकॉल का मुख्य कारण स्पीडोमीटर असेंबली में संभावित तकनीकी दोष है, जिसके चलते फ्यूल लेवल इंडिकेटर और चेतावनी लाइट सही ढंग से काम नहीं कर पा रही हैं। मारुति सुजुकी का कहना है कि प्रभावित ग्राहकों से कंपनी सीधे संपर्क करेगी और उन्हें अपने अधिकृत सर्विस सेंटर पर वाहन लाने के लिए निर्देश दिया जाएगा। जांच के दौरान यदि समस्या पाई जाती है, तो स्पीडोमीटर पार्ट को मुफ्त में बदल दिया जाएगा। इस पूरी प्रक्रिया के दौरान ग्राहकों से कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। ग्रेंड विटारा ने बिक्री के मामले में शानदार प्रदर्शन किया है। लॉन्च के सिर्फ 32 महीनों में इसने 3 लाख यूनिट्स की बिक्री को पार कर लिया, जो इसे मारुति की सबसे तेजी से बिकने वाली मिड-साइज एसयूवी बनाता है।

## आईसीएल फिनकॉर्प का नया एनसीडी इश्यू 17 नवंबर से खुलेगा


**नई दिल्ली** आईसीएल फिनकॉर्प ने अपने नए सुरक्षित रिडीमेबल नॉन-कन्वर्टिबल डिबेंचर (एनसीडी) का सार्वजनिक इश्यू 17 नवंबर को खुलेगा और 28 नवंबर तक खोला जाएगा है। कंपनी के अनुसार यह निवेशकों के लिए एक सुरक्षित और आकर्षक विकल्प है। कंपनी ने बताया कि इस इश्यू से जुटाई गई राशि का उपयोग विकास पहलों और सेवाओं की गुणवत्ता बढ़ाने में किया जाएगा। आईसीएल फिनकॉर्प पिछले 34 वर्षों से वित्तीय सेवाओं में सक्रिय है और 10 राज्यों में अपनी उपस्थिति दर्ज कर चुकी है। कंपनी गोल्ड लोन, हायर परचेज लोन और बिजनेस लोन जैसी सेवाएं प्रदान करती है। हाल ही में उसने बीएसई-सूचीबद्ध एनबीएफसी सलेम इरोड इन्वेस्टमेंट्स का अधिग्रहण किया। समूह यात्रा, फैशन, डायग्नोस्टिक्स और धर्मार्थ कार्यों में भी सक्रिय है और भारतीय रिजर्व बैंक के मानकों का पालन करता है।

# पूर्वोत्तर को बुनियादी ढांचे, निवेश, कौशल विकास में मिल रही प्राथमिकताःसीतारमण

### पूर्वोत्तर में राजमार्गों, हवाई अड्डों, डिजिटल नेटवर्क और लॉजिस्टिक्स में हो रहा है तेजी से सुधार

**कोहिमा**

केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने कोहिमा स्थित राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईईएलआईटी) में छात्रों और युवा पेशेवरों से बातचीत के दौरान कहा कि केंद्र सरकार पूर्वोत्तर क्षेत्र को बुनियादी ढांचा, निवेश, कौशल विकास और डिजिटल विस्तार के मामले में सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने बताया कि 'एक्ट ईस्ट' नीति के तहत इस क्षेत्र को विकास, निवेश और कौशल में केंद्र में रखा गया है। मंत्री ने कहा कि पूर्वोत्तर में राजमार्गों, हवाई अड्डों, डिजिटल नेटवर्क और लॉजिस्टिक्स में तेजी से सुधार हो रहा है। उन्होंने डिजिटल क्षमताओं में वृद्धि को भी रेखांकित किया और छात्रों की एआई व रोबोटिक्स जैसी उभरती तकनीकों में रुचि की सराहना की। उन्होंने क्षेत्र की दक्षिण-पूर्व एशिया के साथ बेहतर जुड़ाव में अहम भूमिका पर भी प्रकाश डाला। महिलाओं के वित्तीय सशक्तिकरण पर सवाल के जवाब में सीतारमण ने कहा कि



भारतीय महिलाएं पारंपरिक रूप से घरेलू वित्त का प्रबंधन करती रही हैं, और अब आधुनिक अवसर उन्हें मजबूत आर्थिक स्वतंत्रता देते हैं। उन्होंने युवाओं को पैसे का नियंत्रण और प्रबंधन करने की सलाह दी। इसके अलावा, महिला उद्यमियों के लिए जमानत मुक्त ऋण, उच्च ब्याज दर वाले बचत खाते और पीएम वात्सल्य जैसी योजनाओं का परिचय दिया।

## इंडिगो और अकासा 25 से नवी मुंबई हवाई अड्डे से उड़ानें शुरू करेंगी



**मुंबई** इंडिगो ने घोषणा की है कि वह 25 दिसंबर से नवनिर्मित नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (एनएमआईए) से उड़ान संचालन शुरू करेगी। प्रारंभ में एयरलाइन 10 शहरों–दिल्ली, बेंगलुरु, हैदराबाद, अहमदाबाद, लखनऊ, उत्तरी गोवा (मोपा), जयपुर, नागपुर, कोचीन और मैंगलोर को जोड़ेगी। इंडिगो ने यह भी कहा कि भविष्य में मुंबई महानगर क्षेत्र के दूसरे हवाई अड्डे से परिचालन का विस्तार और अन्य गंतव्यों को जोड़ा जाएगा। एनएमआईए 1,160 हेक्टेयर में फैला है और इसके पहले चरण में एक टर्मिनल और एक रनवे शामिल हैं। हवाई अड्डे की वार्षिक यात्री क्षमता दो करोड़ है और इसे 19,650 करोड़ रुपये की लागत से बनाया गया। इसका उद्घाटन 8 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया। वहीं अकासा एयर भी 25 दिसंबर से एनएमआईए से चरणबद्ध तरीके से परिचालन शुरू करेगी। इसकी पहली उड़ान दिल्ली से होगी, जबकि कुछ दिनों में गोवा, कोच्चि और अहमदाबाद के लिए सेवाएं शुरू होंगी।

## कोटक महिंद्रा बैंक 21 नवंबर को शेयर विभाजन पर करेगा चर्चा




### बोर्ड बैठक में शेयरों के अंकित मूल्य में बदलाव के प्रस्ताव पर होगा विचार

**नई दिल्ली** निजी क्षेत्र के प्रमुख ऋणदाता कोटक महिंद्रा बैंक ने घोषणा की है कि उसकी बोर्ड बैठक 21 नवंबर को आयोजित की जाएगी, जिसमें अन्य मुद्दों के साथ-साथ शेयर विभाजन (स्टाक स्पिलिट) के प्रस्ताव पर भी विचार किया जाएगा। बैंक ने शेयर बाजार को दी गई सूचना में बताया कि फिलहाल उसके शेयरों का अंकित मूल्य 5 रुपये प्रति शेयर है और बैठक में इस संरचना में बदलाव को लेकर चर्चा होगी। बैंक ने इससे पहले सितंबर 2010 में शेयर विभाजन किया था, जब शेयर का अंकित मूल्य 10 रुपये से घटाकर 5 रुपये किया गया था। आम तौर पर शेयर विभाजन के बाद शेयरों का अंकित मूल्य कम हो जाता है, जिससे निवेशक के पास शेयरों की संख्या बढ़ जाती है। हालांकि कुल निवेश की कुल कीमत पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता, क्योंकि बाजार मूल्य भी उसी अनुपात में कम हो जाता है। वित्तीय प्रदर्शन की बात करें तो चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) में बैंक का समेकित शुद्ध लाभ 11.4 फीसदी घटकर 4,468.27 करोड़ रुपये रह गया। पिछले वर्ष की समान अवधि में बैंक ने 5,044.05 करोड़ रुपये का लाभ दर्ज किया था।

# सेंसेक्स और निफ्टी ने उतार-चढ़ावों के बावजूद मजबूती बनाए रखी

### वैश्विक संकेत और विदेशी पूंजी प्रवाह ने शेयर बाजार पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाला

**मुंबई**

पिछले हफ्ते भारतीय शेयर बाजार उतार-चढ़ाव देखा गया। सप्ताह की शुरुआत कुछ नकारात्मक सत्रों के बाद तेजी के साथ हुई, लेकिन वैश्विक और घरेलू घटनाओं ने बाजार की चाल को लगातार प्रभावित किया। टैरिफ युद्ध, जियोपॉलिटिकल तनाव और सुस्त अर्निंग ग्रोथ जैसी चिंताओं के बावजूद, एशियाई बाजारों में सकारात्मक रुख और ब्लू-चिप शेयरों में लिवाली ने बाजार को मजबूती दी।

सोमवार को सेंसेक्स 267.74 अंक बढ़कर 83,484.02 पर खुला और अंत में 83,535.35 पर बंद हुआ। निफ्टी ने भी 84.90 अंक की बढ़त के साथ 25,577.20 पर खुलकर 25,574.35 पर बंद किया। विशेषज्ञों ने कहा कि ताजा विदेशी पूंजी प्रवाह ने निवेशकों के मनोबल को मजबूती दी। मंगलवार को शुरुआत में सेंसेक्स और निफ्टी गिरावट के साथ खुले, लेकिन अंत में तेजी लौट आई। सेंसेक्स ने 335.97 अंक की तेजी के साथ 83,871.32 पर और निफ्टी ने 120.60 अंक की बढ़त के साथ 25,694.95 पर सप्ताह का मध्यवर्ती कारोबार समाप्त किया। इस दिन बड़ी कंपनियों के शेयरों में खरीदारी ने बाजार को समर्थन दिया। बुधवार को मजबूत वैश्विक संकेतों के बीच बाजार ने शानदार प्रदर्शन किया। सेंसेक्स 595.19 अंक की बढ़त के साथ 84,466.51 पर और निफ्टी 180.85 अंक की उछाल के साथ 25,875.80 पर बंद हुआ। रिलायंस इंडस्ट्रीज, इंफोसिस और भारती एयरटेल




जैसी प्रमुख कंपनियों में लिवाली ने इस तेजी में अहम भूमिका निभाई। गुरुवार और शुक्रवार को बाजार में अस्थिरता दिखी। गुरुवार को सेंसेक्स 12.16 अंक और निफ्टी 3.35 अंक की मामूली बढ़त के साथ बंद हुए। शुक्रवार को कमजोर वैश्विक संकेतों और बिहार चुनाव से पहले की आशंकाओं के चलते बाजार में शुरुआती गिरावट देखने को मिली, लेकिन अंत में सेंसेक्स 84,562.78 और निफ्टी 25,910.05 पर स्थिर हुआ। सप्ताह के समग्र रुझान को देखें तो बाजार ने कई उतार-चढ़ावों के बावजूद मजबूती बनाए रखी। विदेशी निवेश, ब्लू-चिप शेयरों की खरीदारी और वैश्विक संकेतक बाजार के प्रमुख प्रेरक रहे। निवेशकों को अगले सप्ताह भी वैश्विक घटनाओं और घरेलू कारकों पर नजर बनाए रखने की सलाह दी जा रही है।

# आंध्र प्रदेश का दशकभर में 1 लाख करोड़ डॉलर निवेश जुटाने का लक्ष्य

### निवेश प्रक्रिया आसान बनाने को एस्क्रो प्रणाली लागू करेगी सरकार

**विशाखापत्तनम**

विशाखापत्तनम में आयोजित 30वें सीआईआई साझेदारी सम्मेलन में आंध्र प्रदेश सरकार ने अगले दस वर्षों में एक लाख करोड़ डॉलर का निवेश आकर्षित करने का बड़ा लक्ष्य पेश किया। मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि राज्य निवेशकों के लिए प्रक्रियाओं को सरल करने के लिए एस्क्रो अकाउंट आधारित प्रणाली लागू करने जा रहा है, जिससे उद्योगों को मिलने वाली राशि तुरंत जारी हो सकेगी और लालफीताशाही समाप्त होगी। नायडू के अनुसार जैसे ही कोई निवेश समझौता होता है, एस्क्रो खाता स्वतः बन जाएगा और बैंक के माध्यम से उसी समय फंड जारी हो जाएगा। इसके लिए किसी अफसर या अन्य मध्यस्थ से संपर्क करने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। जरूरत पड़ने पर राज्य सरकार सॉवरिन गारंटी देने पर भी विचार करेगी। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि आंध्र प्रदेश अगले दो वर्षों में देश की पहली ड्रोन टैक्सी सेवा पेश करने जा रहा है। हालांकि परियोजना की विस्तृत जानकारी अभी साझा नहीं की गई है, लेकिन इसे राज्य के नवाचार प्रयासों का अहम हिस्सा बताया गया है। नायडू ने कहा कि बीते 18 महीनों में राज्य को 20 अरब डॉलर की निवेश प्रतिबद्धताएं मिली हैं, जिनसे लगभग 20 लाख रोजगार की संभावना है। सरकार अब



अगले तीन वर्षों में 500 अरब डॉलर निवेश और 50 लाख नए रोजगार पैदा करने के लक्ष्य पर काम कर रही है। दीर्घकालिक दृष्टि के रूप में एक दशक में 1 लाख करोड़ डॉलर निवेश जुटाने की योजना है। उन्होंने बताया कि राज्य में डेटा सेंटरों का बड़ा विस्तार होने वाला है। गूगल पहले ही विशाखापत्तनम में एआई केंद्र के लिए 15 अरब डॉलर की घोषणा कर चुका है। आने वाले दिनों में 4-5 गीगावॉट क्षमता के और डेटा सेंटर स्थापित होने की उम्मीद है। नायडू के अनुसार 1 गीगावॉट डेटा सेंटर के लिए लगभग 6 गीगावॉट बिजली की आवश्यकता होती है, इसलिए राज्य हरित ऊर्जा उत्पादन को बड़े पैमाने पर बढ़ाने पर जोर देगा।

## बॉल कॉरपोरेशन उत्पादन बढ़ाने छह करोड़ डॉलर का निवेश करेगी



**नई दिल्ली** अमेरिकी कंपनी बॉल कॉरपोरेशन, जो पर्यावरण अनुकूल एल्यूमीनियम पैकेजिंग समाधान प्रदान करती है, आंध्र प्रदेश के श्री सिटी स्थित अपने संयंत्र की उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए 6 करोड़ अमेरिकी डॉलर (लगभग 532.5 करोड़ रुपये) का निवेश करेगी। कंपनी ने इस निवेश को एशिया के तेजी से बढ़ते उपभोक्ता बाजार में बढ़ती मांग को पूरा करने और क्षेत्रीय आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करने की अपनी दीर्घकालिक प्रतिबद्धता बताया। बॉल कॉरपोरेशन ने 2024 में महाराष्ट्र के तलोजा स्थित अपनी कैन निर्माण सुविधा में लगभग 5.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर (488 करोड़ रुपये) का निवेश किया था। कंपनी भारतीय बाजार में वृद्धि को समर्थन देने के लिए और निवेश संभावनाओं की तलाश कर रही है। बॉल बेवरेज पैकेजिंग की वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि अधिक से अधिक ब्रांड और उपभोक्ता एल्यूमीनियम पैकेजिंग को अपना रहे हैं। उनका कहना है कि यह निवेश सीधे तौर पर भारतीय पेय कैन बाजार के विकास में मदद करेगा, जो अगले पांच वर्षों में सालाना 10 प्रतिशत से अधिक की दर से बढ़ने की संभावना रखता है।

# केंद्र ने स्वास्थ्य बीमा में सुधार के लिए उठाए कदम

### नेशनल हेल्थ क्लेम एक्सचेंज में तेजी लाने के दिए निर्देश

**नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने इंश्योरेंस कंपनियों और अस्पतालों से नेशनल हेल्थ क्लेम एक्सचेंज (एनएचसीई) में तेजी से शामिल होने को कहा है।

यह कदम स्वास्थ्य सेवाओं को किफायती और सभी के लिए सुलभ बनाने के उद्देश्य से उठाया गया है। वित्तीय सेवा विभाग के सचिव एम. नागराजू ने हाल ही में आयोजित बैठक में इस दिशा में आवश्यक कदम उठाने पर जोर दिया। बैठक में स्टैंडर्ड ट्रीटमेंट प्रोटोकॉल तैयार करने और निर्बाध कैशलेस क्लेम प्रोसेसिंग लागू करने पर चर्चा हुई। सचिव ने कहा कि सभी इंश्योरेंस कंपनियों के पास स्टैंडर्ड हॉस्पिटल पैनल नियम होने चाहिए, जिससे पॉलिसीहोल्डर्स लगातार कैशलेस इलाज का लाभ उठा सकें। इससे अस्पताल प्रशासन पर दबाव कम होगा और संचालन सरल बनेगा। बैठक में स्वास्थ्य क्षेत्र में बढ़ती मेडिकल महंगाई और प्रीमियम लागत जैसे मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया।

सचिव ने कहा कि लागत नियंत्रण और मानकीकरण के माध्यम से हॉस्पिटल और इंश्योरेंस कंपनियों के बीच सहयोग बढ़ाने की आवश्यकता है, ताकि




पारदर्शिता और दक्षता के साथ पॉलिसीहोल्डर्स को बेहतर मूल्य मिल सके। बैठक में जनरल इंश्योरेंस काउंसिल, एसोसिएशन ऑफ हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स इन इंडिया, मैक्स हेल्थकेयर, फोर्टिस हेल्थकेयर, अपोलो हॉस्पिटल्स के प्रतिनिधि और इंश्योरेंस कंपनियों के प्रमुख शामिल थे। प्रमुख प्रतिभागियों में इंद्रजीत सिंह, डॉ. सुनीता रेड्डी, शिवकुमार पट्टाभिरामन, अभय सोई, डॉ. गिरधर जे. ज्ञानी, कृष्णन रामचंद्रन और अमिताभ जैन शामिल थे।

# आरबीआई ने निर्यातकों के लिए विदेशी मुद्रा नियमों में राहत दी

### निर्यात आय देश में लाने की समय सीमा 9 महीने से बढ़ाकर 15 महीने की

**नई दिल्ली**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने निर्यातकों की सुविधा के लिए अपनी निर्यात आय देश में लाने की समय सीमा 9 महीने से बढ़ाकर 15 महीने कर दी है। यह फैसला अमेरिकी बाजार में बढ़े हुए शुल्क और निर्यातकों की वित्तीय समस्याओं को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। अब निर्यातक अपनी कमाई को अधिक समय तक सुरक्षित रूप से देश में ला सकेंगे। आरबीआई ने अग्रिम भुगतान मिलने पर माल के निर्यात की अवधि भी बढ़ाकर 1 साल से 3 साल कर दी है। इससे निर्यातकों को विदेशी खरीदारों को लंबी क्रेडिट अवधि देने की सुविधा मिलेगी और नकदी का प्रबंधन आसान होगा। इस बदलाव को विदेशी मुद्रा प्रबंधन (वस्तुओं और सेवाओं का निर्यात) (द्वितीय संशोधन)




विनियम, 2025 कहा जाएगा। अगस्त से अमेरिका ने भारत से आने वाले सामानों पर 50 फीसदी का भारी शुल्क लगाया था, जिससे निर्यातकों को चुनौतियों का सामना करना पड़ा। भारतीय निर्यातकों के महासंघ ने आरबीआई के फैसले का स्वागत किया।

# 8वां वेतन आयोग और डिजिटल डेटा संरक्षण नियम लागू




### कर्मचारियों, पेंशनर्स और कंपनियों के लिए बड़े बदलाव

**नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने 28 अक्टूबर को 8वें केंद्रीय वेतन आयोग के टर्म्स ऑफ रेफरेंस (टीओआर) को मंजूरी दे दी है। इस मंजूरी के साथ आयोग अब केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के वेतन, भत्तों और पेंशन लाभों की विस्तृत समीक्षा शुरू करेगा। सामान्यतः हर दस वर्ष में बनने वाले इस आयोग को रिपोर्ट तैयार करने के लिए लगभग 18 महीने मिलते हैं। आयोग के कार्यों में वेतन संरचना, फिटमेंट फैक्टर, एचआरए और टीए जैसे भत्तों में संशोधन, पेंशन फॉर्मूला में बदलाव और आवश्यक हो तो नौकरी वर्गीकरण में सुधार की सिफारिशें शामिल होंगी। सरकार ने इस बार टीओआर में स्पष्ट किया है कि कर्मचारियों की भलाई के साथ-साथ आर्थिक स्थिति, पेंशन बोझ और राज्यों पर पड़ने वाले असर को भी ध्यान में रखा जाएगा।

6ठे और 7वें वेतन आयोग की तरह इस बार भी रिपोर्ट तैयार होने और मंजूरी मिलने में कुल मिलाकर लगभग दो साल लगने की संभावना है। सिफारिशों का सीधा लाभ 47 लाख कर्मचारियों और 69 लाख पेंशनर्स को होगा। विशेषज्ञों का अनुमान है कि आयोग की सिफारिशें लागू होने पर सरकार का सालाना खर्च 2.4-3.2 लाख करोड़ रुपये तक बढ़ सकता है, जो जीडीपी का लगभग 0.6-0.8 फीसदी होगा। हालांकि, इससे उपभोक्ता मांग बढ़ने की उम्मीद भी है। सरकार ने डिजिटल निजी डेटा संरक्षण (डीपीडीपी) अधिनियम के तहत प्रशासनिक नियम अधिसूचित कर दिए हैं। इन नियमों के लागू होने के साथ भारत एक मजबूत डिजिटल गोपनीयता कानून वाले देशों की श्रेणी में शामिल हो गया है। कंपनियों, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों और इंटरनेट सेवाओं को नियमों का पूर्ण पालन करने के लिए 18 महीने का समय दिया गया है, जबकि कंसेंट मैनेजरों को पंजीकरण हेतु 12 महीने मिलेंगे।

# डीपीडीपी एक्ट के नए नियमों से कंसेंट मैनेजर्स की जिम्मेदारियां बढ़ीं



### कंपनियों को 12 महीनों में करना होगा रजिस्ट्रेशन

**नई दिल्ली**

भारत सरकार द्वारा डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन (डीपीडीपी) ऐक्ट के तहत जारी नई एडमिनिस्ट्रेटिव रूल्स से कंसेंट मैनेजर्स की भूमिका और जिम्मेदारियां दोनों तेजी से बढ़ने वाली हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि इन नियमों के लागू होने से कंपनियों और इंटरमीडियरीज को अपने डेटा हैंडलिंग सिस्टम में बड़े बदलाव करने पड़ेंगे, क्योंकि अब कंसेंट मैनेजमेंट को एक औपचारिक और सख्त अनुपालन ढांचे के भीतर लाया जा रहा है। सरकार द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार भारत में रजिस्टर्ड और कम से कम 20 मिलियन रुपये की नेटवर्थ रखने वाली किसी भी कंपनी को अगले 12 महीनों के भीतर कंसेंट मैनेजर के रूप में पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। इन सभी प्लेटफॉर्म्स को डेटा प्रोटेक्शन बोर्ड (डीपीबी) के साथ रजिस्टर्ड होना होगा और बोर्ड द्वारा समय-समय पर निर्धारित सभी दिशानिर्देशों का पालन करना पड़ेगा। नियमों के मुताबिक, कंसेंट मैनेजर्स को यूजर द्वारा दी गई, नकार दी गई या वापस ली गई हर सहमति का पूरा रिकॉर्ड रखना होगा। साथ ही डेटा फिड्यूशियरी–यानी कंपनियों या ऐप्स–द्वारा भेजे गए नोटिस को भी सुव्यवस्थित रूप में दर्ज करना होगा। प्लेटफॉर्म्स पर यूजर्स को हर समय अपने डेटा तक पहुंच उपलब्ध कराने की सुविधा सुनिश्चित करना भी अनिवार्य कर दिया गया है। इन प्लेटफॉर्म्स को उपयोगकर्ता डेटा से जुड़े रिकॉर्ड कम से कम सात साल तक सुरक्षित रखना होगा। यदि किसी कानून में अधिक समय का प्रावधान हो या यूजर और प्लेटफॉर्म के बीच अलग समझौता हो, तो यह अवधि और बढ़ाई जा सकती है।



# संजय मिश्रा की 'दुर्लभ प्रसाद की दूसरी शादी' का नया पोस्टर जारी

**बॉलीवुड** एक्टर्स संजय मिश्रा और महिमा चौधरी ने संयुक्त रूप से इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट साझा किया है। ये पोस्टर उनकी आगामी फिल्म 'दुर्लभ प्रसाद की दूसरी शादी' का है। इसमें दोनों कलाकार एक-दूसरे की तरफ पीठ करके बैठे हुए हैं और दोनों किताबें पढ़ने में लगे हुए हैं। इस पोस्ट के कैप्शन में लिखा है, 'हो ले जाएंगे ले जाएंगे, दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे। अरे रह जाएंगे रह जाएंगे, पैसेवाले देखते रह जाएंगे।'

**महिमा चौधरी संग अभिनेता का दिखा अनोखा अंदाज**

बॉलीवुड अभिनेता संजय मिश्रा इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'दुर्लभ प्रसाद की दूसरी शादी' से चर्चा में हैं। अभिनेता ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर फिल्म से जुड़ा नया पोस्टर साझा किया है। इसमें वो महिमा चौधरी के साथ रोमांटिक अंदाज में दिख रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने शानदार कैप्शन भी दिया गया है।

**संजय मिश्रा का दिखा अनोखा अंदाज**

# सेट पर परफेक्ट शॉट पाने के लिए करनी पड़ती है बहुत मेहनत: रसिका दुग्गल



**मिर्जापुर** वेब सीरीज में 'बाऊजी' की बहू बीना त्रिपाठी का किरदार निभाने वाली एक्ट्रेस रसिका दुग्गल की एक और दमदार सीरीज 'दिल्ली क्राइम 3' नेटफ्लिक्स पर गुरुवार को स्ट्रीम हो गई। क्राइम और थ्रिलर से भरी इस सीरीज में एक्ट्रेस हुमा कुरैशी भी हैं। इस सीरीज में पुलिस अधिकारी नीतू सिंह का रोल प्ले करने वाली रसिका दुग्गल ने अपने अनुभव को शेयर किया है। रसिका दुग्गल ने बताया कि 'दिल्ली क्राइम 3' के सेट पर उन्होंने फोकस और तकनीक को लेकर बहुत कुछ सीखा। उन्होंने बताया कि कैसे तकनीकी पहलुओं और रचनात्मकता के बीच संतुलन बनाकर एक शॉट को परफेक्ट बनाया जा सकता है। एक्ट्रेस ने कहा कि 'जब मैं किसी सेट पर जाती हूं तो सोचती हूं, 'काश उनके पास कोई बहुत अच्छा फोकस करने वाला हो, जिससे शॉट्स को बेहतरीन बनाया जा सके।' मैं हमेशा सेट पर इस बारे में पूछती थी। उन्होंने एक किस्सा शेयर करते हुए बताया कि मैंने एक शो किया था और आखिरी सीन में मुझे रोना था। अगर वह सीन नहीं चलता तो बाकी किरदार भी नहीं चलते। ये सीन एक ट्रैक शॉट था जिसमें आधे सेकंड के लिए फोकस चला गया था। मुझे उसका एक और टेक लेने के लिए कहा और उन्होंने उसके लिए एक सेफ्टी टेक लिया, क्योंकि पहले वाले में थोड़ी सी गड़बड़ी थी। दूसरा शॉट इतना परफेक्ट नहीं था, लेकिन फिर भी निर्देशक ने पहला वाला ही रखा। इस बात को लेकर डीओपी निर्देशक से नाराज हो गए। उनका कहना था कि तुमने दर्शकों को मेरे काम की घटिया क्वालिटी दिखाई, लेकिन फिर भी वही सीन लिया गया।' कहने का मतलब है कि फोकस और आपसी सहयोग की वजह से शॉट को बेहतरीन बनाया जा सकता है।

# शाहरुख खान की फिल्म 'जब तक है जान' ने पूरे किए 13 साल

यशराज फिल्म्स अक्सर अपनी फिल्मों में प्यार और दिल टूटने के एहसास को बयां करता रहता है। फिल्म 'जब तक हैं जान' इन्हीं में से एक थी। गुरुवार को इस फिल्म ने अपनी रिलीज के 13 साल पूरे कर लिए हैं। इस मौके पर यशराज फिल्म्स ने इंस्टाग्राम पर फिल्म के कुछ पुराने सीन्स की तस्वीरें पोस्ट कीं, जिसके साथ उन्होंने दिल टूटने के एहसास को अपने शब्दों में बयां किया और लिखा, 'यह एक ऐसी कहानी है जिसमें प्यार, दिल टूटने का दर्द और किस्मत सब कुछ शामिल है। जब तक है जान एक ऐसी कहानी लेकर आई थी जिसने हमें हमेशा के लिए सच्चे प्यार पर यकीन करना सिखाया है।' फिल्म 'जब तक है जान' साल 2012 में रिलीज की गई रोमांटिक ड्रामा फिल्म है, जिसका निर्देशन यश चोपड़ा ने किया था और निर्माण आदित्य चोपड़ा ने किया था। फिल्म में मुख्य भूमिका में शाहरुख खान, कैटरीना कैफ और अनुष्का शर्मा नजर आए थे। फिल्म में रोमांस के साथ-साथ लव ट्राएंगल भी दिखाया गया था। फिल्म को भले ही 13 साल पूरे हो गए हैं, लेकिन इसकी कहानी, किरदार और गाने दर्शकों के दिलों में आज भी उसी तरह से बरकरार हैं। फिल्म के गाने 'छल्ला', 'इश्क शावा', 'जियारे', और 'जब तक है जान' आज भी लोगों को बेहद पसंद आते हैं। वहीं, कुछ गानों में शाहरुख और कैटरीना के डांस ने दर्शकों का दिल जीता था और सॉन्ग 'जिया रे' में अनुष्का की परफॉर्मेंस ने दर्शकों को चौंका दिया था। वहीं, अनुष्का की ये 8वीं फिल्म भी थी। फिल्म का म्यूजिक इतना शानदार था कि दर्शकों को ये म्यूजिकल फिल्म लगने लगी थी। फिल्म में जहां अनुष्का ने अकीरा का चुलबुला किरदार निभाया था, जो लंदन में डिस्कवरी चैनल में जॉब पाने की चाह रखती हैं, तो वहीं शाहरुख इंडियन आर्मी ऑफिसर के किरदार में नजर आए थे और कैटरीना ने मीरा नाम की भोली-भाली लड़की का किरदार निभाया था। फिल्म में नीतू सिंह और ऋषि कपूर की गेस्ट परफॉर्मेंस भी देखने को मिली।



**बड़ी फिल्मों के आगे 'आगरा' को शो न मिलने पर मेकर्स ने जताई नाराजगी**

# मनोज बाजपेयी ने किया समर्थन



**फिल्म** फेस्टिवल्स में सराही जाने वाली कनु बहल की फिल्म 'आगरा' को मल्टिप्लेक्स चेन में शो नहीं मिल रहे हैं। इसको लेकर अब मेकर्स ने नाराजगी जताई है और कथित बड़ी फिल्मों को दोषी ठहराया है। हर शुक्रवार की तरह इस बार भी कई फिल्में रिलीज हुई हैं। इन फिल्मों में एक नाम कनु बहल की फिल्म 'आगरा' का भी शामिल है। साल 2023 में कान फिल्म फेस्टिवल में दिखाई गई इस फिल्म को काफी सराहना भी मिली थी। अब 14 नवंबर को यह फिल्म भारत में रिलीज हुई है। यह एक स्वतंत्र फिल्ममेकर की फिल्म है, नतीजा फिल्म का उतना शोर-शराबा नहीं है। लेकिन अब फिल्म के निर्देशक कनु बहल ने 'आगरा' को पर्याप्त स्क्रीन न मिलने की बात कहते हुए बड़ी मल्टीप्लेक्स सिनेमा चेन्स पर तंज कसा है। इसके पीछे उन्होंने कथित बड़ी फिल्मों को कारण बताया है। अब दिग्गज अभिनेता मनोज बाजपेयी ने कनु की इन बातों का समर्थन किया है।


## कनु बहल ने ट्वीट कर जताई नाराजगी

निर्माता कनु बहल ने फिल्म 'आगरा' की रिलीज को लेकर एक ट्वीट किया। इस ट्वीट में कनु ने 'आगरा' पर अपडेट देते हुए लिखा, 'हमें तथाकथित 'बड़ी ब्लॉकबस्टर' फिल्मों और छोटी फिल्मों के मल्टीप्लेक्स चेन प्रोग्रामिंग में फिट न होने के कारण शो देने से मना किया जा रहा है। अब यह आप दर्शकों पर निर्भर है। बोलिए और चेन को टैग कीजिए। कहिए कि आप फिल्म देखना चाहते हैं।' अपने इस ट्वीट में कनु ने किसी फिल्म का नाम तो नहीं लिया है, लेकिन उनका इशारा उन कथित बड़े स्टार्स और बड़े बजट वाली कमर्शियल फिल्मों की ओर ही है। इस हफ्ते भी रिलीज हुई फिल्मों में अजय देवगन और आर माधवन की फिल्म 'दे दे प्यार दे 2' इसी तरह की बड़े बजट और बड़ी स्टार वाली फिल्म है।



# अक्षरा सिंह ने दिखाई नए गाने 'हमार तिरछी नजर' की झलक, रिलीज डेट से उठाया पर्दा

**भोजपुरी** सिनेमा की लोकप्रिय एक्ट्रेस अक्षरा सिंह अपने नए म्यूजिक वीडियो 'हमार तिरछी नजर' के जरिए चर्चा में हैं। सोशल मीडिया पर गाने की झलक साझा कर अक्षरा ने फैंस के बीच उत्साह पैदा कर दिया है। अक्षरा सिंह के इस पोस्ट ने इंटरनेट पर हलचल मचा दी है। वीडियो में वह ग्लैमरस लुक में नजर आ रही हैं। इस लुक को देख हर कोई उनका दीवाना हो रहा है। चमकीले आउटफिट और खुले बालों में उनका यह अवतार बेहद आकर्षक लग रहा है। गाने की झलक में अक्षरा के ठुमके और जबरदस्त डांस मूव्स नजर आ रहे हैं, वहीं बैकग्राउंड में बजते बीट्स लोगों को थिरकने पर मजबूर कर रहे हैं। इंस्टाग्राम पर पोस्ट किए गए वीडियो में उनका स्टाइल और एनर्जी साफ दिखाई दे रही है। पोस्ट की गई ये छोटी सी क्लिप गाने के रिलीज होने से पहले काफी वायरल हो रही है।



# कार्डी बी ने दिया बेटे को जन्म अपने बॉयफ्रेंड स्टीफन डिग्स के साथ किया नन्हें मुन्ने का स्वागत

**अमेरिकी** रैपर कार्डी बी ने अपने चौथे बच्चे, एक बेटे को जन्म दिया है। उन्होंने अपने बॉयफ्रेंड स्टेफन डिग्स के साथ अपने पहले बच्चे का स्वागत किया। कार्डी बी ने अपने जीवन का नया अध्याय शुरू किया है, जिसमें संगीत, प्यार और अब परिवार में एक नन्हा मेहमान भी शामिल हो गया है। 33 साल की रैपर कार्डी बी चार बच्चों की मां बन गई हैं। उन्होंने अपने चौथे बच्चे, एक बेटे, को जन्म दिया है, जिसकी पुष्टि उनके प्रतिनिधि ने की। प्रतिनिधि ने बताया कि कार्डी स्वस्थ और खुश हैं। यह बच्चा उनके प्रेमी, एनएफएल स्टार स्टीफन डिग्स के साथ उनका पहला बच्चा है।

कार्डी बी ने शेयर किया वीडियो कार्डी ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर कर इस खुशखबरी की घोषणा की, जिसमें वह अपने नए एल्बम 'एम आई द ड्रामा?' के गाने 'हैलो' पर लिप-सिंक कर रही थीं। उन्होंने कैप्शन में लिखा कि यह नया दौर उनके लिए चुनौतीपूर्ण लेकिन बहुत खास रहा। इसने उन्हें नया संगीत, नया एल्बम और अब एक नया बच्चा। कार्डी ने कहा कि यह सब उन्हें अपने बच्चों के लिए बेहतर बनने की प्रेरणा देता है। उन्होंने बताया कि अब वह खुद को और मजबूत बनाने पर ध्यान दे रही हैं। वह टूर की तैयारी कर रही हैं, अपने शरीर और दिमाग को संतुलित कर रही हैं और पहले से ज्यादा आत्मविश्वास महसूस कर रही हैं। कार्डी ने कहा, 'मैंने सीखा है, मैं ठीक हूं, और मैं उस महिला से प्यार करती हूं, जो मैं बन गई हूं।

**प्राइवेसी की इज्जत करो...**

# ये शर्मनाक है...



**फेक न्यूज पर भड़के राकेश बेदी**

**अभिनेता** और कमीडियन राकेश बेदी ने सोशल मीडिया पर फेक न्यूज और लोगों की निजता भंग करने पर कड़ा ऐतराज जताया। उन्होंने सोशल मीडिया पर अपलोड वीडियो में न केवल मीडिया, बल्कि फेक न्यूज फैलाने वाले लोगों को भी फटकार लगाई। इंस्टाग्राम पर वीडियो शेयर करते हुए उन्होंने दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र का उल्लेख करते हुए लोगों से अपील की कि बिना पुष्टि के कोई खबर न फैलाएं, खासकर जब बात किसी की निजी जिंदगी और स्वास्थ्य की हो। राकेश बेदी ने अपने वीडियो में कहा, 'दोस्तों, धरम जी के मामले में जो कुछ हुआ, उसे लेकर जो खबरें चल रही हैं, वो पूरी तरह गलत हैं। मुझे बहुत दुख हो रहा है। मीडिया, सोशल मीडिया हो या आम लोग कोई भी बिना सत्यता जांचे खबरें फैला रहा है।

## दबंग टूर पर सलमान खान, कतर में शानदार स्वागत; भाईजान के अलग अंदाज ने लूटी महफिल



इन दिनों सलमान खान दबंग टूर के सिलसिले में कतर गए हैं। कतर में उनका शानदार स्वागत हुआ, जिसके वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हैं। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान सलमान खान का बिल्कुल अलग अंदाज नजर आता है, जिसे देखकर फैंस उनके कायल हो गए। सलमान खान की फैन फॉलोइंग देश ही नहीं विदेशों में भी अच्छी-खासी है। वह जहां जाते हैं, फैंस की भीड़ उन्हें देखने के लिए जमा हो जाती है। हाल ही में सलमान खान कतर पहुंचे। वह अपने दबंग टूर के लिए कतर गए हैं। कतर पहुंचने पर फैंस ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस स्वागत का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। साथ ही भाईजान ने भी अपने फैंस को निराश नहीं किया, एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान उनके अलग अंदाज ने सबका दिल जीत लिया।

वायरल वीडियो में सलमान खान जब फैंस के बीच पहुंचे तो उनका शानदार स्वागत हुआ। कई फैंस के साथ हाथ में भारत का झड़ा था। साथ ही कई लोगों ने उन्हें फूलों का गुलदस्ता भी दिया। सलमान खान भी इस स्वागत से काफी खुश नजर आए। इस पूरे इवेंट में उनकी सुरक्षा में कोई चूक नहीं दिखी। हर पल बॉडीगार्ड शेरा साथ में नजर आया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादक: जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in